# Samyak
An Institute For Civil Services

# करेंट अफेयर्स

## मासिक समसामयिकी

## अगस्त - 2024




### विशेष आकर्षण

- अंतर्राष्ट्रीय घटनाचक्र
- राष्ट्रीय घटनाचक्र
- राजस्थान घटनाचक्र
- रक्षा/विज्ञान प्रौद्योगिकी
- आर्थिक घटनाचक्र
- खेल जगत

**सभी प्रतियोगी परीक्षाओ के लिए उपयोगी**




# INDEX



| | | पेज नं. |
|---|---|---|
| 1 | राजस्थान परिदृश्य | 1 – 12 |
| 2 | राष्ट्रीय परिदृश्य | 13– 15 |
| 3 | आर्थिक परिदृश्य | 16 – 20 |
| 4 | अंतरराष्ट्रीय परिदृश्य | 21 – 26 |
| 5 | विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी | 27 – 31 |
| 6 | खेल | 32 –35 |
| 7 | पुरस्कार एवं सम्मान | 36 – 37 |
| 8 | चर्चित व्यक्तित्व | 38 – 40 |
| 9 | चर्चित स्थल | 41 – 42 |
| 10 | महत्त्वपूर्ण तथ्य | 42 – 47 |
| 11 | रिपोर्ट्स एवं इंडेक्स | 48 – 50 |
| 12 | प्रमुख दिवस एवं सप्ताह | 51 – 52 |



# मासिक करेंट अफेयर्स

## अगस्त : 2024

Near Riddhi-Siddhi Circle, Gopalpura Bypass, Jaipur

# 1 राजस्थान परिदृश्य

## राजस्थान डिजिटल हैल्थ मिशन

- 'राजस्थान डिजिटल हैल्थ मिशन' 14 अगस्त, 2024 को लॉन्च किया गया।
- इसके तहत आभा आईडी बनाने, हैल्थ केयर प्रोफेशनल रजिस्ट्री, हैल्थ केयर फेसिलिटी रजिस्ट्री, IHMS, AI डैशबोर्ड, टेलीकंसलटेशन जैसी अत्याधुनिक सुविधाएँ उपलब्ध कराई जाएँगी।
- इससे चिकित्सा तंत्र ऑनलाइन होगा जिससे सेवा वितरण में सुधार होगा और मरीजों के लिए आवश्यक उपचार प्राप्त करना आसान होगा।
- राजस्थान आभा आईडी बनाने के संदर्भ में देश में 7वें स्थान पर है।
- राजस्थान हैल्थ केयर फैसेलिटी रजिस्ट्री में तीसरे एवं हैल्थ केयर प्रोफेशनल रजिस्ट्री में छठे स्थान पर है।

## MAA (मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य) वाउचर योजना

- यह योजना राज्य स्तर पर 8 अगस्त, 2024 को शुरू की गई।
- इसका उद्देश्य गर्भवती महिलाओं की निःशुल्क सोनोग्राफी करवाने की सुविधा उपलब्ध करवाना है।
- यह योजना 8 मार्च, 2024 को पायलट प्रोजेक्ट के रूप में 3 जिलों-बारां, भरतपुर और फलौदी में शुरू की गई थी।
- इस योजना के तहत राजकीय सोनोग्राफी केन्द्रों के साथ-साथ निजी सोनोग्राफी केन्द्रों पर भी निःशुल्क सोनोग्राफी सेवाओं का लाभ मिलेगा।
- इसमें गर्भवती महिला की दूसरी या तीसरी तिमाही में गर्भकाल के दौरान की एक सोनोग्राफी निःशुल्क करवायी जाएगी।

## मुख्यमंत्री आयुष्मान जीवन रक्षा योजना

- राज्य में 'मुख्यमंत्री आयुष्मान जीवन रक्षा योजना' लागू की गई है।
- वित्त विभाग द्वारा इस योजना हेतु 21 अगस्त, 2024 को दिशा निर्देश जारी किए गए।
- इस योजना की घोषणा राज्य सरकार द्वारा बजट 2024-25 में की गई थी।
- इसका उद्देश्य राज्य में सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मृत्यु दर को कम करना है।
- इस योजना का संचालन चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा किया जाएगा।
- इसके तहत राज्य में सड़क दुर्घटनाओं में गंभीर घायल व्यक्ति को न्यूनतम समय (गोल्डन ऑवर) में राज्य के निकटतम सरकारी एवं निजी चिकित्सा संस्थान तक पहुँचाने वाले व्यक्ति को राज्य सरकार 10,000 रुपये की प्रोत्साहन राशि देने का प्रावधान है।
- किसी व्यक्ति द्वारा सामान्य घायल व्यक्ति को अस्पताल पहुँचाने पर प्रशस्ति-पत्र दिया जाएगा।
- इस योजना का व्यय परिवहन एवं सड़क सुरक्षा विभाग के समर्पित 'सड़क सुरक्षा कोष' द्वारा वहन किया जाएगा।

## जन पोषण केन्द्र

- राजस्थान का पहला 'जन पोषण केन्द्र' जयपुर के शाहपुरा तहसील के नाथावाला गाँव में शुरू किया गया है।
- जयपुर में 15 उचित मूल्य दुकान 'जन पोषण केन्द्र' के लिए चयनित की गई हैं।
- इसका उद्घाटन 20 अगस्त, 2024 को किया गया।
- यह केन्द्र प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना के तहत् स्थापित किया गया है।
- केंद्र सरकार ने उत्तर प्रदेश, गुजरात, राजस्थान और तेलंगाना में 60 उचित मूल्य की दुकानों (FPS) को 'जन पोषण केन्द्र' में बदलने हेतु पायलट परियोजना की शुरुआत 20 अगस्त, 2024 को की।
- उद्देश्य : इस पहल का उद्देश्य उचित मूल्य की दुकानों की आय बढ़ाना, जनता को पोषण के प्रति जागरूक करना और पोषक आहार की उपलब्धता सुनिश्चित करना है।
- इसके तहत उचित मूल्य की दुकानों पर गेहूँ और चावल के साथ-साथ दाल और पोषण युक्त सामग्री भी उपलब्ध होगी।

## राइजिंग राजस्थान इन्वेस्टमेंट समिट- 2024

- राइजिंग राजस्थान' इन्वेस्टमेंट समिट- 2024 9 से 11 दिसंबर तक जयपुर में आयोजित होगी
- इसके नामकरण व लोगो 1 अगस्त 2024 को लॉन्च किया गया।
- इसकी थीम ''REPLETE, RESPONSIBLE, READY'' है।
- इसका लक्ष्य राजस्थान को अगले 5 वर्षों में 350 बिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाना तथा 'विकसित राजस्थान' कार्य योजना को आगे बढ़ाना है
- इस समिट से पहले निवेशकों को आकर्षित करने के लिए देश-विदेश में रोड शो होंगे।
- राइजिंग राजस्थान शिखर सम्मेलन से पहले देश और दुनिया भर के प्रमुख व्यापारिक शहरों में निवेशक सम्मेलनों की एक श्रृंखला और जयपुर में सेक्टर-केंद्रित सम्मेलन आयोजित किए जाएंगे।
- इसमें निम्नलिखित सत्र आयोगित होंगे-
  - राजस्थान अवसर प्रदर्शन
  - रणनीतिक सेक्टर सत्र
  - कंट्री सेशन
  - वन टू वन व्यावसायिक बैठकें

- एमएसएमई सम्मेलन
- स्टार्टअप सम्मेलन
- अनिवासी राजस्थानी शिखर सम्मेलन

- इसके अलावा राजस्थान में 'सिंगल-प्वाइंट निवेशक इंटरफेस' भी लॉन्च किया गया
  - इससे निवेशक सरकार के साथ आसानी से एमओयू कर सकेंगे।
  - इसके तहत निवेशकों के प्रस्तावों को मंजूरी भी ऑनलाइन दी जाएगी।

### राइजिंग राजस्थान इन्वेस्टमेंट समिट से पहले निवेशकों हेतु नई नीतियाँ लागू होगी

- राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट से पहले राज्य सरकार 7 नई नीतियाँ लागू होगी।
  1. राजस्थान डेटा सेंटर पॉलिसी
  2. राजस्थान लॉजिस्टिक पॉलिसी
  3. निजी औद्योगिक पार्क योजना
  4. वन डिस्ट्रिक्ट-वन प्रोडक्ट नीति
  5. एमएसएमई नीति
  6. इंटीग्रेटेड क्लस्टर डवलपमेंट
  7. स्किल, एम्प्लॉयमेंट एंड एंटरप्रेन्योरशिप पॉलिसी
- इन नीतियों में ऐसे प्रावधान किए जाएंगे, जिससे छोटे-बड़े निवेशकों को राज्य में उद्योग स्थापित करने और निवेश करने में आसानी हो।
- इस समिट से पहले देश और विदेश दोनों जगह रोड शो (इनवेस्टर मीट) होंगे, जिसमें इन नीतियों में दी जाने वाली छूट, लाभ के बारे में प्रजेंटेशन दिया जाएगा।
- राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट का पहला रोड शो 30 अगस्त को मुंबई में किया गया तथा राइजिंग राजस्थान वेबसाइट भी लॉन्च की गई।
- आगामी 2 महीने में दिल्ली, हैदराबाद, चेन्नई, जापान, दक्षिण कोरिया, सिंगापुर, यूनाइटेड अरब अमीरात (यूएई), सऊदी अरब, यूनाइटेड किंगडम (यूके) और जर्मनी में भी रोड शो आयोजित किए जाएंगे।

### जिला स्तर पर इन्वेस्टमेंट समिट आयोजित होगी

- दिसंबर 2024 में जयपुर में होने वाले राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट से पूर्व राज्य के हर जिले में इन्वेस्टमेंट समिट आयोजित किए जाएंगे।
- हर जिले में जिला कलक्टर के नेतृत्व में होने वाले इन्वेस्टमेंट समिट में जिला उद्योग एवं रीको के अधिकारियों के सहयोग से निवेश प्रस्ताव तैयार कराए जाएंगे।
- यह इन्वेस्टमेंट समिट 1 अक्टूबर से 10 नवंबर 2024 तक होंगे।
- इनमें राज्य की नई नीतियों, योजनाओं एवं कार्यक्रमों के बारे में उद्यमियों को जानकारी दी जाएगी।
- इन समिट में नए निवेशकों के लिए प्रस्तावित निवेश के संबंध में जिला स्तर पर एमओयू की व्यवस्था की गई है।

### 'हील इन राजस्थान' पॉलिसी

- राजस्थान को मेडिकल टूरिज्म का हब बनाने और इसे प्रोत्साहन देने हेतु 'हील इन राजस्थान' पॉलिसी लायी जाएगी।
- इसका प्रारूप चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा तैयार किया गया है।
- वर्ष 2024 में स्वास्थ्य के क्षेत्र को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए कुल बजट का 8.26% प्रावधान स्वास्थ्य के लिए किया गया है।
- राजस्थान में होलिस्टिक एप्रोच के साथ ऐलोपैथी एवं आयुष चिकित्सा तथा वैलनेस गतिविधियों को प्रोत्साहित किया जा रहा है।

#### राजस्थान में मेडिकल टूरिज्म हेतु किए गए प्रयास

- सवाई मानसिंह अस्पताल में आयुष्मान टॉवर का निर्माण
- दो मेडिसिटी एवं मारवाड़ मेडिकल यूनिवर्सिटी की स्थापना
- हर जिले में मेडिकल कॉलेज एवं नर्सिंग कॉलेज
- टेलीमेडिसिन को प्रोत्साहन

### 'स्वास्थ्य दल आपके द्वार' अभियान

- यह अभियान राजस्थान में 2 सितंबर 2024 को चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा शुरू किया गया।
- इसका उद्देश्य बारिश के दौरान मलेरिया, डेंगू सहित अन्य मौसमी बीमारियों के नियंत्रण, रोकथाम और बचाव करना है।
- इस अभियान के तहत चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग अन्य विभागों के साथ समन्वय स्थापित करते हुए विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गई।
- इस विशेष अभियान का प्रथम चरण 31 अगस्त तक संचालित किया गया।
- इसमें सभी सोर्स रिडक्शन, एंटीलार्वल आदि गतिविधियों की रिपोर्टिंग मरूधर एप के माध्यम से करवायी गई।

### यूनेस्को हेल्थ एंड वेलनेस प्रोग्राम शुरू करेगा

- यह प्रोग्राम केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड और यूनेस्को के संयुक्त तत्वावधान में शुरू किया जाएगा।
- इसके तहत राजस्थान सहित देश भर के स्कूलों में हेल्थ एंड वेलनेस प्रोग्राम शुरू किया जाएगा।
- इसमें किशोरों की शारीरिक समस्याओं और उनके समाधान के लिए स्कूलों में बच्चों में से ही हेल्थ एंबेसडर बनाए जाएंगे।
- इसके पहले चरण में अजमेर सहित देश के 100 स्कूलों को शामिल किया जाएगा।
- इसके लिए नेशनल लेवल पर स्कूल प्रिंसिपल की वर्कशॉप की जा रही हैं।

### कंज्यूमर केअर अभियान

- यह अभियान 17 अगस्त से 27 अगस्त तक पूरे राजस्थान में चलाया गया।

- इस अभियान में शिकायत का निराकरण यथासंभव 3 घंटे में करने का लक्ष्य रखा गया।
- इसका लक्ष्य त्योहारी सीजन में मिठाई के साथ डिब्बे तौलने और माप- तौल में गड़बड़ी को रोकना था।
    - यह अभियान उपभोक्ता मामले विभाग और खाद्य विभाग की संयुक्त टीम द्वारा चलाया गया।
    - इस अभियान में शिकायतों की जांच एवं प्रवर्तन कार्यवाही के कंज्यूमर सेटिस्फेक्शन और केअर पर फोकस रहा।
    - इसके तहत राज्य उपभोक्ता हेल्पलाइन 18001803060 भी सक्रिय की गई।

### कृष्ण गमन पथ

- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने 26 अगस्त, 2024 को 'श्रीकृष्ण गमन पथ' बनाने की घोषणा की।
- इसके द्वारा भगवान कृष्ण की जन्म स्थली मथुरा को उनकी शिक्षा स्थली उज्जैन से जोड़ा जाएगा।
- इस धार्मिक सर्किट को राजस्थान और मध्य प्रदेश सरकार मिलकर बनाएगी।
- इसकी लंबाई लगभग 525 किलोमीटर होगी।
- यह पथ उत्तर प्रदेश के मथुरा से राजस्थान के भरतपुर, कोटा, झालावाड़ से होते हुए उज्जैन तक जाएगा।




### मिशन मधुहारी

- यह टाइप 1 डायबिटीज से बचाव के लिए 12 अगस्त 2024 से प्रारंभ किया गया।
- इसे चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन तथा क्लिंटन फाउण्डेशन के संयुक्त तत्वावधान में शुरू किया गया है।

### राजस्थान में यूनिफॉर्म सिविल कोड लाया जाएगा

- उत्तराखंड की तर्ज पर राजस्थान में सामान नागरिक संहिता विधेयक लाया जाएगा।
- इस बिल में बहुविवाह पर रोक जैसे प्रावधान होंगे लेकिन जनजातियों को इसकी छूट दी गई है। उत्तराखंड पहला राज्य है, जहां यूसीसी बिल लागू करने के लिए नियम बनाए जा रहे हैं।
- उत्तराखंड सरकार ने बिल में महिला अधिकारों के संरक्षण को केंद्र में रखा है।
- इसे चार खंडों, यानी विवाह और विवाह विच्छेद, उत्तराधिकार, सहवासी संबंध (लिव इन रिलेशनशिप) और विविध में विभाजित किया गया है।

### 75वें राज्य स्तरीय वन महोत्सव

- इसका आयोजन गाडोता, मोजमाबाद (दूदू) में 7 अगस्त, 2024 को किया गया।
- इसमें हरियाली तीज के अवसर पर 'हरियालो राजस्थान' के तहत 2 करोड़ से अधिक पौधारोपण का रिकार्ड बनाया गया।

### मातृ वन

- राजस्थान सरकार द्वारा आमजन की सहभागिता से स्मृति वन की तर्ज पर प्रत्येक जिले में 'मातृ वन' की स्थापना की जाएगी।
- 'मातृ वन' में विभिन्न प्रजातियों जैसे बड़, पीपल, गूलर, पिलखन, नेती पीपल, माखन कटोरी इत्यादि के पौधे लगाए जाएँगे।
- इसमें वृक्ष प्रेमियों को 'राज जिओ ट्री एप' के माध्यम से 51 लाख प्रशस्ति-पत्र वितरित किए जाएँगे।
- इनमें पौधों की देखरेख के लिए 2,000 'वन मित्र' लगाए जाएँगे।
- इसके तहत इच्छुक सेवानिवृत्त कर्मचारी को संरक्षक के रूप में जिम्मेदारी दी जाएगी।

### "हरियालो राजस्थान" अभियान

- यह अभियान 7 अगस्त, 2024 को शुरू किया गया।
- इस अभियान के तहत् आगामी 5 वर्षों में 50 करोड़ पौधे लगाए जाएँगे।
- राजस्थान सरकार ने 'मुख्यमंत्री वृक्षारोपण महाअभियान' प्रारम्भ कर 7 करोड़ पौधे लगाने का संकल्प लिया है।

### 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान

- शिक्षा विभाग और पंचायती राज विभाग की पहल पर

- राजस्थान में 7 अगस्त 2024 को हरियाली तीज के अवसर पर मुख्यमंत्री पौधारोपण महाभियान के तहत् 'एक पेड़ माँ के नाम' पर सघन पौधारोपण किया गया।
- इसके तहत 1.47 करोड़ पौधों से सघन पौधारोपण कर विश्व रिकॉर्ड बना।

## राजस्थान में असंगठित श्रमिक, वेंडर, लोक कलाकारों को पेंशन मिलेगी

- राजस्थान सरकार द्वारा राज्य के असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों, स्ट्रीट वेंडर और लोक कलाकारों को स्टेट इंश्योरेंस से जोड़कर 60 वर्ष की आयु पूर्ण करने पर पेंशन दी जाएगी।
- इस तीनों वर्गों के लिए 3,000 रुपए प्रतिमाह पेंशन का प्रावधान है।
- इस संदर्भ में राजस्थान के वित्त विभाग ने नोटिफिकेशन जारी किया।
- इस बीमा में लाभार्थी के मामूली अंशदान के साथ राज्य सरकार केंद्र के साथ शेष अंशदान का भुगतान करेगी।
- यह योजना वर्तमान में तीनों वर्गों के 18 से 45 वर्ष तक आयु के लाभार्थियों पर लागू होगी।

## NIRF-2024 रैंकिंग के टॉप 100 में राजस्थान के 4 संस्थान शामिल

- केन्द्रीय शिक्षा मंत्रालय द्वारा जारी नेशनल इंस्टीट्यूशनल रैंकिंग फ्रेमवर्क (NIRF 2024) में देश के टॉप 100 शिक्षण संस्थानों में राजस्थान के 4 संस्थान शामिल है।
    1. बिट्स पिलानी (23वाँ स्थान)
    2. IIT जोधपुर (68वाँ स्थान)
    3. MNIT जयपुर (82वाँ स्थान)
    4. AIIMS जोधपुर (83वाँ स्थान)

## रवनीत सिंह बिट्टू

- राजस्थान से राज्यसभा की 1 सीट के उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी रवनीत बिट्टू निर्विरोध चुने गए।
- यह सीट कांग्रेस के राज्यसभा सांसद के. सी. वेणुगोपाल के इस्तीफे के बाद रिक्त हो गई।
- राजस्थान में राज्यसभा सीटों की संख्या 10 है।
- राजस्थान से कुल 35 सांसद निर्वाचित होते है।

**राजस्थान से राज्यसभा सांसद**

| क्र.सं. | सांसद | पार्टी | अवधि |
|---|---|---|---|
| 1. | श्री नीरज डांगी | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस | 22.06.2020 - 21.06.2026 |
| 2. | श्री राजेंद्र गहलोत | भारतीय जनता पार्टी | 22.06.2020 - 21.06.2026 |
| 3. | श्री घनश्याम तिवाड़ी | भारतीय जनता पार्टी | 05.07.2022 - 04.07.2028 |
| 4. | श्री रणदीप सिंह सुरजेवाला | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस | 05.07.2022 - 04.07.2028 |
| 5. | श्री मुकुल बालकृष्ण वासनिक | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस | 05.07.2022 - 04.07.2028 |
| 6. | श्री प्रमोद कुमार | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस | 05.07.2022 - 04.07.2028 |
| 7. | श्री चुन्नीलाल गरासिया | भारतीय जनता पार्टी | 04.04.2024 - 03.04.2030 |
| 8. | श्री मदन राठौर | भारतीय जनता पार्टी | 04.04.2024 - 03.04.2030 |
| 9. | श्रीमती सोनिया गांधी | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस | 04.04.2024 - 03.04.2030 |
| 10. | श्री रवनीत बिट्टू | भारतीय जनता पार्टी | 05.09.2024 - 04.09.2030 |

- राजस्थान में वर्तमान में राज्यसभा में भारतीय जनता पार्टी के 5 सांसद और भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के 5 सांसद है।
- वर्तमान में राजस्थान से राज्यसभा में केवल सोनिया गांधी महिला सांसद निर्वाचित है इस प्रकार राजस्थान से कुल 35 निर्वाचित सांसदों में से महिला सांसदों की संख्या 4 है।
- राजस्थान के झुंझुनू जिले के श्री जगदीप धनकड़ वर्तमान में भारत के उपराष्ट्रपति और राज्यसभा के पदेन सभापति है।

## कैलाश चंद मीणा

- कैलाश चंद मीणा को 6 अगस्त, 2024 को राजस्थान लोकसेवा आयोग का कार्यवाहक अध्यक्ष नियुक्त किया गया है।
- इससे पहले यह राजस्थान लोक सेवा आयोग के सदस्य थे।
- उन्होंने आयोग में सदस्य का पदभार 9 अक्टूबर, 2023 को ग्रहण किया था।
- नोट: संजय श्रोत्रिय के 1 अगस्त, 2024 को सेवानिवृत हो गए थे।

## महेश्वरी चौहान

- महेश्वरी चौहान राजस्थान के उदयपुर से है।
- यह पेरिस ओलिंपिक 2024 में भाग लेने वाली राजस्थान की एकमात्र महिला खिलाड़ी है।
- महेश्वरी शॉटगन के तहत स्कीट इवेंट स्पर्धा में भाग लेने वाली प्रदेश की पहली महिला हैं।
- इसके अलावा राजस्थान के अनंतजीत सिंह नरुका ने भी पेरिस ओलंपिक में भाग लिया था।
- राजस्थान से कुल 2 खिलाड़ियों ने पेरिस ओलंपिक में भाग लिया था।

## मानवेंद्र सिंह जसोल

- मानवेंद्र सिंह जसोल 22 अगस्त 2024 को राजस्थान फुटबॉल संघ के अध्यक्ष बने।

- इसके अलावा चुनाव में महेंद्र सिंह बिजारनीया, मांगीलाल काबरा, शकील अहमद, निर्मल माथोड़ीया एवं अरविंद पाल सिंह (उपाध्यक्ष), दिलीप सिंह शेखावत (सचिव), कैलाश चंद खटीक (कोषाध्यक्ष ), पदों पर निर्वाचित हुए।

### सचिन तंवर

- यह राजस्थान के कबड्डी खिलाड़ी है।
- हाल ही में प्रो कबड्डी लीग सीजन 11 की नीलामी में सचिन तंवर सबसे मँहगे खिलाड़ी बने है।
- उन्हें तमिल थलाइवाज टीम ने ₹2.15 करोड़ में खरीदा।
- सचिन राजस्थान के झुंझुनूं जिले के बढ़बर गाँव के निवासी हैं।
- वह 2022 एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीतने वाली भारतीय टीम का हिस्सा रहे हैं।

### दिनेश कुमार

- दिनेश कुमार को राजस्व मंडल के अध्यक्ष का अतिरिक्त प्रभार दिया है।
- यह वर्तमान में प्रमुख शासन सचिव (राजस्व व कॉलोनाइजेशन) है।

### डॉ. पृथ्वी

- वरिष्ठ IAS अधिकारी डॉ. पृथ्वी ने 20 अगस्त 2024 को राज्यपाल के सचिव का पदभार संभाला।
- डॉ. पृथ्वी 2002 बैच के भारतीय प्रशासनिक सेवा (IAS) के अधिकारी हैं।

### अमृत लाल मीणा

- आदिवासी नेता और सलूंबर के भाजपा विधायक अमृतलाल मीणा (65) का 8 अगस्त 2024 में उदयपुर में निधन हो गया।
- अमृतलाल मीणा तीन बार से विधायक थे।
- मीणा के निधन के बाद प्रदेश में अब 194 विधायक रह गए हैं। ऐसे में प्रदेश में 6 विधानसभा सीटों पर उप चुनाव होंगे।

### वैष्णवी शर्मा

- 'मिस राजस्थान-2023' की विजेता 23 वर्षीय वैष्णवी शर्मा ने 'फेमिना मिस इंडिया राजस्थान' का खिताब जीता है।
- ये राजस्थान का प्रतिनिधित्व फेमिना मिस इंडिया में करेंगी।
- नोट: 'फेमिना मिस इंडिया' की विजेता 'मिस वर्ल्ड' में देश का प्रतिनिधित्व करती हैं।
- हाल ही में वैष्णवी शर्मा को राजस्थान के राज्यपाल ने 'वुमन आइकन अवॉर्ड-2024' से सम्मानित किया है।

### सलोनी वर्मा

- हाल ही में सलोनी वर्मा ने 'मिसेज राजस्थान 2024' का खिताब जीता है।
- 'मिसेज राजस्थान 2024' के ग्रैंड फिनाले में पूर्व मिसेज राजस्थान रिचा कुलश्रेष्ठ ने सलोनी को क्राउन सौंपा।
- इसमें साक्षी नंदावत फर्स्ट रनर अप रहीं। वहीं, कनु पाराशर सेकंड रनर अप रही।
- यह प्रतियोगिता फ्यूजन ग्रुप द्वारा आयोजित की गई थी।

### राजस्थान के दो शिक्षकों को राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार 2014

- राजस्थान के दो शिक्षकों- हुकुमचंद चौधरी और बलजिंदर सिंह को वर्ष 2024 के राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार के लिए चुना गया है।
- हुकुमचंद चौधरी राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल बीएसएफ बीकानेर में और बलजिंदर सिंह राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल पदमपुर गंगानगर में शिक्षक हैं।
- प्रदेश के इन दोनों शिक्षकों को शिक्षक दिवस पर 5 सितम्बर, 2024 को नई दिल्ली में आयोजित विशेष समारोह में पुरस्कृत किया गया।
- इस पुरस्कार के तहत् प्रमाण पत्र, ₹ 50 हजार की राशि और मेडल प्रदान किया गया।
- नोट: राजस्थान से लगातार चौथे वर्ष राष्ट्रीय अवार्ड के लिए दो शिक्षकों का चयन हुआ है।

### अमृता देवी विश्नोई स्मृति पुरस्कार

- यह वन विकास एवं वन्य जीव संरक्षण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए विभिन्न श्रेणियों में 7 अगस्त, 2024 पुरस्कार को प्रदान किए गए।

| श्रेणी | विजेता |
|---|---|
| वन विकास एवं वन्यजीव सुरक्षा | • सती की चोरी वन सुरक्षा एवं प्रबंध समिति (उदयपुर) (वर्ष 2020) |
| वन विकास, संरक्षण एवं वन सुरक्षा | • पवन कुमार जैन (उदयपुर) (वर्ष 2022)<br>• अभिलाषा (सीकर) और बच्चू सिंह वर्मा (भरतपुर) (वर्ष 2021)<br>• श्याम सुन्दर पालीवाल (राजसमंद) (वर्ष 2020)<br>• नारायण लाल कुमावत (वर्ष 2019) |
| वन्यजीव संरक्षण एवं सुरक्षा | • मोहित शर्मा व दिव्या शर्मा (जयपुर) (वर्ष 2022)<br>• पदम सिंह राठौर (उदयपुर) (वर्ष 2021)<br>• गजेन्द्र सिंह मांझी (नागौर) (वर्ष-2020) |

### राजस्थान को अंगदान अभियान में दो राष्ट्रीय पुरस्कार

- अंगदान के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य के लिए राजस्थान को राष्ट्रीय स्तर पर दो पुरस्कार प्राप्त हुए हैं।
- अंगदान जागरूकता अभियान के तहत् सर्वश्रेष्ठ प्रचार-प्रसार गतिविधियों के क्रियान्वयन के लिए बेस्ट आईईसी अवॉर्ड से सम्मानित किया गया।
- मोहन फाउंडेशन जयपुर सिटीजन फोरम को सपोर्टिव एनजीओ अवॉर्ड से सम्मानित किया गया।

### राष्ट्रपति पुलिस पदक

- 78वें स्वाधीनता दिवस पर अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस एटीएस एवं एसओजी राजस्थान विजय कुमार सिंह को राष्ट्रपति पुलिस पदक के लिए चुना गया।

- इसके अलावा पुलिस विभाग में उत्कृष्ट एवं सराहनीय सेवाएं प्रदान करने पर एडीजी स्मिता श्रीवास्तव व बिनीता ठाकुर को राष्ट्रपति पुलिस पदक से समानित किया गया।
- स्मिता श्रीवास्तव अतिरिक्त महानिदेशक भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो द्वितीय व ठाकुर अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस हाउसिंग में पदस्थ हैं।
- स्मिता ने एडीजीपी यातायात के रूप में कोविड-19 लॉकडाउन के दौरान राजस्थान में फंसे लोगों को सुरक्षित रखने और सुचारू आवाजाही सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।
- आइपीएस बिनीता ठाकुर ने सेवाकाल के दौरान करौली में डकैत, बारां में ड्रग माफिया व पारदी गिरोह के नेटवर्क को ध्वस्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।

### वीर दुर्गादास राठौड़ लाइफ टाइम अचीवमेंट पुरस्कार

- प्रख्यात माण्ड गायिका पाली (मारवाड़) की 95 वर्षीया श्रीमती गवरी राव को वीर दुर्गादास राठौड़ लाइफ टाइम अचीवमेंट पुरस्कार प्रदान किया गया।
- उन्हें यह पुरस्कार माण्ड, लोकगीत एवं पारम्परिक भजन गायन के क्षेत्र में राष्ट्रीय स्तर पर दिए गए उत्कृष्ट योगदान के लिए दिया गया।
- यह पुरस्कार वीर दुर्गादास राठौड़ स्मृति समिति द्वारा दिया जाता है।

### पिच क्यूरेटर तापोष चटर्जी लाइफ टाइम अचीवमेंट अवॉर्ड से सम्मानित

- बीसीसीआई के पिच क्यूरेटर तापोष चटर्जी को 20 अगस्त, 2024 को 'राजीव गांधी लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड' से सम्मानित किया गया।
- इस अवॉर्ड के तहत स्मृति चिह्न, शॉल व 11 हजार रुपए दिए गए।
- यह अवॉर्ड राजीव गांधी की 75वीं जयंती होने के अवसर पर वर्ष 2019 में शुरू किया गया था।
- यह राजीव गांधी क्रिकेट क्लब द्वारा प्रदान किया जाता है।
- यह अवॉर्ड क्रिकेटर की बजाय क्रिकेट प्रशासक, आयोजक, पदाधिकारी, सलेक्टर्स, कोच, क्रिकेट एकेडमी संचालक, क्रिकेट अम्पायर्स, मैच रेफरी, स्कोरर, क्यूरेटर में से किसी को प्रदान किया जाता है।

### RMSCL को 'प्रौद्योगिकी सभा उत्कृष्टता पुरस्कार-2024' मिला

- राजस्थान मेडिकल सर्विसेज कॉर्पोरेशन (RMSCL) को 'प्रौद्योगिकी सभा उत्कृष्टता पुरस्कार-2024' से सम्मानित किया गया।
- यह पुरस्कार राज्य में ई-औषधि सॉफ्टवेयर के माध्यम से निःशुल्क दवा योजना का बेहतर संचालन करने के लिए दिया गया।
- ' RMSCL ' को एंटरप्राइज एप्लीकेशन श्रेणी में यह पुरस्कार प्रदान किया गया है।
- यह पुरस्कार लखनऊ में एक्सप्रेस कम्प्यूटर-इंडियन एक्सप्रेस समूह द्वारा प्रदान किया गया।
- प्रौद्योगिकी सभा उत्कृष्टता पुरस्कार राजकीय विभागों, एजेंसियों एवं संस्थानों में तकनीकी नवाचार और प्रौद्योगिकी के माध्यम से कार्य को सुगम बनाने तथा प्रभावी प्रबंधन हेतु दिया जाता है।

### साहित्य श्री सम्मान 2024

- राष्ट्रभाषा हिन्दी प्रचार समिति ने हिन्दी सृजन के लिए दिए जाने वाले राष्ट्रीय पुरस्कारों की घोषणा की है।
- वर्ष 2024 का संस्था का सर्वोच्च साहित्यश्री सम्मान अजमेर के उपन्यासकार - कथाकार प्रफुल्ल प्रभाकर को दिया जाएगा।
- हिन्दी सृजन पुरस्कार जयपुर के उपन्यासकार-कथाकार प्रबोध कुमार गोभिल को उनके उपन्यास 'टापुओं पर पिकनिक' के लिए दिया जाएगा।
- महिला लेखन पुरस्कार दिल्ली की साहित्यकार रिंकल शर्मा को उनकी नाट्य कृति 'बुरे फंसे' के लिए दिया जाएगा।
- बाल साहित्य पुरस्कार दिल्ली की बाल साहित्यकार सुमन वाजपेयी को उनके बाल उपन्यास 'तारा की अनोखी यात्रा' के लिए दिया जाएगा।
- लेखन पुरस्कार लखनऊ के पत्रकार प्रभु झिंगरन को उनकी कृति 'ड्रोन पत्रकारिता' के लिए प्रदान किया जाएगा।
- साहित्य श्री सम्मान के तहत 21 हजार रुपए नकद और अन्य सभी चयनित कृतियों के रचनाकारों को पुरस्कार स्वरूप 11 हजार रुपए नकद राशि के साथ सम्मान पत्र, स्मृति चिह्न, शॉल दिए जाएंगे।

### आईआईएम उदयपुर ने जयपुर में बिहेवियर एक्सपेरिमेंटल लैब स्थापित की

- भारतीय प्रबंधन संस्थान (IIM) उदयपुर ने राज्य सरकार के सहयोग से बिहेवियर एक्सपेरिमेंटल लैब की स्थापना जयपुर में की है।
- इस हाईटेक लैब का उद्घाटन 1 अगस्त 2024 को किया गया।
- यह लैब 1.22 करोड़ की लागत से जयपुर के राजस्थान उन्नत प्रौद्योगिकी केंद्र (आर-कैट) परिसर स्थित 4000 वर्ग फीट के भवन में स्थापित की गई है।
- यह लैब देश की पहली ऐसी लैब है, जहां विषय विशेषज्ञ मानव मस्तिष्क और शारीरिक क्रिया विज्ञान से संबंधित अध्ययन करेंगे।
- इसका उद्देश्य लोगों के व्यवहार और विचारों के आधार पर अकादमिक शोधों के साथ-साथ केंद्र और राज्य सरकारों की जनकल्याणकारी योजनाओं को लागू किया जाएगा।

### उत्तर भारत का पहला विप्रो हाइड्रोलिक प्लांट

- उत्तर भारत के पहले विप्रो हाइड्रोलिक प्लांट का 22 अगस्त 2024 को जयपुर के महिन्द्रा वर्ल्ड सिटी )Mahindra world city) में उद्घाटन किया गया।
- इसके माध्यम से वैश्विक स्तर पर में ग्राहकों को हाइड्रोलिक सिलेंडर की आपूर्ति की जाएगी।
- इस प्लांट की स्थापना की लागत लगभग 250 करोड़ रुपए है।
- विप्रो के वैश्विक स्तर पर 16 प्लांट हैं। भारत के 4 शहरों जयपुर, बेंगलुरु, चेन्नई और हिंदूपुर (आंध्र प्रदेश) में प्लांट स्थापित किए गए हैं।

## डूंगरपुर में क्रोमियम, निकल के चार और फ्लोराइड का एक ब्लॉक मिला



# डूंगरपुर में क्रोमियम, निकल के चार और फ्लोराइड का एक ब्लॉक मिला

**भास्कर एक्सक्लूसिव**

भास्कर न्यूज | डूंगरपुर

कुछ सालों पहले तक डूंगरपुर की पहचान मार्बल और फ्लोराइड के कारण होती थी। अब डूंगरपुर में सोप स्टोन, क्वार्टज पत्थर समेत अन्य खनिजों को निकाला जाता है। अब भूगर्भीय सर्वेक्षण में निकल, क्रोमियम की भी उपस्थिति सामने आई है। निकल, क्रोमियम के चार ब्लॉक व फ्लोराइड का एक ब्लॉक मिला है। आगे निदेशालय स्तर से निकल, क्रोमियम के ब्लॉक का आवंटन किया जाएगा।

जानकारी के अनुसार खनन विभाग की तरफ से इसके कंपोजिट लाइसेंस दिए जाएंगे। बताया जा रहा है कि खान मंत्रालय के तहत विशेषज्ञ समिति ने भारत के लिए 30 महत्वपूर्ण खनिजों के एक समूह की पहचान की है, इसमें निकल भी शामिल है। खनिज विभाग के अधिकारी ने बताया कि इसकी फाइल निदेशालय स्तर पर पहुंच चुकी है। आगे की प्रक्रिया का निर्णय वहीं से होगा।

**माथुगामड़ापाल, देवल, रोहनवाड़ा, खानमीन में मिले ब्लॉक**



भूगर्भीय सर्वेक्षण में जिले के माथुगामड़ापाल में 4.92 स्क्वायर किमी, देवल में 99.24 हैक्टेयर, रोहनवाड़ा में 852 हैक्टेयर, खानमीन में 892 हैक्टेयर में निकल व क्रोमियम की खोज की गई है। कुल चार ब्लॉक है। जिले के सामोता में फ्लोराइड का भी एक ब्लॉक मिला है।

**सरकार का बढ़ेगा राजस्व, रोजगार के अवसर भी बनेंगे**

निकल व क्रोमियम के 4 ब्लॉक मिले हैं। इससे सरकार को राजस्व का फायदा होगा। रोजगार भी बढ़ेगा, लेकिन कंपोजिट लाइसेंस दिए जाने के बाद ही इस ओर काम होगा।

**यहां होता है इस्तेमालः** स्टेनलेस स्टील में 7 से 9% निकल, 17 से 19% क्रोमियम होता है। निकल, क्रोमियम तत्वों की थोड़ी मात्रा मिलाने से स्टेनलेस स्टील की ताकत, लचीलापन और फिनिशिंग बढ़ जाती है। निकल को इस्पात में मिलाकर स्टेनलेस (जंगरोधक) बनाया जाता है। क्रोमियम कठोर होता है, जिसे अक्सर स्टील में मिलाकर एक कठोर धातु बनाया जाता है।

▪ डूंगरपुर में क्वाटर्ज, क्ले, सॉफ स्टोन, फेल्सपार अच्छी मात्रा में निकल रहा है। क्वाटर्ज की क्वालिटी यहां की अच्छी होती है। यहां पर मिल्की और स्नो क्वाटर्ज निकलता है, जो सीधे कांच बनाने के लिए काम में आता है।

- डूंगरपुर निकल, क्रोमियम के चार ब्लॉक व फ्लोराइड का एक ब्लॉक मिला है।
- भूगर्भीय सर्वेक्षण में डूंगरपुर जिले के 4 ब्लॉक माथुगामड़ापाल में 4.92 स्क्वायर किमी, देवल में 99.24 हैक्टेयर, रोहनवाड़ा में 852 हैक्टेयर, खानमीन में 892 हैक्टेयर में निकल व क्रोमियम की खोज की गई है।
- डूंगरपुर जिले के सामोता में फ्लोराइड का एक ब्लॉक मिला है।
- डूंगरपुर में वर्तमान में क्वार्ट्ज, क्ले, सॉफ स्टोन, फेल्सपार का वर्तमान में खनन हो रहा है।
- यहां पर उच्च गुणवत्तायुक्त मिल्की और स्नो क्वार्ट्ज निकलता है, जो कांच बनाने के लिए उपयोगी है।

## राजस्थान का पहला देहदान जागरूकता पार्क

- राजस्थान में कोटा के बसंत विहार क्षेत्र में राज्य का पहला देहदान जागरूकता पार्क है।
- इसमें विभिन्न स्टेच्यू के माध्यम से लोगों को देहदान के प्रति जागरूक किया जाता हैं।
- नोट: प्रतिवर्ष 13 अगस्त को विश्व अंगदान दिवस मनाया जाता है।
- इस पार्क में 25 फीट ऊंचा मानव स्ट्रक्चर और अंगदान के 8 स्टेच्यू बनाए गए है। इसमें आंख, गुर्दा, फेफड़ा, लिवर समेत अन्य अंगों के स्टेच्यू बने हैं।
- इसमें देहदान करने वाले लोगों के नाम स्मारक पर अंकित हैं।
- नोट: मृत व्यक्ति की आंख,किडनी, लिवर, फेफड़ा, हृदय, पेंक्रियाज और आंत दान में दिए जा सकते हैं। जीवित व्यक्ति चाहे तो एक किडनी, एक फेफड़ा, लिवर, पेंक्रियाज व आंत का कुछ हिस्सा दान कर सकता है।

## कॉल सेंटर सेवा उपलब्ध करवाने वाला कृषि विश्वविद्यालय

- कृषि विश्वविद्यालय जोधपुर में 17 अगस्त 2024 किसानों के लिए किसान कॉल सेंटर केसीसी का शुभारंभ किया गया।
- राजस्थान में किसानों के लिए विश्वविद्यालय स्तर पर कॉल सेंटर सेवा उपलब्ध करवाने वाला कृषि विश्वविद्यालय जोधपुर पहला संस्थान है।
- यहां घर बैठे किसानों की खेती बाड़ी से संबंधित विभिन्न समस्याओं का समाधान विशेषज्ञों के माध्यम से उपलब्ध करवाएगा।

## जोधपुर में तैनात होंगे अपाचे हेलीकॉप्टर

- भारतीय सेना द्वारा एएच- 64 ई अपाचे अटैक हेलीकॉप्टर की पश्चिमी फ्रंट पर अक्टूबर 2024 से जोधपुर मिलिट्री स्टेशन पर तैनाती की जाएगी।
- जोधपुर में 6 अपाचे हेलीकॉप्टर की तैनाती की जाएगी।
- केंद्रीय रक्षा मंत्रालय ने 2022 में बोइंग से थलसेना के लिए 6 हेलीकॉप्टर खरीदने के लिए करार किया था।
- वर्तमान में जोधपुर में थल सेना की एविएशन कोर के पास एडवांस लाइट हेलीकॉप्टर रुद्र भी तैनात हैं।

अपाचे हेलीकाप्टर की विशेषताएँ

- 2.75 इंच रॉकेट, 30 एमएम चेन गन से लैस।
- 16 हेलीफायर मिसाइल और 76 रॉकेट की ताकत।
- 1 मिनट में 600 राउंड फायर, 1200 राउंड से लैस।
- अंधेरे में दुश्मन को ढूंढ़कर अटैक और राडार से बचने की क्षमता।
- मल्टी रोल टास्किंग के हर ऑपरेशन करने की क्षमता।
- मल्टी रोल कॉम्बेट हेलीकॉप्टर में हेलीफायर और स्ट्रिंगर जैसे घातक हथियार और मिसाइल लगी हैं।
- इसमें रात के खराब मौसम और कठिन परिस्थितियों के बावजूद टारगेट को नष्ट करने की क्षमता है।

## स्वदेशी एंटी-टैंक मिसाइल का सफल परीक्षण

- जैसलमेर जिले की पोकरण फील्ड फायरिंग रेंज में 13 अगस्त 2024 को स्वदेशी मैन पोर्टेबल एंटी टैंक गाइडेड मिसाइल (MP-ATGM) का सफल परीक्षण किया गया। है।
- इसे रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (DRDO) द्वारा विकसित किया गया है।
- इसकी रेंज 200 मीटर से 2.5 किलोमीटर है तथा यह मिसाइल दुश्मन के टैंकों और बख्तरबंद वाहनों को नष्ट करने में सक्षम है।
- इसका वजन 14.5 किलोग्राम व लम्बाई 4.3 फीट है।
- इसे पहली बार कंधे पर रखकर रॉकेट लॉन्चर की तरह दागा जा सकता है।

## किशनगढ़ में एयरक्राफ्ट फ्लाइंग स्कूल का उद्घाटन

- राजस्थान के किशनगढ़ में 4 अगस्त 2024 को राज्य के पहले एयरक्राफ्ट फ्लाइंग स्कूल का उद्घाटन किया।
- नोट: राजस्थान में क्षेत्रीय हवाई संपर्क में सुधार करने और पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से नागरिक विमानन नीति, 2024 को 02 जुलाई 2024 को राज्य मंत्रिमंडल ने मंजूरी प्रदान की थी।
- इसके तहत किशनगढ़, झालावाड़ और भीलवाड़ा में फ्लाइंग स्कूल खोलने का प्रावधान किया गया।
- इसके तहत कोटा में ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट बनाया जा रहा है।
- यह नीति विमानन प्रशिक्षण सुविधाओं, विमानन रख-रखाव सेवाओं को बढ़ाने और एयरोस्पेस गतिविधियों को विकसित करने पर केंद्रित है।
- इसके अलावा जयपुर में एयरोसिटी बनाई जाएगी, जिसमें होटल, रेस्त्रां सहित विभिन्न आधारभूत सुविधाएं विकसित की जाएंगी।

## स्टेट रिमोट एप्लीकेशन का सबसेंटर जयपुर में शुरू होगा

- राजस्थान में स्टेट रिमोट एप्लीकेशन का सब सेंटर जनवरी 2025 में जयपुर में शुरू होगा।
- इसका संचालन इंदिरा गांधी पंचायतीराज संस्थान परिसर में सेटकॉम कार्यालय से किया जाएगा।
- राज्य सरकार ने बजट 2024-25 में जयपुर में सब सेंटर खोलने की घोषणा की थी।
- जयपुर में सेंटर खुलने के विभागों से संबंधित योजनाएं बनाने के लिए पानी, भूमि और उपग्रह से संबंधित क्षेत्रों के नक्शे तत्काल उपलब्ध हो सकेंगे।
- नोट: वर्तमान में स्टेट रिमोट एप्लीकेशन सेंटर जोधपुर में स्थित है।

## 78वें स्वतंत्रता दिवस का राज्य स्तरीय समारोह

- 78वें स्वतंत्रता दिवस का राज्य स्तरीय समारोह जयपुर में 15 अगस्त, 2024 को आयोजित किया गया।
- इस राज्य स्तरीय समारोह में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने ध्वजारोहण किया।
- इस अवसर पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने उल्लेखनीय सेवाओं के लिए 11 अधिकारी-कर्मचारियों को सम्मानित किया।

## तरंग शक्ति 2024

- भारत में 12 देशों की एडवांस एयर एक्सरसाइज 'तरंग शक्ति 2024' का 6 अगस्त से 14 सितम्बर 2024 तक आयोजित की जाएगी।
- इनमें भारत के अलावा यूएस, फ्रांस, यूके, ऑस्ट्रेलिया, जापान, यूएई, हंगरी, जर्मनी, स्पेन, दक्षिण अफ्रीका और बांग्लादेश की वायुसेना भाग लेगी।
- यह युद्धाभ्यास दो चरणों में आयोजित किया जाएगा।
- पहला चरण 6 से 14 अगस्त तक तमिलनाडु के सुलूर में आयोजित होगा।
- इसके बाद दूसरा चरण 29 से 14 सितंबर तक जोधपुर में होगा।
- इस युद्धाभ्यास में सभी देश ट्रेनिंग के साथ एक दूसरे के युद्ध कौशल को साझा करेंगे।
- युद्धाभ्यास में फाइटर जेट, अवाक्स, मिड एयर रिफ्यूलर, हेलिकॉप्टर और ट्रांसपोर्ट एयरक्राफ्ट शामिल होंगे।
- इस प्रकार के युद्धाभ्यास की भारत पहली बार मेजबानी कर रहा हैं।

## जोधपुर इंडस्ट्रियल स्मार्ट सिटी

- हाल ही में केंद्र सरकार ने 28 अगस्त 2024 को राष्ट्रीय औद्योगिक गलियारा विकास कार्यक्रम (NICDP) के तहत 12 औद्योगिक नोड्स/शहरों को मंजूरी दी है।

- इसके तहत राजस्थान के जोधपुर-पाली को भी इंडस्ट्रियल स्मार्ट सिटी बनाया जाएगा।
- इसके लिए जोधपुर के कांकाणी व पाली के रोहट में जमीन रिजर्व रहेगी।
- इसमें लगभग 7500 करोड़ का निवेश होगा तथा 40,000 रोजगार सृजित होंगे।
- दिल्ली-मुंबई इंस्ट्रियल कॉरिडोर (DMIC) के तहत राजस्थान में पहला नोड अलवर के पास खुशखेड़ा, भिवाड़ी व नीमराणा इंडस्ट्रीज एरिया विकसित हो चुका है।
- DMIC का दूसरा नोड जोधपुर पाली मारवाड़ फोकस सेक्टर्स और इंडस्ट्रीज टेक्सटाइल व परिधान फूड प्रोसेसिंग इंजीनियरिंग एंड ऑटो बिल्डिंग मेटेरियल्स हैंडीक्राफ्ट्स प्रोजेक्ट इस क्षेत्र में विकसित होंगे।

## MSME टेक्नोलॉजी सेंटर

- राजस्थान सरकार द्वारा MSME टेक्नोलॉजी सेंटर के लिए जयपुर के दहमीकलां में 12 हेक्टेयर जमीन उपलब्ध कराई जाएगी।
- इस केंद्र में एमएसएमई उद्योग से जुड़े उद्यमियों को तकनीक और अनुसंधान की सभी सुविधाएं मिलेगी।

## RVUN तथा गेल इंडिया के बीच एमओयू

- RVUN तथा गेल इंडिया के बीच 8 अगस्त, 2024 को एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए।
- इसके तहत गेल इंडिया धौलपुर में स्थापित 330 मेगावाट व रामगढ़ में स्थापित 270.5 मेगावाट के गैस आधारित बिजली संयंत्रों का संचालन के लिए संयुक्त उद्यम स्थापित होगा।
- दोनों कंपनियां राजस्थान में गैस आधारित ऊर्जा परियोजनाओं का मिलकर संचालन करेगी।
- इस एमओयू के तहत गेल धौलपुर व रामगढ़ प्लांट को उचित दर पर गैस की आपूर्ति करेगा।
- इसके तहत राज्य में 4,200 करोड़ रुपये का निवेश किया जाएगा।
- इसके अलावा अक्षय ऊर्जा के क्षेत्र में 750MW सौर ऊर्जा और 250MW पवन ऊर्जा परियोजनाएँ स्थापित की जाएगी।

## ऊर्जा क्षेत्र में 4 संयुक्त उपक्रमों की स्थापना को मंजूरी

- राजस्थान में सरकार द्वारा ऊर्जा क्षेत्र में 4 संयुक्त उद्यम कम्पनियों की स्थापना को 3 अगस्त, 2024 को मंजूरी दी गई।
- यह अक्षय और ताप विद्युत उत्पादन और पारेषण से सम्बन्धित परियोजनाओं से संबंधित है।

### ऊर्जा क्षेत्र के 4 संयुक्त उद्यम

- कोल इंडिया लिमिटेड और RVUNL के बीच दो अलग संयुक्त उद्यम की स्थापना की जाएगी।
- इसमें एक तापीय परियोजना एवं दूसरी अक्षय ऊर्जा परियोजना होगी।
  1. कालीसिंध तापीय परियोजना झालावाड़ में 800 मेगावाट की इकाई या किसी अन्य पीटहैड ग्रीनफील्ड कोयला परियोजना की स्थापना की जाएगी।
  2. लगभग 2500 मेगावाट क्षमता की सौर ऊर्जा परियोजना, पंप स्टोरेज परियोजना और पवन ऊर्जा परियोजना की स्थापना की जाएगी।
  3. NTPC ग्रीन एनर्जी एवं RVUNL के मध्य ज्वाइंट वेंचर (JV) बनाई जाएगी।
- यह उपक्रम 25,000 मेगावाट की सोलर / विंड/हाइब्रिड एनर्जी सहित नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं की स्थापना करेगा।
  4. पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन एवं राजस्थान विद्युत प्रसारण निगम के उद्यम
- यह ज्वाइंट वेंचर (JV) निर्माण, स्वामित्व, संचालन एवं रखरखाव आधार पर ट्रांसमिशन सिस्टम का संचालन करेगी।
- यह संपूर्ण ट्रांसमिशन क्षमता राजस्थान डिस्कॉम को उपलब्ध करवाएगी।

## राजस्थान उच्च न्यायालय का प्लेटिनम जुबली समारोह

- राजस्थान उच्च न्यायालय की स्थापना के 75 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष में भारत के उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने 10 अगस्त 2204 को जोधपुर में राजस्थान उच्च न्यायालय के परिसर में उद्घाटन समारोह में भाग लिया। वे इस समारोह के मुख्य अतिथि थे।
- प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने राजस्थान के जोधपुर में 25 अगस्त 2024 को राजस्थान उच्च न्यायालय के प्लेटिनम जुबली कार्यक्रम के समापन समारोह को संबोधित किया।
- इसके अलावा प्रधानमंत्री ने आज राजस्थान उच्च न्यायालय संग्रहालय का भी उद्घाटन किया।

### राजस्थान उच्च न्यायालय

- वर्तमान राजस्थान उच्च न्यायालय का उद्घाटन 29 अगस्त 1949 को राजस्थान के तत्कालीन राजप्रमुख महाराजा सवाई मान सिंह द्वारा में किया गया।
- राजस्थान उच्च न्यायालय में अधिकतम न्यायाधीशों की संख्या - मुख्य न्यायाधीश सहित 50(1+49)
- राजस्थान उच्च न्यायालय के प्रथम मुख्य न्यायाधीश: कमल कांत वर्मा
- वर्तमान मुख्य न्यायाधीश: मनिन्द्र मोहन श्रीवास्तव (42वें मुख्य न्यायाधीश)

## पुलिस ऑफिसर्स कॉन्फ्रेंस

- इसका आयजन 29-30 अगस्त 2024 को राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर (RIC), जयपुर में किया गया।
- इस कॉन्फ्रेंस का विषय 'पुलिसिंग विद एक्सीलेंसर्डवरॉफ वे द-' था।
- इसमें राज्य में बेहतर पुलिसिंग पर केन्द्रित मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई।
- इसमें मुख्यमंत्री के अलावा गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढ़म, मुख्य सचिव सुधांश पंत, अतिरिक्त मुख्य सचिव (गृह) आनंद कुमार ने भी भाग लिया।

- इसमें एडीजी, रेंज आइजी एवं डीआइजी के अलावा चयनित एसपी, एडिशनल एसपी, डीएसपी और निरीक्षक स्तर के पुलिस अधिकारियों ने भाग लिया।

### राजस्थान में 100% दिव्यांगता पर 1,000 रुपये अतिरिक्त पेंशन राशि देय होगी

- राज्य के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय द्वारा 100% दिव्यांगता वाले विशेष योग्यजनों को निर्धारित पेंशन के साथ 1,000 रुपये अतिरिक्त राशि दी जाएगी।
- राज्य सरकार द्वारा वर्ष 2024 के बजट में युवा दिव्यांगों को संबल प्रदान करने की दृष्टि से 2 हजार दिव्यांगजनों को स्कूटी दिए जाने की घोषणा की गई है।
- 1 अप्रैल, 2024 से सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के तहत दिव्यांगजन सम्मान पेंशन योजना की आधार दर में 15% की वार्षिक वृद्धि कर बढ़ी हुई पेंशन दी जा रही है।
- वर्तमान में 75 वर्ष से कम आयु के दिव्यांगजन को 1,150 रुपये प्रतिमाह एवं 75 वर्ष और अधिक आयु वर्ग के दिव्यांगजनों को 1,250 रूपये प्रतिमाह पेंशन का भुगतान किया जा रहा है।

### राजस्थान में नई जातियाँ अनुसूचित जाति (SC) वर्ग में शामिल

- राजस्थान सरकार द्वारा बाड़ी, कूचबंद, सांतिया, सतिया, सरगरा, तिरगर, तिरबंगा को अनुसूचित जाति (SC) वर्ग में शामिल शामिल किया गया है।
- राजस्थान में वर्तमान में अनुसूचित जाति (SC) वर्ग में कुल 59 श्रेणियों की जातियों को तथा अनुसूचित जनजाति (ST ) वर्ग में कुल 12 श्रेणियों की जातियों को शामिल किया गया है।

### शिक्षा विभाग ने शिक्षा भूषण व शिक्षा श्री प्रावधानों में किया बदलाव

- भामाशाह सम्मान के नियमों में शिक्षा विभाग ने बदलाव किया है।
- शिक्षा विभाग ने शिक्षा भूषण सम्मान के लिए सहयोग राशि 30 लाख रुपये से घटाकर 15 लाख रुपये और शिक्षा श्री सम्मान के लिए 5 लाख रुपये से घटाकर 1 लाख रुपये की है।
- अब 15 लाख रुपये से 1 करोड़ रुपये तक का सहयोग करने वाले भामाशाहों को राज्य स्तर पर शिक्षा भूषण और 1 लाख से 15 लाख तक का सहयोग करने वाले को जिला स्तर पर शिक्षा श्री सम्मान प्रदान किया जाएगा।
- इससे पहले 30 लाख रुपये से 1 करोड़ रुपये तक का सहयोग करने वाले भामाशाहों को राज्य स्तर पर शिक्षा भूषण और 5 लाख रुपये से 30 लाख रुपये तक का सहयोग करने वाले को जिला स्तर पर शिक्षा श्री सम्मान देने का नियम लागू किया था।
- नोट: राज्य स्तरीय शिक्षा विभूषण सम्मान के प्रावधानों में कोई बदलाव नहीं हुआ है।
- यह सम्मान 1 करोड़ रुपए से अधिक का सहयोग करने वाले को मिलेगा।

### फुल इम्यूनाइजेशन कवरेज (FIC) संबंधी टीकाकरण रिपोर्ट 2024

- राजस्थान बच्चों के टीकाकरण के संदर्भ में वर्ष 2023-24 में सिर्फ 76.63% फुल इम्यूनाइजेशन कवरेज (FIC) की जानकारी यू-विन पोर्टल पर अपलोड की गई है।
- देश में वर्ष 2023-24 में फुल इम्यूनाइजेशन कवरेज (FIC) की जानकारी का औसत 93.5% है।
- राजस्थान फुल इम्यूनाइजेशन कवरेज (FIC) के संदर्भ में देश में 23वें नंबर पर है।
- इस कवरेज में जम्मू एंड कश्मीर पहले, तेलंगाना दूसरे और दिल्ली तीसरे स्थान पर है।
- नोट: गर्भवती महिला और बच्चों के नियमित टीकाकरण की जानकारी 'यू- विन पोर्टल' पर दर्ज करवाना अनिवार्य है।

### राजकीय कर्मचारियों की राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (RSS) की गतिविधियों में शामिल होने पर लगी रोक हटी

- राजस्थान सरकार ने राजकीय कर्मचारियों के राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (RSS) की गतिविधियों में शामिल होने पर लगी रोक हटा दी है।
- इसके बाद अब राजकीय कर्मचारी और अधिकारी संघ की गतिविधि में शामिल हो सकेंगे।
- इससे पहले केंद्र सरकार ने भी राजकीय कर्मचारियों के राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (RSS) की गतिविधियों में शामिल होने संबंधी रोक हटाई थी।
- यह रोक तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी द्वारा 30 नवम्बर, 1966 को लगाई गई थी।

### राजस्थान की सबसे बड़ी सुपर स्पेशियलिटी विंग

- जेएलएन मेडिकल कॉलेज अजमेर में 300 करोड़ रुपए की लागत से 15 हजार वर्ग फीट में राजस्थान की सबसे बड़ी सुपर स्पेशियलिटी विंग बनाई जाएगी।
- यह राज्य की पहली सुपर स्पेशियलिटी विंग होगी जिसमें एक ही जगह 8 यूनिट का संचालन किया जाएगा।
- यह राज्य का पहला ऐसा हॉस्पिटल होगा जिसकी छत पर हेलिपेड बनाया जाएगा।

### राजस्थान में पहली बार स्टेट इंटीग्रेटेड कैंसर टास्क फोर्स गठित

- प्रदेश में कैंसर से संबंधित स्वास्थ्य सेवाओं तथा गतिविधियों के सुदृढ़ीकरण, इन्हें व्यापक रूप देने तथा आवश्यक समन्वय के उद्देश्य से राज्य सरकार ने स्टेट इंटीग्रेटेड कैंसर टास्क फोर्स का गठन किया गया है।
- यह टास्क फोर्स अतिरिक्त मुख्य सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य की अध्यक्षता में गठित की गई है। '
- यह टास्क फोर्स प्रदेश में कैंसर के निदान, जांच, रोकथाम एवं जागरूकता गतिविधियों के लिए रणनीति तैयार करेगी।
- कैंसर सम्बन्धी सेवाओं के विस्तार, कैंसर केयर से संबधित पालिसी की समीक्षा एवं आवश्यक संशोधन के प्रयास सुनिश्चित करेगी।

### अटल भूजल योजना के क्रियान्वयन में राजस्थान में तीसरे स्थान पर रहा

- 'अटल भूजल योजना' और में क्रियान्वयन में राजस्थान तीसरे स्थान पर आ गया है।
- इससे पहले राजस्थान 7वें स्थान पर था।
- 'अटल भूजल योजना' 25 दिसम्बर, 2019 को प्रारम्भ की गई थी।
- यह वर्तमान में राज्य के 17 जिलों में संचालित है।

### 'मानस सखियां' पहल

- यह हनुमानगढ़ जिला प्रशासन की पहल है।
- इसके तहत हनुमानगढ़ जिले में नशे की रोकथाम में अब 'मानस सखियां' सहायता करेगी।
- ये घर-घर पहुंचकर महिलाओं से संवाद कर नशे से छुटकारा दिलाने के लिए उन्हें जागरूक करेंगी।
- इसके तहत जिले में राजीविका से जुड़ी महिलाओं को नशा मुक्त 'मानस' अभियान में 'मानस सखी' बनाया गया है।

### गोगामेड़ी मेला

- यह मेला 19 अगस्त, 2024 को हनुमानगढ़ के गोगामेड़ी में शुरू हुआ।
- यह उत्तर भारत का प्रसिद्ध मेलों में से एक है।
- यह 1 महीने तक गोगामेड़ी में आयोजित किया जाता है।

### रेयर अर्थ एलिमेंट एक्सीलेंस सेंटर

- राजस्थान में रेयर अर्थ एलिमेंट (REE) एक्सीलेंस सेंटर स्थापित किया जाएगा।
- इसका उद्देश्य राज्य में रेयर अर्थ एलिमेंट (REE) के भण्डारों की खोज, खनन व प्रसंस्करण करना है।
- राजस्थान के बाड़मेर, जालौर, सिरोही, पाली, उदयपुर, भीलवाड़ा, नागौर, अजमेर, नीम का थाना, राजसमंद, सीकर, बाँसवाड़ा जिलों में दुर्लभतम खनिज रेयर अर्थ एलिमेंट के भण्डार मिलने का अनुमान हैं।
- राजस्थान में कार्बोनेटाइट्स व माइक्रोग्रेनाइट चट्टानों में बस्तनासाइट, ब्रिटोलाईट, सिंचीसाइट और जेनोटाइम रेयर अर्थ एलिमेंट्स के भण्डार मिले हैं।

### 'भरखमा' फिल्म

- यह भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी डॉ. जितेंद्र के कहानी संग्रह "" पर आधारित पहली राजस्थानी फिल्म है जिसे पैन इंडिया लेवल पर रिलीज 6 सितंबर 2024 को किया जाएगा।
- सभी सिनेमा हॉल्स में यह फिल्म राजस्थानी भाषा में रिलीज होगी।
- आईएएस और लेखक डॉ. जितेंद्र कुमार सोनी (नेशनल हेल्थ मिशन डायरेक्टर) का यह राजस्थानी कहानी संग्रह 'भरखमा' को साहित्य अकादमी युवा पुरस्कार 2022 से सम्मानित किया गया था।
- इसका उद्देश्य अलग-अलग राज्यों में रह रहे राजस्थानियों तक इस सिनेमा को पहुंचाना है।
- यह फिल्म एस. सागर के निर्देशन में बनी है।

### शाला स्वास्थ्य परीक्षण मोबाइल एप

- राजकीय विद्यालयों में पढ़ने वाले बच्चों के स्वास्थ्य परीक्षण के लिए 'शाला स्वास्थ्य परीक्षण मोबाइल एप' का शुभारम्भ 12 अगस्त, 2024 को किया गया।
- इस एप के तहत राजकीय विद्यालयों में अध्ययनरत बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया जाएगा।
- इसके तहत 70 प्रश्नों के आधार पर पेपरलेस सर्वेक्षण कर बच्चों में रोग की पहचान कर सलाह दी जाएगी।

### किसान साथी एप

- 'किसान साथी एप' का लोकार्पण 14 अगस्त, 2024 को किया गया।
- किसान साथी मोबाइल एप राष्ट्रीय जल विज्ञान परियोजना के तहत् राष्ट्रीय जल विज्ञान संस्थान, रूड़की के सहयोग से विकसित किया गया है।
- इसे पार्वती बाँध, धौलपुर के कमांड क्षेत्र (धौलपुर, बाड़ी एवं बसेड़ी विधानसभा क्षेत्र) के काश्तकारों हेतु विकसित किया गया है।

### विधायक सेवा केंद्र डिजिटल एप

- यह एप गंगानगर विधायक श्री जयदीप बिहाणी द्वारा स्थानीय निवासियों के लिए विकसित कराया गया है।
- मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा ने 7 अगस्त 2024 को इस एप का शुभारंभ किया।
- इस एप पर श्रीगंगानगर विधानसभा क्षेत्र के विकास से संबधित किसी भी प्रकार की शिकायत, सहायता एवं सुझाव आम लोग घर बैठे दर्ज करवा सकेंगे।
- इसमें लोगों की शिकायत, सहायता और सुझावों को दर्ज कर उन्हें संबंधित विभागों में भिजवाया जाता है तथा समाधान किया जाता है।

### राज.सहकारी गोपाल क्रेडिट कार्ड योजना पोर्टल

- राजस्थान सरकार ने 28 अगस्त 2024 को राजस्थान सहकारी गोपाल क्रेडिट कार्ड ऋण योजना पोर्टल लॉन्च किया।
- इस पोर्टल के माध्यम से गोपालक किसानों को मिलने वाला 1 लाख रुपए तक के ऋण का आवेदन किया जा सकेगा।
- राजस्थान सरकार द्वारा 5 लाख किसानों को यह ऋण प्रदान किया जाएगा।
- इस ऋण पर पशुपालकों को ब्याज अनुदान मिलेगा।
- इसे एक वर्ष की अवधि में चुकाना होगा।

### राजस्थान में जिला स्तर पर दिव्यांग सेवा केंद्र खोले जाएंगे

- ये केंद्र राष्ट्रीय संगठन "समदृष्टि, क्षमता विकास एवं अनुसंधान मंडल (सक्षम)" द्वारा खोले जाएंगे।
- इन केंद्रों का उद्देश्य दिव्यांगों के सर्वांगीण विकास एवं सशक्तिकरण करना है।

### कैक्टस गार्डन

- इसका उद्घाटन उदयपुर के केवड़ा की नाल में 23 अगस्त, 2024 को किया गया।
- इस कैक्टस गार्डन में 80 प्रजातियों के कैक्टस हैं।

## स्टेट मेडिकल वैल्यू ट्रैवल कमेटी

- राजस्थान में  में मेडिकल ट्यूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए 'स्टेट मेडिकल वैल्यू ट्रैवल कमेटी' का गठन किया गया है।
- यह कमेटी मेडिकल ट्यूरिज्म से सम्बन्धित नीति निर्धारण के साथ ही उसका प्रभावी एवं समयबद्ध क्रियान्वयन भी सुनिश्चित करेगी।
- इसके अध्यक्ष अतिरिक्त मुख्य सचिव, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग होंगे।

## पेरिस पैरालंपिक खेलों में राजस्थान के 10 एथलीट शामिल हुए

1. अवनी लेखरा (पैरा शूटिंग)
2. मोना अग्रवाल (पैरा शूटिंग)
3. निहाल सिंह (पैरा शूटिंग)
4. रुद्राक्ष खंडेलवाल (पैरा शूटिंग)
5. अमीर अहमद भट (पैरा शूटिंग)
6. सुंदर गुर्जर (एथलेटिक्स)
7. संदीप चौधरी (एथलेटिक्स)
8. अनीता चौधरी (रोइंग)
9. श्यामसुंदर (तीरंदाजी)
10. कृष्णा नागर (बैडमिंटन)

- भारतीय दल में अमित सरोहा सबसे अनुभवी व आर्चर शीतल देवी सबसे युवा एथलीट हैं। ।
- पेरिस पैरालंपिक खेल 28 अगस्त से 8 सितंबर तक आयोजित किए गए।
- वर्तमान में राजस्थान के देवेंद्र झाझड़िया भारतीय पैरालंपिक समिति (PCI) के अध्यक्ष है।

## 31वें मथुरादास माथुर अवॉर्ड

- राजस्थान में वर्ष 2023-24 के लिए निम्नलिखित खिलाड़ियों को 31वें मथुरादास माथुर अवॉर्ड (वर्ष का सर्वश्रेष्ठ क्रिकेट)र घोषित किया गया।
- सीनियर वर्ग: अभिजीत तोमर
- जूनियर वर्ग: रोहन राजभर ‘
- सब जूनियर वर्ग: रजत बघेल
- उदीयमान खिलाड़ी अभय शर्मा को स्पेशल अवॉर्ड से सम्मानित किया गया।

## राष्ट्रीय तैराकी प्रतियोगिता में राजस्थान ने 10 पदक जीते

- इसका आयोजन ओडिशा के भुवनेश्वर में हुआ।
- 40वीं सब जूनियर और 50वीं जूनियर राष्ट्रीय प्रतियोगिता में राजस्थान के तैराकों ने 1 स्वर्ण, 4 रजत और 5 कांस्य सहित कुल 10 पदक जीते।
- राजस्थान ने पहली बार लड़कों की चार गुना 50 मीटर रिले में रजत पदक जीता है।
- राजस्थान के लिए एकमात्र स्वर्ण पदक जयपुर की दक्षिणा जोशी ने लड़कियों के ग्रुप-2 की 200 मीटर बटरफ्लाई स्पर्धा में जीता।

## राजस्थान का एकमात्र सादुल स्पोर्ट्स स्कूल

- राजस्थान का एकमात्र सादुल स्पोर्ट्स स्कूल बीकानेर में स्थित है।
- हाल ही में इसमें एथलेटिक्स के खिलाड़ियों के लिए आधुनिक सिंथेटिक ट्रैक विकसित किया गया है।
- यह ट्रेक लगभग 9 करोड़ रुपये की लागत से बनाया गया है।
- यह ट्रैक की लंबाई 400 मीटर है।
- राजस्थान सरकार ने बजट 2023-24 में सिंथेटिक ट्रक बनाने की घोषणा की थी।

## अंकुर जांगीड़ व आसमी धनावडे ने राष्ट्रीय योगा प्रतियोगिता का खिताब जीता

- सवाई मानसिंह स्टेडियम में आयोजित राष्ट्रीय योगा प्रतियोगिता में राजस्थान, महाराष्ट्र, गोवा, उत्तर प्रदेश, गुजरात, मध्य प्रदेश, हिमाचल प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, पश्चिम बंगाल, दादर नगर हवेली आदि राज्यों के खिलाड़ियों ने भाग लिया
- प्रतियोगिता में बालक वर्ग में राजस्थान के अंकुर जांगीड़ विजेता रहे व उपविजेता गुजरात के शौर्य रहे।
- बालिका वर्ग में महाराष्ट्र से आसमी धनावडे विजेता और किमाया चोरबोले उपविजेता रही।
- यह प्रतियोगिता विभिन्न आयु वर्गों में (5 वर्ष से 50 वर्ष तक) आयोजित की गई।

## 11वीं सीनियर कबड्डी चैंपियनशिप

- इसका आयोजन बिहार के बोधगया में किया गया।
- इसमें राजस्थान की कबड्डी टीम स्वर्ण पदक जीता।
- राजस्थान ने फाइनल में उत्तर प्रदेश को 43-31 से हराया।

## राजस्थान रैंकिंग टेबल टेनिस टूर्नामेंट

- हाल ही में राजस्थान रैंकिंग टेबल टेनिस टूर्नामेंट का आयोजन जयपुर में किया गया था।

| वर्ग | विजेता |
|---|---|
| अंडर-11 बालक वर्ग | वेदांत मेहता (उदयपुर) |
| अंडर-13 बालक वर्ग | वेदांत मेहता (उदयपुर) |
| अंडर-15 बालक वर्ग | योगेश थानवी (सिरोही) |
| अंडर-19 बालक वर्ग | अक्षत शर्मा (जयपुर) |

## 46वीं नेशनल आर्म रेसिलिंग चैम्पियनशिप

- इसका आयोजन छत्तीसगढ़ के रायपुर में किया गया।
- इसमें राजस्थान ने महिला एवं पुरुष वर्ग की विभिन्न श्रेणियों में 13 स्वर्ण, 4 रजत और 5 कांस्य सहित कुल 22 पदक जीते।
- इसमें सीनियर महिला वर्ग में राजस्थान पुलिस की मनीषा चाहर और सारा चौधरी ने स्वर्ण पदक जीते।
- इसमें सीनियर पुरुष वर्ग में प्रमोद तुहिया ने रजत पदक एवं सायर चौधरी और मोहित सिनसिनवार ने कांस्य पदक जीते।

◆◆◆◆

# 2 राजव्यवस्था एवं शासन

## SC/ST वर्ग के आरक्षण में उप-वर्गीकरण की मंजूरी: सुप्रीम कोर्ट

- सुप्रीम कोर्ट ने 1 अगस्त को दिए गए निर्णय में अनुसूचित जाति (SC) और अनुसूचित जनजाति (ST) श्रेणी के भीतर आरक्षण हेतु उप-वर्गीकरण की मंजूरी दे दी।
- यह निर्णय दविंदर सिंह बनाम पंजाब राज्य मामले में भारत के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली उच्चतम न्यायालय की 7-न्यायाधीशों की पीठ ने 6:1 के बहुमत से दिया गया।
- इस निर्णय ने 2004 के ई वी चिन्नैया बनाम आंध्र प्रदेश राज्य मामले में पहले पांच-न्यायाधीशों की पीठ के फैसले को बदल दिया।
    - इस वाद में न्यायालय ने कहा था कि SC/ST एक समरूप समूह है और इसमें कोई उप-वर्गीकरण नहीं हो सकता है।
- वर्ष 1950 में संविधान में आरक्षण दिए जाने के बाद पहली बार ऐसा किया गया है।
- संविधान पीठ ने राज्यों को SC/ST श्रेणियों के भीतर सबसे पिछड़े समुदायों को – निश्चित उप-कोटा के माध्यम से व्यापक सुरक्षा के उद्देश्य से उप-वर्गीकरण (sub-classifications within the SC and ST) करने की अनुमति दी।
- इसके तहत राज्य SC श्रेणियों के बीच अधिक पिछड़े लोगों की पहचान कर सकते हैं और कोटे के भीतर अलग कोटा के लिए उन्हें उप-वर्गीकृत कर सकते हैं।
- इस फैसले में कहा गया कि सरकार को अन्य पिछड़ा वर्ग (OBC) श्रेणी की तरह अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के लिए भी "क्रीमी लेयर सिद्धांत" लागू करना चाहिए।
- मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा कि अनुसूचित जातियां एक समरूप वर्ग नहीं हैं तथा उप-वर्गीकरण संविधान के अनुच्छेद 14 के तहत समानता के सिद्धांत का उल्लंघन नहीं करता है।
- नोट: संविधान का अनुच्छेद 341(1) राष्ट्रपति को सार्वजनिक अधिसूचना के माध्यम से, अस्पृश्यता के ऐतिहासिक अन्याय से पीड़ित "जातियों, नृजातियों या आदिवासियों" को अनुसूचित जाति (SC) के रूप में सूचीबद्ध करने की अनुमति देता है।
- अनुच्छेद 341(2): केवल संसद ही "किसी भी जाति, नृजाति या आदिवासी" को (SC) की सूची में शामिल या बाहर कर सकती है।

## लद्दाख में 5 नए जिलों के गठन की घोषणा

- केंद्र सरकार ने केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख में पांच नए जिलों के गठन की घोषणा की।
- ज़ांस्कर, द्रास, शाम, नुबरा और चांगथांग नए जिले हैं।
- ये नए जिले निवासियों को सरकारी सेवाओं और सुविधाओं को जल्दी पहुँचाने के उद्देश्य से गठित किए गए है।
- वर्तमान में, लद्दाख में केवल दो जिले लेह और कारगिल हैं।
- प्रत्येक जिले का संचालन उसकी स्वायत्त जिला परिषद द्वारा किया जाता है।
- लद्दाख 2019 से पहले जम्मू और कश्मीर राज्य का हिस्सा था।
- नोट: 5 अगस्त 2019 को केंद्र द्वारा अनुच्छेद 370 को निरस्त करने पर लद्दाख तत्कालीन जम्मू और कश्मीर राज्य से अलग हो गया था। और इसे केंद्र शासित प्रदेश बना दिया गया।




नोट- मैप प्रतीकात्मक है।

## गोवा विधानसभा में अनुसूचित जनजातियों के लिए सीटें आरक्षित करने हेतु संसद में विधेयक

- केंद्रीय कानून मंत्री श्री अर्जुन राम मेघवाल ने 5 अगस्त को गोवा राज्य के विधानसभा क्षेत्रों में अनुसूचित जनजातियों के प्रतिनिधित्व का पुनर्समायोजन विधेयक, 2024 (Readjustment of Representation of Scheduled Tribes in Assembly Constituencies of the State of Goa Bill, 2024) पेश किया।
- यह गोवा विधानसभा में अनुसूचित जनजातियों (ST) को आरक्षण प्रदान करेगा।
- यह विधेयक जनगणना आयुक्त को गोवा में अनुसूचित जनजातियों की जनसंख्या को अधिसूचित करने का अधिकार देगा।
- इसके बाद चुनाव आयोग 40 सदस्यीय गोवा विधानसभा में अनुसूचित जनजातियों के लिए आरक्षण सुनिश्चित करने के लिए संसदीय और विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के परिसीमन आदेश, 2008 में संशोधन करेगा।
- वर्तमान में 40 सदस्यीय गोवा विधानसभा में कोई भी सीट अनुसूचित जनजाति समुदाय के लिए आरक्षित नहीं है, जबकि अनुसूचित जाति के लिए 1 सीट आरक्षित है।

## वक्फ (संशोधन) विधेयक, 2024

- इस विधेयक को केंद्रीय अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री किरेन रिजिजू ने लोक सभा में पेश किया।
- केंद्र सरकार ने 8 अगस्त को वक्फ (संशोधन) विधेयक, 2024 को संसद की संयुक्त समिति को भेजा गया।
- 31 सदस्यीय संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) वक्फ (संशोधन) विधेयक, 2024 की समीक्षा करेगी।
- इस समिति में लोकसभा से 21 और राज्यसभा से 10 सदस्य हैं।
- इस विधेयक के मूल अधिनियम का नाम वक्फ अधिनियम, 1995 से बदलकर एकीकृत वक्फ प्रबंधन, सशक्तीकरण, दक्षता और विकास अधिनियम, 1995 (Unified Waqf Management, Empowerment, Efficiency and Development Act, 1995) कर दिया है।
- प्रस्तावित संशोधन वक्फ को संचालित करने की शक्ति बोर्डों और वक्फ ट्रिब्यूनल्स से राज्य सरकारों को सौंपने का प्रस्ताव किया है।
- इस अधिनियम के लागू होने से पहले या बाद में वक्फ संपत्ति के रूप में पहचानी गई या घोषित की गई सरकारी संपत्ति वक्फ संपत्ति नहीं मानी जाएगी।
- यह सरकार को यह तय करने का अधिकार देता है कि वक्फ के रूप में दी गई संपत्ति सरकारी भूमि है या नहीं।
- इसके तहत विवाद की स्थिति में कलेक्टर निर्णय लेगा जबकि वर्तमान में, इसका निर्णय वक्फ ट्रिब्यूनल द्वारा किया जाता है।
- यह विधेयक केंद्र सरकार को "किसी भी समय भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक द्वारा नियुक्त लेखा परीक्षक या उस उद्देश्य के लिए केंद्र सरकार द्वारा नामित किसी अधिकारी द्वारा किसी भी वक्फ की ऑडिट करने का निर्देश देने" की शक्ति भी देता है।
- यह विधेयक राज्यों में वक्फ बोर्डों की संरचना में बदलाव का अधिकार देता है। इसमें गैर-मुस्लिम CEO की नियुक्ति की अनुमति देने का भी प्रस्ताव है। (कम से कम दो गैर-मुस्लिम सदस्य नामित)
- वक्फ: यह मुसलमानों द्वारा किसी विशेष उद्देश्य – धार्मिक, चैरटी या निजी उद्देश्यों के लिए दी गई व्यक्तिगत संपत्ति है।
- वक्फ का गठन किसी डीड या डॉक्यूमेंट के माध्यम से या मौखिक रूप से किया जा सकता है।
- वक्फ बोर्ड राज्य सरकार के अधीन एक संस्था है, जो पूरे राज्य में वक्फ संपत्तियों के संरक्षक के रूप में काम करता है।

## बैंकिंग कानून (संशोधन) विधेयक, 2024

- इसे वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा 09 अगस्त 2024 को लोकसभा में पेश किया गया।
- यह विधेयक ग्राहकों को प्रति बैंक खाते में नामांकित व्यक्तियों की संख्या मौजूदा एक से बढ़ाकर 4 करने का विकल्प प्रदान करता है।
- यह निदेशक पदों के लिए 'पर्याप्त हित' को फिर से परिभाषित करने से संबंधित परिवर्तन का प्रस्ताव करता है।
- यह बैंकों को यह तय करने में अधिक स्वतंत्रता भी देता है कि वैधानिक लेखा परीक्षकों को कितना पारिश्रमिक दिया जाना है।
- इसके अतिरिक्त, यह उन तिथियों को बदलता है जिन पर बैंकों को विनियामक अनुपालन के लिए रिपोर्ट करना चाहिए।
- यह विधेयक निम्नलिखित अधिनियमों में संशोधन करने का प्रस्ताव करता है-
    - भारतीय रिज़र्व बैंक अधिनियम, 1934
    - बैंकिंग विनियमन अधिनियम, 1949
    - भारतीय स्टेट बैंक अधिनियम, 1955
    - बैंकिंग कंपनियाँ (उपक्रमों का अधिग्रहण और हस्तांतरण) अधिनियम, 1970
    - बैंकिंग कंपनियाँ (उपक्रमों का अधिग्रहण और हस्तांतरण) अधिनियम, 1980
- नोट: वित्त मंत्री ने अपने 2023-24 के बजट भाषण के दौरान बैंकिंग विनियमन अधिनियम में संशोधनों के बारे में घोषणा की।

## न्यायालयों को परिसीमन आयोग के आदेशों की वैधता की जाँच करने का अधिकार है-सुप्रीम कोर्ट

- सुप्रीम कोर्ट ने किशोरचंद्र छगनलाल राठौड़ बनाम भारत संघ और अन्य मामले में कहा कि यदि कोई आदेश स्पष्ट रूप से मनमाना और संवैधानिक मूल्यों के अनुरूप नहीं हो तो न्यायालय परिसीमन आयोग (delimitation commission) द्वारा पारित आदेशों की वैधता की जाँच कर सकता है।
- यह आदेश गुजरात उच्च न्यायालय के एक आदेश के खिलाफ दायर याचिका पर आया है।
- उच्च न्यायालय ने संविधान के अनुच्छेद 329(a) का हवाला देते हुए कहा था कि चुनाव संबंधी मामलों में न्यायालय हस्तक्षेप नहीं कर सकता है।
- सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि अनुच्छेद 329(a) चुनाव मामले में न्यायिक जांच के दायरे को सीमित करता है, लेकिन इसे परिसीमन की हर कार्रवाई के लिए लागू नहीं माना जा सकता है।
- सर्वोच्च न्यायालय की पीठ द्रविड़ मुनेत्र कड़गम (डीएमके) बनाम तमिलनाडु राज्य (2020) मामले में का उदाहरण देते हुए कहा कि न्यायालय चुनावों को सुविधाजनक बनाने के लिए या दुर्भावनापूर्ण या मनमाने ढंग से सत्ता का प्रयोग होता है, तो हस्तक्षेप कर सकता है।

**परिसीमन**

- परिसीमन का तात्पर्य किसी देश या प्रांत में विधानमंडल वाले क्षेत्रीय निर्वाचन क्षेत्रों की सीमा या सीमा तय करने की क्रिया या प्रक्रिया से है।
- संविधान के अनुच्छेद 82 के तहत, प्रत्येक जनगणना के पश्चात संसद विधि द्वारा परिसीमन कानून बनाती है।
- कानून के लागू होने के पश्चात केन्द्र सरकार परिसीमन आयोग का गठन करती है।

- यह परिसीमन आयोग परिसीमन अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार, संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों की सीमाओं का सीमांकन करता है।
- निर्वाचन क्षेत्रों का वर्तमान परिसीमन, परिसीमन अधिनियम, 2002 के प्रावधानों के अंतर्गत वर्ष 2001 के जनगणना आंकड़ों के आधार पर किया गया है।
- वर्ष 2002 में, 84वें संविधान संशोधन के द्वारा लोकसभा और राज्य विधानसभाओं के परिसीमन की प्रक्रिया को कम से कम वर्ष 2026 तक रोक दिया गया।
- भारत में अब तक परिसीमन आयोगों का गठन 4 बार किया गया है – 1952 में, 1963 में, 1973 में और 2002 में।
- परिसीमन आयोग निर्णय को किसी भी न्यायालय में चुनौती नहीं दी जा सकती है।

## लेटरल एंट्री विवाद

- हाल ही में कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग से निर्देश मिलने के बाद नौकरशाही में लेटरल एंट्री से संबंधित विज्ञापन को रद्द कर दिया गया है।
- नोट: संघ लोक सेवा आयोग द्वारा केंद्रीय मंत्रालयों में 45 संयुक्त सचिवों, निदेशकों और उप सचिवों की नियुक्ति के लिए विज्ञापन जारी किया था।
- केंद्र सरकार द्वारा अनुसूचित जाति (SC) और अनुसूचित जनजाति (ST) के लिए कोटा की कमी के कारण इन नियोजित भर्तियों को रद्द कर दिया गया है।

### लेटरल एंट्री

- इसके तहत मध्य और वरिष्ठ स्तर के पदों को भरने के लिए पारंपरिक सरकारी सेवा संवर्गों के बाहर से किसी व्यक्ति की भर्ती की जाती है।
- इसका उद्देश्य विशेषज्ञता का उपयोग करके जटिल शासन और नीति कार्यान्वयन चुनौतियों को हल करना है।
- लेटरल एंट्री की सिफारिश 2005 में स्थापित द्वितीय प्रशासनिक सुधार आयोग (ARC) ने की गई थी।

◆◆◆◆

# 3 आर्थिक परिदृश्य

## RBI की द्विमासिक मौद्रिक नीति समिति की बैठक

- भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) की मौद्रिक नीति समिति (MPC) की बैठक 6-8 अगस्त को मुंबई में हुई।
- इस बैठक की अध्यक्षता रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने की।
- नोट: मौद्रिक नीति समिति (MPC) में RBI के 3 अधिकारी और 3 केंद्र सरकार द्वारा नियुक्त सदस्य हैं।
- इस बैठक में RBI ने रेपो दर को 6.5 प्रतिशत पर अपरिवर्तित रखने का निर्णय लिया। ( लगातार 9वीं बार)
- मौद्रिक नीति समिति ने अंतिम बार फरवरी 2023 में रेपो रेट में बढ़ोतरी की थी।
- इसने वर्ष 2024-25 के लिए सकल घरेलू उत्पाद (GDP) के अपेक्षित विकास दर के पूर्वानुमान 7.2% को नहीं बदला है।

## वर्तमान दरें

| | |
|---|---|
| नीति रिपो दर | 6.50% |
| रिवर्स रेपो दर | 3.35% |
| स्थायी जमा सुविधा (SDF) | 6.25% |
| सीमांत स्थायी सुविधा दर (MSF) | 6.75% |
| बैंक दर | 6.75% |
| नकद आरक्षित अनुपात (CRR) | 4.50% |
| वैधानिक तरलता अनुपात (SLR) | 18% |

मौद्रिक नीति समिति (MPC)
- इस समिति में वर्तमान में 6 सदस्यों की समिति है।
- इसमें तीन सदस्य RBI से होते हैं और तीन सदस्य भारत सरकार द्वारा नियुक्त किए जाते हैं।
- इस समिति की अध्यक्षता आरबीआई गवर्नर करता है।
- इस समिति का गठन उर्जित पटेल कमिटी की सिफारिश के आधार किया गया था।

## देश में 12 औद्योगिक नोड्स/शहरों को मंजूरी मिली

- आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति ने 28 अगस्त 2024 को राष्ट्रीय औद्योगिक गलियारा विकास कार्यक्रम (NICDP) के तहत 12 औद्योगिक नोड्स/शहरों को मंजूरी दी है।
- ये परियोजनाएँ 10 राज्यों में विस्तृत और 6 प्रमुख गलियारों के साथ रणनीतिक रूप से संबद्ध होगी।
  - उत्तराखंड के खुरपिया
  - पंजाब के राजपुरा-पटियाला
  - महाराष्ट्र के दिघी
  - केरल के पलक्कड़
  - उत्तर प्रदेश के आगरा और प्रयागराज
  - बिहार के गया
  - तेलंगाना के जहीराबाद
  - आंध्र प्रदेश के ओरवाकल और कोप्पर्थी
  - राजस्थान के जोधपुर-पाली
- नए औद्योगिक शहरों को वैश्विक मानकों के ग्रीनफील्ड स्मार्ट शहरों के रूप में विकसित किया जाएगा।

## 4 केंद्रीय उपक्रमों (CPSE) को 30 अगस्त 2024 को नवरत्न का दर्जा मिला

- सार्वजनिक क्षेत्र के 4 केंद्रीय उपक्रमों (CPSE) को 30 अगस्त 2024 को नवरत्न का दर्जा (Navratna status) देने की मंजूरी दी गई।
- ये CPSE हैं-
  - रेलटेल कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया
  - सोलर एनर्जी कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (SECI)
  - सतलुज जल विद्युत निगम (SJVN)
  - नेशनल हाइड्रोइलेक्ट्रिक पावर कॉरपोरेशन (NHPC)
  - भारत में वर्तमान में नवरत्न CPSE की कुल संख्या 25 हो गई है।

## भारत का सबसे बड़ा बंदरगाह

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 30 अगस्त 2024 को वधवन बंदरगाह की महाराष्ट्र के पालघर में आधारशिला राखी।
- यह देश का सबसे बड़ा गहरे पानी का बंदरगाह बनने वाला है।
- इस परियोजना का निर्माण वधवन पोर्ट प्रोजेक्ट लिमिटेड (VPPL) द्वारा किया जाएगाए जो जवाहरलाल नेहरू पोर्ट अथॉरिटी और महाराष्ट्र मैरीटाइम बोर्ड द्वारा गठित एक स्पेशल पर्पज व्हीकल है, जिसमें उनकी हिस्सेदारी क्रमश: 74% और 26% है।
- वधवन पोर्ट को ग्रीनफील्ड डीप ड्राफ्ट मेजर पोर्ट के रूप में विकसित किया जाएगा, जो सभी मौसमों में संचालन योग्य होगा।

## यूनिफाइड पेंशन स्कीम (UPS)

- केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 24 अगस्त को यूनिफाइड पेंशन स्कीम (Unified Pension Scheme: UPS) को मंजूरी दी।
- यह योजना 1 अप्रैल, 2025 से प्रभावी होगी।
- यह योजना टी.वी. सोमनाथन समिति की रिपोर्ट की सिफारिशों पर बनाई गई है।

UPS की मुख्य विशेषताएं:

| | |
|---|---|
| सुनिश्चित पेंशन | 25 वर्ष की न्यूनतम सेवा के लिए सेवानिवृत्ति से पहले अंतिम 12 महीनों में प्राप्त औसत मूल वेतन का 50% 25 वर्ष से कम लेकिन न्यूनतम 10 वर्ष की सेवा अवधि के लिए भी पेंशन का यही अनुपात होगा। |

| | |
|---|---|
| सुनिश्चित फैमिली पेंशन | पेंशन धारक कर्मचारी की मृत्यु की स्थिति में उसके परिवार को कर्मचारी की पेंशन का 60% पेंशन मिलेगी। |
| सुनिश्चित मिनिमम पेंशन | न्यूनतम 10 वर्ष की सेवा के बाद सेवानिवृत्ति पर 10,000 प्रति माह। |
| मुद्रास्फीति से समायोजन | सर्विस कर्मचारियों के मामले में औद्योगिक श्रमिकों के लिए अखिल भारतीय उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (AICPI-IW) पर आधारित महंगाई राहत। |
| ग्रेच्युटी के अलावा सेवानिवृत्ति पर एकमुश्त भुगतान | सेवानिवृत्ति की तिथि पर मासिक परिलब्धियों (वेतन + डीए) का 1/10वाँ हिस्सा सेवा वर्ष के प्रत्येक पूर्ण छह महीनों के लिए। इस भुगतान से सुनिश्चित पेंशन की मात्रा में कमी नहीं आएगी। |
| अंशदान | ओल्ड पेंशन स्कीम (OPS) और UPS के बीच मुख्य अंतर यह है कि OPS में कर्मचारियों या नियोक्ता को अंशदान नहीं करना पड़ता था लेकिन UPS में कर्मचारी को अपने मूल वेतन का 10% और सरकार को कर्मचारी के मूल वेतन का 18.5% अंशदान करना होगी। |

## प्रधानमंत्री जी-वन योजना के विस्तार को मंजूरी मिली

- केंद्रीय मंत्रिमंडल ने प्रधानमंत्री जी-वन योजना (Pradhan Mantri JI-VAN Yojana) के विस्तार को मंजूरी दी है।
- यह देश के एडवांस्ड जैव ईंधन (बायो-फ्यूल) क्षेत्र को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से एक प्रमुख पहल है।
- इस संशोधित योजना को कार्यान्वयन की अवधि से 5 वर्ष तक बढ़ा दी गई है। (2028-29 तक)
- कृषि अवशेषों, वन अपशिष्ट, औद्योगिक उप-उत्पादों और शैवाल जैसे लिग्नोसेल्यूलोसिक फीडस्टॉक्स (lignocellulosic feedstocks) से उत्पादित जैव ईंधन को शामिल करने के लिए इसके दायरे को व्यापक बनाती है।
- इस योजना में अब "बोल्ट-ऑन" और "ब्राउनफील्ड" परियोजनाएँ शामिल हैं।
- यह पहले की फैसिलिटी यानि केंद्रों को उनके संचालन को अनुकूलित और बेहतर बनाने की अनुमति देती हैं।
- इथेनॉल मिश्रित पेट्रोल (EBP) कार्यक्रम के तहत, केंद्र सरकार का लक्ष्य 2025-26 इथेनॉल आपूर्ति वर्ष के अंत तक पेट्रोल के साथ 20% इथेनॉल मिश्रित करने का लक्ष्य प्राप्त करना है।
- इथेनॉल उत्पादन क्षमता में पर्याप्त वृद्धि इस योजना में सरप्लस बायोमास और कृषि अपशिष्ट से दूसरी पीढ़ी (2G) के इथेनॉल के विकास पर बल दिया गया है।
- प्रधानमंत्री जी-वन योजना मार्च 2019 में शुरू की गई थी।
- इसके तहत पानीपत में इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन ने भारत के पहले 2G इथेनॉल संयंत्र की स्थापना की गई है।

## यूनिफाइड लेंडिंग इंटरफेस (ULI)

- रिजर्व बैंक बिना किसी परेशानी के ऋण देने के लिए यूनिफाइड लेंडिंग इंटरफेस (यूएलआई) नामक एप्लीकेशन का परीक्षण कर रहा है।
- इसे यूनीफाइड पब्लिक इंटरफेस (UPI) की तर्ज पर लोगों को ऋण सुविधा उपलब्ध कराने हेतु लॉन्च किया जाएगा।
- इसका उद्देश्य विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों में और छोटे उधारकर्ताओं के लिए ऋण देने में लगने वाले समय को कम करना है।
- यह विभिन्न डेटा प्रदाताओं से ऋणदाताओं तक भूमि रिकॉर्ड सहित डिजिटल जानकारी के निर्बाध और सहमति-आधारित प्रवाह की सुविधा प्रदान करेगा।
- इसका बुनियादी ढांचा त्वरित पहुँच को सक्षम करने के लिए प्लग-एंड-प्ले दृष्टिकोण के लिए डिज़ाइन किया गया है।
- यह विविध स्रोतों से उधारदाताओं के लिए डिजिटल पहुँच में सुधार करता है।

## 'विज्ञान धारा' योजना

- केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 24 अगस्त, 2024 को विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग की तीन अम्ब्रेला योजनाओं को जारी रखने की मंजूरी दी।
- इन योजनाओं को अब 'विज्ञान धारा' (Vigyan Dhara) नामक सेंट्रल सेक्टर स्कीम में मिला दिया गया है।
- इसका उद्देश्य विज्ञान और प्रौद्योगिकी क्षेत्र में क्षमता निर्माण करते हुए अनुसंधान, नवाचार और प्रौद्योगिकी विकास को बढ़ाना है।
- यह योजना 15वें वित्त आयोग की अवधि 2021-22 से 2025-26 के लिए है।
- इस योजना के लिए प्रस्तावित परिव्यय 10,579 करोड़ रुपये है।
- इस योजना के तहत 11वीं और 12वीं कक्षाओं के लिए इंटर्नशिप और स्नातक और स्नातकोत्तर पीएचडी और पोस्ट डॉक्टरेट अनुसंधान के लिए फेलोशिप दी जाएगी।
- इस योजना के तीन व्यापक घटक हैं:
  - विज्ञान और प्रौद्योगिकी (S&T) संस्थागत और मानव क्षमता निर्माण
  - अनुसंधान-विकास और नवाचार
  - प्रौद्योगिकी विकास और उपयोग।

## महिला उद्यमिता कार्यक्रम

- इसे राष्ट्रीय कौशल विकास निगम (NSDC) ने ब्रिटानिया इंडस्ट्रीज लिमिटेड के साथ साझेदारी में 31 जुलाई 2024 को लॉन्च किया गया।
- यह कार्यक्रम महिलाओं को व्यवसाय शुरू करने और आगे बढ़ाने में आने वाली चुनौतियों का समाधान करने हेतु शुरू किया गया है।

- इसके तहत वित्तीय अनुदान भी दिया जाएगा और स्किल इंडिया डिजिटल हब पर उत्पादों और सेवाओं को प्रदर्शित किया जाएगा।
- इसमें उद्यमिता कौशल पाठ्यक्रमों के पूरा होने पर उनके उद्यमशीलता कौशल और दक्षताओं को मान्यता हेतु प्रमाण पत्र दिया जाएगा।
- इसका उद्देश्य सफल व्यवसाय शुरू करने और विकसित करने के लिए आवश्यक कौशल, ज्ञान और संसाधन प्रदान करके देश में लगभग 25 लाख महिलाओं को सशक्त बनाना है।
- इसमें ब्रिटानिया इंडस्ट्रीज द्वारा 10 सबसे सफल प्रतियोगियों में से प्रत्येक को 10 लाख रुपये का वित्तीय अनुदान दिया जाएगा।

## 'BioE3 नीति'

- केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा 24 अगस्त 2024 को BioE3 (अर्थव्यवस्था, पर्यावरण और रोजगार के लिए जैव प्रौद्योगिकी) नीति' के प्रस्ताव को मंजूरी दी।
- इसका नोडल विभाग जैव प्रौद्योगिकी विभाग है।
- इसका उद्देश्य उच्च गुणवत्ता के जैव विनिर्माण को बढ़ावा देना है।

| मुख्य विशेषताएं | रणनीतिक/विषयगत क्षेत्र |
|---|---|
| • विषयगत क्षेत्रों में अनुसंधान एवं विकास तथा उद्यमिता को नवाचार-संचालित समर्थन।<br>• जैव विनिर्माण एवं बायो-एआई हब तथा बायोफाउंड्री की स्थापना करके प्रौद्योगिकी विकास और व्यावसायीकरण में तेजी लाएगा।<br>• हरित विकास के पुनरुत्पादन जैव अर्थव्यवस्था मॉडल को प्राथमिकता।<br>• भारत के कुशल कार्यबल के विस्तार की सुविधा<br>• रोजगार सृजन में वृद्धि। | • उच्च मूल्य वाले जैव-आधारित रसायन<br>• बायोपॉलिमर और एंजाइम<br>• स्मार्ट प्रोटीन और फंक्शनल फ़ूड<br>• सटीक जैव चिकित्सा<br>• जलवायु सहनीय कृषि<br>• कार्बन स्तर में कमी और इसका उपयोग<br>• समुद्री और अंतरिक्ष अनुसंधान। |

- यह नीति सरकार की 'नेट जीरो' कार्बन अर्थव्यवस्था और 'पर्यावरण के लिए जीवनशैली' जैसी पहलों को और मजबूत करेगी।
- यह 'चक्रीय जैव अर्थव्यवस्था' को बढ़ावा देकर भारत को 'हरित विकास' के मार्ग पर आगे बढ़ने में गति प्रदान करेगी।
- यह नीति विकसित भारत के लिए बायो-विजन का निर्धारण करती है।

## स्वच्छ पौध कार्यक्रम (CPP)

- केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 9 अगस्त 2024 को स्वच्छ पौध कार्यक्रम (CPP) को मंजूरी दी।
- इसे कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय द्वारा एकीकृत बागवानी विकास मिशन के तहत मंजूरी दी गई है।
- यह कार्यक्रम भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (ICAR) के सहयोग से राष्ट्रीय बागवानी बोर्ड द्वारा कार्यान्वित किया जाएगा।
- इसके तहत एडवांस डायग्नोस्टिक थेराप्यूटिक्स और टिशू कल्चर प्रयोगशालाओं से युक्त नौ विश्व स्तरीय अत्याधुनिक क्लीन प्लांट सेंटर (Clean Plant Centers) पूरे भारत में स्थापित किए जाएंगे।
- यह कार्यक्रम वायरस रहित, उच्च गुणवत्ता वाली रोपण सामग्री उपलब्ध कराने में सहायता करेगा।
- इससे फसल की पैदावार बढ़ेगी और आय के बेहतर अवसर बढ़ेंगे।
- यह उच्च गुणवत्ता, वायरस मुक्त रोपण सामग्री तक पहुँच प्रदान कर बागवानी में आने वाली चुनौतियों के समाधान में डिज़ाइन किया गया है।

## मॉडल सोलर विलेज

- नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय द्वारा प्रधानमंत्री सूर्य घर: मुफ्त बिजली योजना के तहत 'मॉडल सोलर विलेज' के कार्यान्वयन के लिए दिशानिर्देश 9 अगस्त 2024 को अधिसूचित किए गए।
- 'मॉडल सोलर विलेज' के तहत, देश में प्रत्येक जिले में एक मॉडल सोलर विलेज बनाने का प्रावधान है।
- इसका लक्ष्य सौर ऊर्जा अपनाने को बढ़ावा देना तथा ग्रामीण समुदायों को ऊर्जा जरूरतों को पूरा कर आत्मनिर्भर बनाना है।
- इसका बजट 800 करोड़ रुपये है।
- इसमें प्रत्येक चयनित मॉडल सौर गांव के लिए 1 करोड़ रुपये प्रदान किए जाएंगे।
- इसमें प्रतियोगिता मोड के तहत गांव का चयन किया जाएगा।
- शर्त: गांव की आबादी 5,000 (या विशेष श्रेणी के राज्यों के लिए 2,000) होनी चाहिए और इसे राजस्व गांव होना चाहिए।

पीएम-सूर्य घर: मुफ्त बिजली योजना

- यह योजना 13 फरवरी, 2024 को शुरू की गई।
- यह योजना छत पर सौर ऊर्जा स्थापित करने के लिए शुरू की गई है
- इसका लक्ष्य एक करोड़ घरों के लिए हर महीने 300 यूनिट तक मुफ्त बिजली प्रदान करना है।
- इसके लिए 75,021 करोड़ रुपये का बजट निर्धारित किया गया है।

प्रमुख विशेषताएं:

- इस योजना में 2 किलोवाट क्षमता तक की प्रणालियों के लिए सौर इकाई लागत का 60% और 2 से 3 किलोवाट क्षमता के बीच की प्रणालियों के लिए अतिरिक्त प्रणाली लागत का 40% प्रतिशत सब्सिडी प्रदान की जाती है।
- इस सब्सिडी की सीमा 3 किलोवाट क्षमता तक है।
- इसमें 1 किलोवाट प्रणाली के लिए 30,000 रुपये, 2 किलोवाट प्रणाली के लिए 60,000 रुपये और 3 किलोवाट या उससे अधिक प्रणाली के लिए अधिकतम 78,000 रुपये की सब्सिडी का प्रावधान किया गया है।

- इसमें ग्रामीण क्षेत्रों में छत पर सौर ऊर्जा अपनाने के हेतु उदाहरण प्रस्तुत करने हेतु देश के प्रत्येक जिले में एक आदर्श सौर गांव विकसित किया जाएगा।
- इस योजना के माध्यम से, शामिल घर बिजली बिल बचाने के साथ-साथ डिस्कॉम को अधिशेष बिजली की बिक्री के माध्यम से अतिरिक्त आय अर्जित करने में सक्षम होंगे।
- इस योजना से आवासीय क्षेत्र में छत पर स्थापित सौर ऊर्जा के माध्यम से 30 गीगावॉट की सौर क्षमता की वृद्धि होगी।
- इसमें छत पर स्थापित सौर ऊर्जा प्रणाली के 25 साल के जीवनकाल में 720 मिलियन टन कार्बन डाइऑक्साइड के बराबर उत्सर्जन में कमी आएगी।

## प्रधानमंत्री आवास योजना- शहरी 2.0

- केंद्रीय मंत्रिमंडल ने प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी (PMAY-U) 2.0 को 9 अगस्त 2024 को मंजूरी दे दी है।
- इस योजना के तहत 5 वर्षों में शहरी क्षेत्रों में घर बनाने, खरीदने या किराए पर लेने के लिए राज्यों/केन्द्र शासित प्रदेशों/प्राथमिक ऋण संस्थानों (PLI) के माध्यम से 1 करोड़ शहरी गरीब और मध्यमवर्गीय परिवारों को केंद्रीय सहायता प्रदान करेगी।
- इस योजना के तहत ₹ 2.30 लाख करोड़ की सरकारी सहायता प्रदान की जाएगी।
- प्रधानमंत्री आवास योजना- शहरी विश्व की सबसे बड़ी किफायती आवास परियोजनाओं में से एक है।
- यह योजना 2015 में शुरू की गई थी।
- पात्रता: आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (EWS)/निम्न आय वर्ग (LIG)/मध्यम आय वर्ग (MIG) परिवार, जिनके पास देश में कहीं भी अपना कोई पक्का घर नहीं है।
  - EWS: ₹3 लाख तक की वार्षिक आय वाले परिवार
  - LIG: ₹3 लाख से ₹6 लाख तक की वार्षिक आय वाले परिवार
  - MIG: ₹6 लाख से ₹ 9 लाख तक वार्षिक आय वाले परिवार

## केंद्र सरकार ने आठ राष्ट्रीय हाई-स्पीड रोड कॉरिडोर परियोजनाओं को मंजूरी दी

- केंद्र सरकार ने 2 अगस्त 2024 को 50,655 करोड़ रुपये की कुल लागत से 936 किमी लंबाई की आठ महत्वपूर्ण राष्ट्रीय हाई-स्पीड रोड कॉरिडोर परियोजनाओं को मंजूरी दी।
- इसका उद्देश्य लॉजिस्टिक्स दक्षता में सुधार, भीड़भाड़ को कम करने और देश भर में कनेक्टिविटी बढ़ाना है।

**8 हाई स्पीड कॉरिडोर परियोजनाएं**

1. आगरा-ग्वालियर राष्ट्रीय हाई स्पीड कॉरिडोर (छह लेन)
2. खड़गपुर-मोरग्राम राष्ट्रीय हाई स्पीड कॉरिडोर (चार लेन)
3. थराद – दीसा – मेहसाणा – अहमदाबाद राष्ट्रीय हाई स्पीड कॉरिडोर (छह लेन)
4. अयोध्या रिंग रोड (चार लेन)
5. रायपुर-रांची राष्ट्रीय हाई स्पीड कॉरिडोर का पत्थलगांव और गुमला के बीच 5 लेन का सेक्शन
6. कानपुर रिंग रोड (छह लेन)
7. उत्तरी गुवाहाटी बाईपास और मौजूदा गुवाहाटी बाईपास का चौड़ीकरण/सुधार (चार लेन)
8. पुणे के पास एलिवेटेड नासिक फाटा – खेड़ कॉरिडोर (आठ लेन)

लाभ

- प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से अनुमानित 4.42 करोड़ मानव दिवस रोजगार सृजित होंगे।
- बुनियादी ढांचे के विकास सकल घरेलू उत्पाद पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा।

## RESET कार्यक्रम

- केंद्रीय युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय द्वारा 29 अगस्त 2024 को नई दिल्ली में राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर 'सेवानिवृत्त खिलाड़ी सशक्तिकरण प्रशिक्षण' (Retired Sportsperson Empowerment Training: RESET) कार्यक्रम शुरू किया।
- इसके तहत देश के लिए खेलने वाले और राष्ट्र को अपार सम्मान दिलाने वाले सेवानिवृत्त खिलाड़ियों को सशक्त बनाया गया।
- इन खिलाड़ियों का अनुभव भविष्य के चैंपियनों को बनानेए भारत में खेलों के विकास में योगदान देने और राष्ट्र निर्माण को बढ़ावा देने के लिए एक आधार के रूप में काम करेगा।

## 100 बागवानी क्लस्टरों के लिए 18,000 करोड़ रुपये की घोषणा

- केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने किसानों की आय बढ़ाने के लिए, अगले 5 वर्षों में 100 निर्यातोन्मुखी बागवानी क्लस्टर स्थापित करने के लिए 18,000 करोड़ रुपये के परिव्यय की घोषणा की।
- इसके तहत घरेलू उत्पादन को बढ़ावा देने और खाना पकाने के तेलों के आयात को कम करने के लिए, सरकार 6,800 करोड़ रुपये के परिव्यय के साथ तिलहन मिशन शुरू करेगी।
- इसके अलावा केंद्र सरकार का लक्ष्य जलवायु-अनुकूल फसलों की 1,500 नई किस्में विकसित करना है।

## आयुष को आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री-जन आरोग्य योजना में शामिल किया जाएगा

- आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री - जन आरोग्य योजना (एबी पीएम-जेएवाई) के तहत आयुष पैकेज को शामिल करने का प्रस्ताव किया गया है।
- केंद्रीय सरकार स्वास्थ्य योजना (CGHS) में नामांकित केंद्र सरकार के कर्मचारियों और पेंशनभोगियों को एलोपैथिक के साथ-साथ आयुष चिकित्सा प्रणालियों के माध्यम से स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच है।
- आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री - जन आरोग्य योजना (AB PM-JAY) के तहत भारत की आबादी के निचले 40 प्रतिशत हिस्से में शामिल 12.34 करोड़ परिवारों को माध्यमिक और तृतीयक देखभाल अस्पताल में भर्ती होने के लिए प्रति वर्ष प्रति परिवार 5 लाख रुपये का स्वास्थ्य कवर प्रदान किया जाता है।

- वर्तमान में, सीजीएचएस भारत में एक आयुर्वेदिक अस्पताल के साथ 110 आयुष वेलनेस सेंटर चलाता है।
- इसके अतिरिक्त, 20 योग प्रशिक्षु आयुष मंत्रालय के तहत मोरारजी देसाई राष्ट्रीय योग संस्थान (MDNIY) के सहयोग से विभिन्न CGHS वेलनेस सेंटरों पर लाभार्थियों को योग परामर्श प्रदान करते हैं।
- आयुष मंत्रालय ने वित्त वर्ष 2021-22 से आयुर्वेद स्वास्थ्य योजना की एक केंद्रीय क्षेत्र योजना लागू की है।
- इस योजना के 2 घटक हैं:
  - आयुष और सार्वजनिक स्वास्थ्य
  - उत्कृष्टता केंद्र (सीओई)
- आयुष स्वास्थ्य योजना के आयुष और सार्वजनिक स्वास्थ्य घटक के अंतर्गत, आयुष दवाओं के वितरण और ग्रामीण, आदिवासी आबादी और शहरों में मलिन बस्तियों आदि में निःशुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित करने का प्रावधान है।
- इस घटक के अंतर्गत आने वाली आबादी कम से कम 1.5 लाख होगी।

## 'एक भारत-एक टिकट' पहल

- यह पहल भारतीय रेलवे और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र परिवहन निगम (एनसीआरटीसी) की साझेदारी में शुरू की जाएगी।
- इससे यात्रियों को दोनों सेवाओं का उपयोग करके बुकिंग और यात्रा करने की सुविधा मिलेगी।
- इसमें उपयोगकर्ता IRCTC ट्रेन ई-टिकट बुक करने के बाद एक अतिरिक्त सेवा के रूप में नमो भारत ट्रेन टिकट बुक कर सकते हैं।
- प्रत्येक टिकट पर चार दिनों के लिए वैध एक यूनीक क्यूआर कोड होगा, और प्रत्येक यात्री को एक समर्पित क्यूआर कोड के साथ अपना स्वयं का नमो भारत टिकट प्राप्त होगा।
- इसका उद्देश्य एक सहज यात्रा समाधान प्रदान करना है, जिससे यात्रियों के लिए बुकिंग और यात्रा करना आसानी हो।

## भारत रूसी तेल का दुनिया का सबसे बड़ा आयातक बना

- जुलाई में रूसी कच्चे तेल का रिकॉर्ड 2.07 मिलियन बैरल प्रति दिन (बीपीडी) आयात हुआ। यह भारत के कुल आयात का 44% था।
- यह जून से 4.2% और पिछले साल इसी महीने से 12% की वृद्धि है।
- यह रूस से चीन के 1.76 मिलियन बैरल प्रति दिन तेल आयात से अधिक है।
- रूस ने फरवरी 2022 में यूक्रेन के खिलाफ अपना युद्ध शुरू होने के बाद से भारत का रूस के साथ व्यापार, मुख्य रूप से तेल और उर्वरक के आयात के परिणामस्वरूप, बढ़ा है।
- इसके अलावा इराक भारत का दूसरा सबसे बड़ा तेल आपूर्तिकर्ता है तथा सऊदी अरब और यूएई तीसरे और चौथे स्थान है।

## रैपिडो भारत की नई यूनिकॉर्न बनी

- रैपिडो वेस्टब्रिज कैपिटल से लगभग $120 मिलियन (₹1,000 करोड़) जुटाने के बाद यूनिकॉर्न बना है।
- रैपिडो अब देश में नए शहरों में अपनी ऑटो और कैब सेवाओं का विस्तार करेगी।
- यूनिकॉर्न से तात्पर्य ऐसे निजी स्वामित्व वाले स्टार्टअप से है जिसका मूल्य 1 बिलियन डॉलर से अधिक है।
- रैपिडो इस नए फंडिंग का उपयोग अपने तकनीकी ढांचे को विकसित करने और नए बाजारों में विस्तार करने के लिए करना चाहता है, जो पहले ओला और उबर के प्रभुत्व में थे।
- रैपिडो की स्थापना 2015 में अरविंद सांका, पवन गुंटुपल्ली और ऋषिकेश एसआर ने की थी।
- रैपिडो वर्ष 2024 में यूनिकॉर्न बनने वाली भारत की तीसरी कंपनी है, इससे पहले परफियोस और ओला के संस्थापक भाविश अग्रवाल की क्रुट्रिम एआई थी।
- वर्ष 2023 में, भारत से केवल दो नए यूनिकॉर्न ज़ेप्टो और इनक्रेड वेल्थ बने थे।

◆◆◆◆

# 4 अंतरराष्ट्रीय परिदृश्य

## आपूर्ति व्यवस्था की सुरक्षा (SOSA) समझौता

- यह समझौता 23 अगस्त 2024 को संयुक्त राज्य अमेरिका और भारत के बीच किया गया।
- भारत संयुक्त राज्य अमेरिका का 18वाँ SOSA साझेदार है।
- यह दोनों देशों को राष्ट्रीय रक्षा के लिये एक-दूसरे की वस्तुओं और सेवाओं को प्राथमिकता देने की अनुमति देता है।
- इससे आपात स्थितियों के दौरान आपूर्ति शृंखला में लचीलापन सुनिश्चित होता है।
- यद्यपि कानूनी रूप से बाध्यकारी नहीं है, लेकिन SOSA पारस्परिक सद्भावना के आधार पर कार्य करता है, जिसमें भारतीय कंपनियाँ अमेरिकी ऑर्डरों को प्राथमिकता देती हैं और अमेरिका अपनी रक्षा प्राथमिकताएँ तथा आवंटन प्रणाली (Defense Priorities and Allocations System- DPAS) के माध्यम से आश्वासन देता है।
- इसका प्रबंधन रक्षा विभाग (Department of Defence-DoD) एवं वाणिज्य विभाग (Department of Commerce-DOC) द्वारा किया जाता है।

**भारत- संयुक्त राज्य अमेरिका में रक्षा सहयोग**

- जनरल सिक्योरिटी ऑफ मिलिट्री इंफॉर्मेशन एग्रीमेंट (GSOMIA): संवेदनशील सैन्य सूचनाओं को साझा करना।
- लॉजिस्टिक्स एक्सचेंज मेमोरेंडम ऑफ एग्रीमेंट (LEMOA): दोनों देशों की सेनाओं के बीच पारस्परिक रसद समर्थन।
- संचार संगतता और सुरक्षा समझौता (COMCASA): सुरक्षित सैन्य संचार और उन्नत रक्षा प्रौद्योगिकियों तक पहुँच।
- बुनियादी विनिमय और सहयोग समझौते (BECA): सैन्य अभियानों के लिये महत्त्वपूर्ण भू-स्थानिक डेटा को साझा करना।
- 2+2 वार्ता: रक्षा मंत्री और विदेश मंत्री स्तरीय वार्ता।
- रक्षा व्यापार और प्रौद्योगिकी पहल (DTTI): रक्षा व्यापार को सुव्यवस्थित करना एवं रक्षा प्रौद्योगिकियों के सह-उत्पादन व सह-विकास को बढ़ावा देना।
- भारत-अमेरिका रक्षा त्वरण पारिस्थितिकी तंत्र (INDUS-X:) रक्षा नवाचार और औद्योगिक सहयोग।
- I2U2 समूह: भारत, इज़राइल, अमेरिका और संयुक्त अरब अमीरात।

## तीसरा वॉयस ऑफ ग्लोबल साउथ शिखर सम्मेलन

- भारत की मेजबानी में 17 अगस्त 2024 को वर्चुअल माध्यम से तीसरा वॉयस ऑफ ग्लोबल साउथ शिखर सम्मेलन (Voice of Global South Summit) आयोजित किया गया।
- इसमें दुनिया भर के 123 देश शामिल हुए तथा इस सम्मेलन में चीन और पाकिस्तान को आमंत्रित नहीं किया गया था।
- इस सम्मेलन की थीम "सतत भविष्य के लिए सशक्त ग्लोबल साउथ (An Empowered Global South for a Sustainable Future)" थी।
- इसकी अध्यक्षता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने की।
- इस सम्मेलन में, संघर्ष, खाद्य और ऊर्जा सुरक्षा संकट, जलवायु परिवर्तन तथा **ग्लोबल** साउथ की समस्याओं पर मुख्य रूप से चर्चा हुई।
- प्रधान मंत्री ने भारत की ओर से एक व्यापक वैश्विक विकास समझौते का प्रस्ताव रखा।

**ग्लोबल साउथ**

- ग्लोबल साउथ (वैश्विक दक्षिण) मुख्यत: एशिया, अफ्रीका, लैटिन अमेरिका और ओशिनिया के गरीब और विकासशील देशों को संदर्भित करता है।
- 'ग्लोबल साउथ' शब्द अमेरिकी राजनीतिक कार्यकर्ता कार्ल ओग्लेस्बी द्वारा 1969 में गढ़ा गया था।
- भारत ने 2 से 13 जनवरी 2023 तक वर्चुअल प्रारूप में पहले वॉयस ऑफ ग्लोबल साउथ शिखर सम्मेलन की मेजबानी की थी तथा 17 नवंबर 2023 को दूसरे वॉयस ऑफ ग्लोबल साउथ शिखर सम्मेलन का आयोजन किया गया।

## IPEF के तहत 3 नई सप्लाई चेन संस्थाएं

- भारत और इंडो-पैसिफिक इकोनॉमिक फ्रेमवर्क (IPEF) के 13 अन्य भागीदारों ने सप्लाई चेन रेजिलिएंस पर इंडो-पैसिफिक इकोनॉमिक फ्रेमवर्क फॉर प्रॉस्पेरिटी (IPEF) समझौते के तहत 3 नए सप्लाई चेन संस्थाओं को लॉन्च किया है।
- ये तीन संस्थाएं हैं;
  - आपूर्ति श्रृंखला परिषद (SCC)
  - क्राइसिस रिस्पांस नेटवर्क (CRN)
  - श्रम अधिकार सलाहकार बोर्ड (LRAB)

**आपूर्ति श्रृंखला परिषद**

- यह राष्ट्रीय सुरक्षा, पब्लिक हेल्थ और आर्थिक कल्याण के लिए सबसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों और वस्तुओं के लिए आपूर्ति श्रृंखलाओं को मजबूत करेगी
- भारत को इस परिषद का उपाध्यक्ष बनाया गया है।

**भारत और इंडो-पैसिफिक इकोनॉमिक फ्रेमवर्क (IPEF)**

- IPEF को 23 मई, 2022 को जापान के टोक्यो में अमेरिका और इंडो-पैसिफिक क्षेत्र के 13 अन्य भागीदार देशों द्वारा संयुक्त रूप से लॉन्च किया गया था।

- IPEF के 14 देशों की सूची में ऑस्ट्रेलिया, ब्रुनेई, फिजी, भारत, इंडोनेशिया, जापान, मलेशिया, न्यूजीलैंड, फिलीपींस, सिंगापुर, दक्षिण कोरिया, थाईलैंड, वियतनाम और अमेरिका शामिल हैं।
- गौरतलब है कि IPEF के चार स्तंभ हैं; व्यापार/Trade (स्तंभ I), आपूर्ति श्रृंखला/Supply chains (स्तंभ II), स्वच्छ अर्थव्यवस्था/Clean economy (स्तंभ III), और निष्पक्ष अर्थव्यवस्था/Fair economy (स्तंभ IV)।
- व्यापार संबंधी स्तंभ I को छोड़कर, भारत अन्य तीन स्तंभों में शामिल है।

## अड्डू रिक्लेमेशन एंड शोर प्रोटेक्शन प्रोजेक्ट

- भारत और मालदीव ने 11 अगस्त 2024 को अड्डू शहर में नई दिल्ली द्वारा वित्त पोषित बुनियादी ढांचा परियोजनाओं का उद्घाटन किया।
- अड्डू रिक्लेमेशन एंड शोर प्रोटेक्शन प्रोजेक्ट (Addu Reclamation and Shore Protection Project) और 4-लेन डेटोर लिंक रोड परियोजना को भारत सरकार द्वारा EXIM बैंक की लाइन ऑफ क्रेडिट के तहत सुविधा प्रदान की गई थी।
- इस परियोजनाओं को पिछली इब्राहीम सालेह की सरकार के दौरान लॉन्च किया गया था।
- मालदीव हिंद महासागर क्षेत्र में भारत का एक प्रमुख भागीदार है।
- इस प्रोजेक्ट पर भारत ने अड्डू को रीजनल हब के रूप में विकसित करने के लिए मालदीव सरकार के साथ भागीदारी की है।
- इसके तहत वर्ष 2024 में समुद्र से 184 हेक्टेयर भूमि रिक्लेम यानी प्राप्त किया गया।

## राष्ट्रीय समुद्री विरासत परिसर के विकास हेतु समझौता

- भारत और वियतनाम गुजरात के लोथल में राष्ट्रीय समुद्री विरासत परिसर (NMHC) विकसित करने के लिए 1 अगस्त 2024 को भारत और वियतनाम के बीच एक समझौता ज्ञापन (MoU) पर हस्ताक्षर किए गए।
- गुजरात सरकार ने राष्ट्रीय समुद्री विरासत परिसर (NMHC) के लिए सरगवाला गाँव में 400 एकड़ भूमि आवंटित की गई है।
- इस समुद्री परिसर में दुनिया की सबसे बड़ी ओपन वाटर गैलरी और भारत का सबसे भव्य नौसेना संग्रहालय बनेगा।

## USA भारत का LNG का दूसरा सबसे बड़ा आपूर्तिकर्ता देश बना

- संयुक्त राज्य अमेरिका (USA) ने संयुक्त अरब अमीरात (UAE) को पीछे छोड़कर 2023 में भारत को तरलीकृत प्राकृतिक गैस (LNG) का दूसरा सबसे बड़ा आपूर्तिकर्ता के रूप में उभरा है।
- नोट: कतर लगातार पांच वर्षों (2019-2023) तक भारत का सबसे बड़ा LNG आपूर्तिकर्ता है।
- अमेरिका ने भारत को 3.09 मिलियन टन (MT) LNG का निर्यात किया।
- अमेरिका 2023 में दुनिया का सबसे बड़ा LNG निर्यातक बना है।
- भारत विश्व में चौथा सबसे बड़ा LNG आयातक देश है।

**तरलीकृत प्राकृतिक गैस (LNG)**

- तरलीकृत प्राकृतिक गैस (LNG) प्राकृतिक गैस है जिसे शिपिंग और स्टोरेज के लिए लगभग -260 डिग्री फ़ारेनहाइट पर लिक्विड अवस्था में ठंडा किया जाता है।
- लिक्विड अवस्था में प्राकृतिक गैस की मात्रा गैसीय अवस्था में इसकी मात्रा से लगभग 600 गुना कम होती है।
- LNG ग्रीन एनर्जी को अपनाने की दिशा में एक विकल्प ईंधन के रूप में उभरा है।
- प्राकृतिक गैस को तरलीकृत करना प्राकृतिक गैस को लंबी दूरी तक ले जाने का एक तरीका है जब पाइपलाइन परिवहन संभव नहीं होता है।

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पोलैंड और यूक्रेन यात्रा

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 21 से 23 अगस्त तक पोलैंड और यूक्रेन की यात्रा पर रहे थे।
- इसके पहले चरण में 21 अगस्त को पोलैंड की राजधानी वारसॉ (Warsaw) पहुंचे।
- भारत के प्रधानमंत्री 45 वर्षों के बाद पोलैंड गए थे। इससे पहले 1979 में प्रधानमंत्री मोरारजी देसाई ने पोलैंड की यात्रा की थी।
- श्री मोदी ने पोलैंड के प्रधानमंत्री डोनाल्ड टस्क के साथ प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता की।
- दोनों देश अपने संबंधों को रणनीतिक साझेदारी तक बढ़ाने पर सहमत हुए।
- वे एक पंचवर्षीय कार्य योजना पर सहमत हुए जो 2024 से 2028 तक सहयोग के चिन्हित क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग का मार्गदर्शन करेगी।
- उच्च तकनीक, कृषि, स्मार्ट शहर, रक्षा, स्वास्थ्य सेवा, प्रौद्योगिकी, बुनियादी ढाँचा, फार्मास्यूटिकल्स, और खनन, कृषि तकनीक, खाद्य तकनीक, ऊर्जा, जलवायु, हरित के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने के लिए आर्थिक सहयोग के लिए संयुक्त आयोग (JCEC) की बैठकें वर्ष में कम से कम दो बार आयोजित की जाएगी।
- दोनों देश चक्रीय अर्थव्यवस्था और अपशिष्ट-जल प्रबंधन के लिए टिकाऊ और पर्यावरण के अनुकूल तकनीकी समाधान विकसित करने में सहयोग करेंगे।
- प्रधानमंत्री ने पोलैंड की यात्रा के दौरान नवानगर के जाम साहब के स्मारक पर (Jam Saheb of Nawanagar) गए।
  - यह स्मारक जाम साहब दिग्विजयसिंहजी, रणजीतसिंहजी को समर्पित है, जो नवानगर (अब जामनगर) के पूर्व महाराजा थे।
  - 1942 में, महाराजा ने द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान पूर्व सोवियत संघ से लाए गए शरणार्थी पोलिश बच्चों के लिए जामनगर में पोलिश चिल्ड्रन कैंप की स्थापना की थी।
- मोंटे कैसिनो युद्ध स्मारक: प्रधानमंत्री ने पोलैंड में मोंटे कैसिनो युद्ध स्मारक (Battle of Monte Cassino) का भी दौरा किया। यह स्मारक 1944 में द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान मोंटे कैसिनो की लड़ाई में द्वितीय पोलिश कोर के सैनिकों की जीत के उपलक्ष में बनाया गया।

### भारत-पोलैंड

- भारत और पोलैंड के बीच राजनयिक संबंध 1954 में स्थापित हुए थे।
- भारत के पहले प्रधान मंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू ने 1955 में पोलैंड का दौरा किया था।
- पोलैंड मध्य और पूर्वी यूरोप में भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक भागीदार है।
- पोलैंड, मध्य यूरोप में एक देश और यूरोपीय संघ और उत्तरी अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) का सदस्य देश है।




### प्रधानमंत्री मोदी की यूक्रेन यात्रा

- भारत के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने 23 अगस्त 2024 को यूक्रेन का दौरा किया।
- वर्ष 1992 में दोनों देशों के बीच राजनयिक संबंध स्थापित होने के बाद से यह किसी भारतीय प्रधानमंत्री की यूक्रेन की पहली यात्रा थी।
- भारत ने रूस-यूक्रेन संघर्ष पर बातचीत और कूटनीति के माध्यम से शांतिपूर्ण समाधान पर जोर दिया।
- भारत ने जून 2024 में स्विट्जरलैंड के बर्गनस्टॉक में आयोजित यूक्रेन में शांति पर शिखर सम्मेलन में भाग लिया था।
- दोनों देशों के बीच भविष्योन्मुखी और मजबूत आर्थिक साझेदारी को सुविधाजनक बनाने में व्यापार, आर्थिक, वैज्ञानिक, तकनीकी, औद्योगिक और सांस्कृतिक सहयोग (IGC) पर भारतीय-यूक्रेनी अंतर-सरकारी आयोग के महत्व पर जोर दिया।
- भारत और यूक्रेन ने चार समझौतों पर हस्ताक्षर किए। समझौते कृषि, खाद्य उद्योग, चिकित्सा, संस्कृति और मानवीय सहायता के क्षेत्रों में सहयोग प्रदान करने से संबंधित है।
- प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने 23 अगस्त 2024 को यूक्रेन सरकार को चार भीष्म/BHISHM (भारत स्वास्थ्य सहयोग हित और मैत्री पहल) क्यूब भेंट किए।
  - प्रत्येक भीष्म क्यूब में सभी प्रकार के जख्मों और चिकित्सा जरुरतों के लिए प्राथमिक उपचार के लिए दवाइयाँ और उपकरण शामिल हैं।
  - क्यूब आपातकालीन स्थितियों में 200 मरीजों की क्षमता से युक्त है।

### यूक्रेन

- यूक्रेन (Ukraine) पूर्वी यूरोप में स्थित एक देश है।
- यह रूस के बाद यूरोप में क्षेत्रफल के हिसाब से दूसरा सबसे बड़ा देश है।
- 1991 में सोवियत संघ के विघटन के बाद यूक्रेन स्वतंत्र हुआ था।
- इसकी सीमा पूर्व में रूस, उत्तर में बेलारूस, पोलैंड, स्लोवाकिया, पश्चिम में हंगरी, दक्षिण पश्चिम में रोमानिया एवं मॉल्डोवा और दक्षिण में काला सागर और अजोव सागर से मिलती है।

### स्वच्छ नदियों पर स्मार्ट प्रयोगशाला (SLCR) की स्थापना

- भारत और डेनमार्क की ग्रीन रणनीतिक साझेदारी ने वाराणसी में 'स्वच्छ नदियों पर स्मार्ट प्रयोगशाला' (Smart Laboratory on Clean Rivers: SLCR) की स्थापना की गई है।
- यह गठबंधन भारत सरकार, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान – बनारस हिंदू विश्वविद्यालय (IIT-BHU) और डेनमार्क सरकार के बीच एक त्रिपक्षीय पहल है।
- इसका उद्देश्य छोटी नदियों के कायाकल्प और प्रबंधन में उत्कृष्टता लाना है।
- इसके उद्देश्यों में सरकारी निकायों, ज्ञान संस्थानों और स्थानीय समुदायों के लिए अंतर्दृष्टि साझा करने और स्वच्छ नदी के पानी के लिए समाधान विकसित करने के लिए एक सहयोगी मंच बनाना शामिल है।

### मलेशिया इंटरनेशनल बिग कैट अलायंस में शामिल होगा

- मलेशिया एक संस्थापक सदस्य के रूप में इंटरनेशनल बिग कैट एलायंस में शामिल होने के लिए सहमत हुआ है।

- इंटरनेशनल बिग कैट एलायंस एक भारतीय पहल है जिसे 29 फरवरी 2024 को केंद्रीय मंत्रिमंडल ने अनुमोदित किया था।
- इंटरनेशनल बिग कैट अलायंस बड़ी बिल्लियों और उनके आवासों के संरक्षण के लिए काम करने के लिए एक अंतरराष्ट्रीय सहयोग होगा। इसका मुख्यालय भारत में स्थापित होगा।
- बिग कैट में शेर, बाघ, तेंदुआ, हिम तेंदुआ, जगुआर, प्यूमा और चीता शामिल हैं।
- भारत में पाँच बड़ी बिल्लियाँ शेर, बाघ, तेंदुआ, हिम तेंदुआ और चीता पाई जाती हैं।

## 'राइट टू डिस्कनेक्ट' कानून

- ऑस्ट्रेलिया में 26 अगस्त 2024 से कर्मचारियों को कार्य के घंटों के अलावा काम करने की बाध्यता की छूट होगी।
- यह छूट देश में नए कानून 'राइट टू डिस्कनेक्ट' के लागू होने के बाद मिल रही है।
- यह कानून उन कर्मचारियों की रक्षा करता है जो काम के घंटों के बाहर अपने नियोक्ताओं के संचार की निगरानी करने, पढ़ने या जवाब देने से इनकार करते हैं।
- कर्मचारियों को अपने मोबाइल डिवाइस बंद करने का अधिकार देने वाले इसी तरह के कानून फ्रांस, जर्मनी और अन्य यूरोपीय संघ के देशों में पहले से लागू हैं।

## भारत जापान तीसरी 2+2 मंत्रिस्तरीय वार्ता

- भारत और जापान के बीच तीसरी 2+2 मंत्रिस्तरीय वार्ता (3rd India Japan 2+2 Ministerial Dialogue) 20 अगस्त को नई दिल्ली में आयोजित की गई थी।
- इस वार्ता में भारत और जापान से रक्षा मंत्री और विदेश मंत्री ने भाग लिया।
- इस वार्ता के दौरान, दोनों देशों के बीच जारी सहयोग की समीक्षा की गई और आपसी संबंधों को और मजबूत करने के लिए नई पहलों पर विचार किया गया।
- इनकी पिछली दो 2+2 मंत्रिस्तरीय (रक्षा मंत्री और विदेश मंत्री) वार्ता क्रमशः 2019 में नई दिल्ली में तथा 2022 में टोक्यो में हो चुकी हैं।

### 2+2 मंत्रिस्तरीय वार्ता

- दो देशों के दो मंत्रालयों के बीच आयोजित होने वाली मंत्रीस्तरीय वार्ता को 2+2 वार्ता कहा जाता है।
- इस तरह की वार्ताओं का उद्देश्य दो देशों के बीच रक्षा सहयोग के लिए उच्च स्तरीय राजनयिक और राजनीतिक बातचीत को सुविधाजनक बनाना होता है।
- भारत संयुक्त राज्य अमेरिका, रूस, जापान, ऑस्ट्रेलिया और ब्राजील के साथ 2+2 वार्ता आयोजित करता है।
- इनमें से सिर्फ ब्राज़ील के साथ केवल सचिव-स्तरीय वार्ता है, जबकि शेष देशों के साथ मंत्री-स्तरीय वार्ता होती है।
- भारत ने सबसे पहले संयुक्त राज्य अमेरिका के साथ 2+2 वार्ता शुरू 2018 में की थी।

## भारत और जापान के बीच ग्रीन अमोनिया निर्यात पर पहले प्रोजेक्ट ऑफटेक समझौते पर हस्ताक्षर

- भारत और जापान ने 20 अगस्त 2024 को ग्रीन अमोनिया के निर्यात के लिए अपने पहले प्रोजेक्ट ऑफटेक समझौते पर हस्ताक्षर किए।
- प्रोजेक्ट ऑफटेक समझौता ग्रीन हाइड्रोजन और अमोनिया उत्पादन में ग्लोबल लीडर बनने की भारत के लिए सहायक सिद्ध हो सकते है।
- भारत से जापान को सीमा पार ग्रीन अमोनिया आपूर्ति साझेदारी के लिए हेड्स ऑफ टर्म्स (HoT: Heads of Terms) समझौते पर हस्ताक्षर किए गए।
- भारत से जापान को ग्रीन अमोनिया की आपूर्ति के लिए यह पहला समझौता है।
- यह समझौता भारत में उत्पादन से लेकर जापान में खपत तक एक मजबूत सप्लाई चेन स्थापित करने में मदद करेगा।
- इससे ग्रीन एनर्जी क्षेत्र में भविष्य के सहयोग का मार्ग प्रशस्त होगा।
- यह समझौता ग्रीन हाइड्रोजन और नवीकरणीय ऊर्जा पहलों के लिए भारत सरकार लिए महत्त्वपूर्ण है।

### ग्रीन अमोनिया

- ग्रीन अमोनिया की उत्पादन प्रक्रिया अक्षय ऊर्जा पर निर्भर है और यह हाइड्रोजन पानी से और नाइट्रोजन हवा से प्राप्त किया जाता है।
- अमोनिया का उपयोग लंबे समय से उर्वरक के रूप में किया जाता है।
- यह आमतौर पर पानी के बजाय प्राकृतिक गैस से अलग किए गए हाइड्रोजन से बनता है।
- इस प्रक्रिया में बड़ी मात्रा में ग्रीन हाउस गैस का उत्सर्जन होता है।
- अमोनिया का उत्पादन सामान्यतः हाइड्रोजन और नाइट्रोजन को हैबर-बॉश प्रक्रिया के रूप में जानी जाने वाली विधि के माध्यम से किया जाता है।
- वैश्विक अमोनिया उत्पादन ऊर्जा-से जुड़े $CO_2$ उत्सर्जन में 1.3% का योगदान करता है।

## पहला बिम्सटेक बिजनेस समिट 2024

- भारत के विदेश मंत्रालय ने भारतीय उद्योग परिसंघ (CII) के सहयोग से 6-8 अगस्त 2024 को नई दिल्ली में पहला बिम्सटेक व्यवसाय शिखर सम्मेलन आयोजित किया गया।

### BIMSTEC

- यह एक क्षेत्रीय बहुपक्षीय संगठन है।
- इसके सदस्य बंगाल की खाड़ी के तटवर्ती और समीपवर्ती क्षेत्रें में स्थित है।
- इसके 7 सदस्य निम्नलिखित है-

1. बांग्लादेश
2. भूटान
3. भारत
4. नेपाल
5. श्रीलंका
6. म्याँमार
7. थाईलैंड


- यह दक्षिण और दक्षिण पूर्व-एशिया के बीच एक पुल की तरह कार्य करता है।
- इसका उद्देश्य दक्षिण और दक्षिण-पूर्व एशिया में तटीय और निकटवर्ती देशों के बीच साझा विकास और सहयोग में तेजी लाना है।
- इसकी स्थापना वर्ष 1997 में बैंकॉक घोषणा के माध्यम से की गई।
- इसका गठन BIST-EC (Bangladesh, India, Srilanka, Thailand – Economic Cooperation) नाम से किया गया।
- इसमें 4 सदस्य देश बांग्लादेश, भारत, श्रीलंका और थाईलैंड शामिल थे।
- वर्ष 1997 में म्याँमार के शामिल होने के बाद इसका नाम बदलकर 'BIMST-EC' कर दिया गया।
- वर्ष 2004 में नेपाल और भूटान के इसमें शामिल होने के बाद संगठन का नाम बदलकर 'बे ऑफ बंगाल इनिशिएटिव फॉर मल्टी सेक्टरल टेक्निकल एंड इकोनॉमिक को-ऑपरेशन (BIMSTEC)' कर दिया गया।

## भारत और वियतनाम ने 9 समझौतों पर हस्ताक्षर

- वियतनाम के प्रधानमंत्री फाम मिन्ह चीन्ह 31 जुलाई से 1 अगस्त 2024 तक भारत की राजकीय यात्रा पर आए थे।
- दोनों देशों ने 2024-2028 के दौरान व्यापक रणनीतिक साझेदारी के कार्यान्वयन के लिए एक कार्य योजना पर सहमति व्यक्त की।
- दोनों देशों के बीच सीमा शुल्क, कृषि, कानून, रेडियो और टेलीविजन प्रसारण, संस्कृति और पर्यटन के क्षेत्र में व्यापक रणनीतिक साझेदारी को गहरा करने और सहयोग बढ़ाने के लिए समझौते पर हस्ताक्षर किए गए।
- केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय, मणिपुर और वियतनाम कृषि विज्ञान अकादमी, हनोई के बीच कृषि अनुसंधान और शिक्षा में सहयोग के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।
- रेडियो और टेलीविजन पर सहयोग के लिए प्रसार भारती, नई दिल्ली और वॉयस ऑफ वियतनाम, हनोई के बीच एक समझौता ज्ञापन पर भी हस्ताक्षर किए गए।
- दोनों देशों के बीच 300 मिलियन अमेरिकी डॉलर की राशि के दो-डॉलर क्रेडिट लाइन समझौतों को भी अंतिम रूप दिया गया।

### भारत वियतनाम संबंध

- भारत ने वर्ष 1956 में ही हनोई में महावाणिज्य दूतावास कार्यालय की स्थापना की थी।
- वियतनाम ने भारत में वर्ष 1972 में राजनयिक मिशन स्थापित किया।
- मेकांग-गंगा सहयोग (Mekong-Ganga Cooperation- MGC) के सदस्यों के रूप में भारत एवं वियतनाम, भारत और दक्षिण-पूर्व एशियाई देशों के बीच संबंधों को बढ़ाने एवं विकास सहयोग को बढ़ावा देने के लिये काम कर रहे हैं।
- भारत, वियतनाम के शीर्ष 8 व्यापारिक साझेदारों में से एक है, जबकि वियतनाम, भारत का 15वाँ और दक्षिण-पूर्व एशिया में चौथा सबसे बड़ा व्यापारिक भागीदार है।
- वियतनाम दक्षिण-पूर्व एशिया, उत्तर में चीन, उत्तर-पश्चिम में लाओस, दक्षिण-पश्चिम में कंबोडिया और पूर्व तथा दक्षिण में दक्षिण चीन सागर से घिरा हुआ है। इसकी राजधानी हनोई है।



## सेंट मार्टिन द्वीप

- हाल ही में बांग्लादेश की पूर्व प्रधान मंत्री शेख हसीना आरोप लगाया की उनके तख्तापलट का कारण बंगाल की खाड़ी में सेंट मार्टिन द्वीप (St Martin's island) का नियंत्रण संयुक्त राज्य अमेरिका को नहीं सौंपना था।
- सेंट मार्टिन द्वीप 3 वर्ग किलोमीटर का क्षेत्र है। यह बंगाल की खाड़ी के उत्तरपूर्वी भाग में स्थित है।
- सेंट मार्टिन कॉक्स बाजार-टेकनाफ प्रायद्वीप के सिरे से लगभग 9 किमी दक्षिण में स्थित है, और बांग्लादेश का सबसे दक्षिणी भाग है।
- यह म्यांमार के उत्तर-पश्चिमी तट से लगभग 8 किमी पश्चिम में, नफ़ नदी के मुहाने पर भी है।
- 1974 में, बांग्लादेश और म्यांमार के समझौते के बाद म्यांमार ने इस मूंगा द्वीप को बांग्लादेश को सौंप दिया था।

## साउथेम्प्टन विश्वविद्यालय को भारत में कैंपस स्थापित करने हेतु लेटर ऑफ इंटेंट (LoI) जारी हुआ

- केंद्र सरकार ने 29 अगस्त को यूनाइटेड किंगडम के साउथेम्प्टन विश्वविद्यालय को भारत में अपना कैंपस स्थापित करने के लिए लेटर ऑफ इंटेंट (LoI) जारी किया।
- यह विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (UGC) के नियमों के तहत LoI प्राप्त करने वाला पहला विश्वविद्यालय है।
- इस विश्वविद्यालय में जुलाई, 2025 में अपने शैक्षणिक कोर्स शुरू हो जाएगा।

## बोत्सवाना: दुनिया के दूसरे सबसे बड़ा हीरे की खोज

- कनाडा की एक माइनिंग कंपनी ने उत्तरपूर्वी बोत्सवाना में कारोवे डायमंड माइन (Karowe Diamond Mine) में 2,492 कैरेट का एक हीरा खोजा है।
- यह हीरा दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा हीरा (second largest in the world Diamond) है।
- इससे पहले 1905 में दुनिया का सबसे बड़ा हीरा दक्षिण अफ्रीका में 3,106 कैरेट का कलिनन हीरा (Cullinan Diamond) था।
- इस हीरे की खोज लुकारा डायमंड कम्पनी ने की है।
- बोत्सवाना के कुल निर्यात में हीरा खनन का योगदान आधे से भी अधिक है।

◆◆◆◆

# 5 विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी

## 'EOS-08' का सफल प्रक्षेपण

- भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन ने 16 अगस्त 2024 को पृथ्वी अवलोकन उपग्रह 'EOS-08' तथा अन्य छोटे उपग्रह 'SR-0' का सफलतापूर्वक प्रक्षेपण किया।
- यह प्रक्षेपण सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र, श्रीहरिकोटा से किया गया।
- इन उपग्रहों को SSLV-D3 प्रक्षेपण यान द्वारा पृथ्वी से 475 किलोमीटर दूर कक्षा में स्थापित किया गया।
- 'EOS-08' निगरानी, आपदा निगरानी, आग का पता लगाने, ज्वालामुखी गतिविधियों, औद्योगिक और बिजली संयंत्र आपदाओं जैसे अनुप्रयोगों के लिए दिन और रात के दौरान इंफ्रारेड तस्वीरें भेजेगा।'
- EOS-08 तीन पेलोड्स से युक्त है:
  - इलेक्ट्रो ऑप्टिकल इन्फ्रारेड पेलोड (EOIR)
  - ग्लोबल नेविगेशन सैटेलाइट सिस्टम-रिफ्लेक्टोमेट्री पेलोड (GNSS-R) और
  - SiC UV डोसिमीटर।
  - इस उपग्रह की अवधि 1 वर्ष है।
- 'SR-0' उपग्रह चेन्नई स्थित अंतरिक्ष क्षेत्र के स्टार्टअप स्पेस रिक्शा का पहला उपग्रह है।

### लघु उपग्रह प्रक्षेपण यान (SSLV)

- SSLV-D3 रॉकेट 34 मीटर लंबा और इसका द्रव्यमान 175.5 किलोग्राम है।
- यह SSLV-D3 प्रक्षेपण यान की तीसरी उड़ान थी।
- SSLV मिनी, माइक्रो या नैनो उपग्रहों (10 से 500 किलोग्राम द्रव्यमान) को 500 किमी की कक्षा में लॉन्च करने में सक्षम है।
- इस रॉकेट के तीन चरण ठोस ईंधन द्वारा संचालित होते हैं।

## पहला रियूजेबल भारतीय हाइब्रिड रॉकेट RHUMI 1 लॉन्च

- भारत ने 24 अगस्त, 2024 को चेन्नई के थिरुविदंधई से अपना पहला री-यूजेबल हाइब्रिड रॉकेट 'RHUMI- 1' लॉन्च किया।
- इसे तमिलनाडु स्थित स्टार्ट-अप स्पेस ज़ोन इंडिया ने मार्टिन ग्रुप के साथ मिलकर विकसित किया है।
- रॉकेट द्वारा इसके तहत 53 सैटेलाइट (3 क्यूब सैटेलाइट और 50 PICO सैटेलाइट) को सबऑर्बिटल ट्रैजेक्टरी में भेजा गया।
- ये सैटेलाइट ग्लोबल वार्मिंग और क्लाइमेट चेंज से जुड़े अनुसंधान में सहायक सिद्ध होंगे।
- RHUMI 1 रॉकेट जेनेरिक फ्यूल बेस्ड हाइब्रिड मोटर और इलेक्ट्रिकली ट्रिगर पैराशूट सिस्टम से लैस है।
- हाइब्रिड रॉकेट RHUMI 1 में इको-फ्रेंडली और कॉस्ट इफेक्टिव मैकेनिज्म है।
- इसमें $CO_2$ ट्रिगर पैराशूट सिस्टम लगा है, जिसकी सहायता से रॉकेट के कंपोनेंट सुरक्षित समुद्र पर वापस लैंड कर सकते हैं।
- इससे अंतरिक्ष लॉन्च की लागत कम होगी। रॉकेट के कंपोनेंट्स को आसानी से रिकवर किया जा सकता है।
- RHUMI-1 रॉकेट दक्षता में सुधार और ऑपरेशनल लागत को कम करने के लिए तरल और ठोस ईंधन प्रणोदक प्रणालियों का उपयोग करता है।

## भारत की दूसरी परमाणु मिसाइल पनडुब्बी INS अरिघात नौसेना में शामिल

- भारत की दूसरी परमाणु मिसाइल पनडुब्बी 29 अगस्त, 2024 को INS अरिघात (INS Arighaat) भारतीय नौसेना में शामिल हुई।
- यह INS अरिहंत के बाद परमाणु ऊर्जा से संचालित दूसरी बैलिस्टिक मिसाइल पनडुब्बी है।
- INS अरिहंत को अगस्त 2016 में नौसेना में शामिल किया गया था।
- 'INS अरिघात' क्षेत्र में रणनीतिक संतुलन और शांति स्थापित करने में मदद करेगा।
- यह लगभग 10 से 12 K-15 परमाणु-युक्त पनडुब्बी-लॉन्च बैलिस्टिक मिसाइल (SLBM) ले जा सकती है।
- INS अरिहंत की तरह मिसाइलों को लॉन्च करने के लिए चार वर्टीकल लॉन्च सिस्टम (VLS) से लैस है।
- परमाणु ऊर्जा से चलने वाली पनडुब्बियां अधिक स्टील्थ होती हैं और अधिक गहराई में सावधनी से चलती हैं।

## भारत का पहला प्रदूषण नियंत्रण पोत

- स्वदेश निर्मित भारत का पहला प्रदूषण नियंत्रण पोत 'समुद्र प्रताप' (Samudra Pratap) 29 अगस्त 2024 को गोवा में लॉन्च किया गया।
- इस पोत का निर्माण गोवा शिपयार्ड लिमिटेड (GSL) ने भारतीय तटरक्षक बल (ICG) के लिए किया है।
- यह पोत देश के समुद्री तट पर तेल रिसाव को रोकने में मदद करेगा।

## लॉन्ग रेंज ग्लाइड बम गौरव (GAURAV)

- रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (DRDO) ने भारतीय वायु सेना के सुखोई-30 MK-I से लॉन्ग रेंज ग्लाइड बम (LRGB), गौरव (GAURAV) की पहली परीक्षण उड़ान का सफल परीक्षण किया।
- गौरव हवा से प्रक्षेपित एक हजार किलोग्राम श्रेणी का ग्लाइड बम है, जो लंबी दूरी पर लक्ष्य को भेदने में सक्षम है।
- इसे हैदराबाद के 'रिसर्च सेंटर इमारत' द्वारा स्वदेशी रूप से डिजाइन और विकसित किया गया है।
- ग्लाइड बम एक स्मार्ट बम हैं जो ऐसे लक्ष्यों पर हमला करने में सक्षम बनाते हैं जो पारंपरिक हथियारों की पहुंच से बाहर रहते है।
- यह बम गिराए जाने के बाद ऑनबोर्ड उपग्रह नेविगेशन प्रणाली द्वारा अपने लक्ष्य तक निर्देशित होते है।
- ये रडार की पकड़ में नहीं आते है क्योंकि ये छोटे होते है, और प्रणोदन का उपयोग नहीं करते है।

## 200 अस्त्र मिसाइलों के उत्पादन को मंजूरी मिली

- भारतीय वायु सेना (IAF) ने सुखोई-30 और एलसीए तेजस लड़ाकू विमानों के लिए 200 अस्त्र मिसाइलों का ऑर्डर दिया है।
- हाल ही में रक्षा अधिग्रहण परिषद ने भारतीय वायुसेना और भारतीय नौसेना के लिए इनके उत्पादन को मंजूरी दे दी है।
- रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (DRDO) इस परियोजना के लिए विकास एजेंसी है, भारत डायनेमिक्स लिमिटेड (BDL) उत्पादन एजेंसी है।
- इसके तहत 2022-23 में भारतीय वायुसेना और भारतीय नौसेना के लिए 248 मिसाइलों का उत्पादन किए जाने की उम्मीद थी।
- अस्त्र मार्क 1 मिसाइल मार्क 2 की पूर्ववर्ती है।
- अस्त्र मार्क 1 मिसाइल की मारक क्षमता 100 किलोमीटर तक है।
- अस्त्र हवा से हवा में मार करने वाली मिसाइल है।

## शुभांशु शुक्ला इसरो और नासा के संयुक्त अंतरिक्ष मिशन हेतु चयनित

- भारतीय वायुसेना के ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला को भारतीय अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी इसरो और अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा के संयुक्त अंतरिक्ष मिशन 'एक्सिओम-4' के लिए चुना गया है।
- ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला 'एक्सिओम-4' मिशन के तहत अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (ISS) जाएंगे।
- यह अमेरिका की एक निजी स्पेस कंपनी एक्सिओम स्पेस का चौथा मिशन होगा।
- यह मिशन स्पेसएक्स रॉकेट के ज़रिये लॉन्च होगा।
- इस अंतरिक्ष यान में ग्रुप कैप्टन शुक्ला के साथ पौलेंड, हंगरी और अमेरिका के भी अंतरिक्ष यात्री जाएंगे।
- साल 2023 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अमेरिकी यात्रा के दौरान भारत और अमेरिका के बीच इस मिशन पर सहमति बनी थी।
- कैप्टन शुभांशु शुक्ला अंतरिक्ष में भारत के दूसरे अंतरिक्ष यात्री होंगे।
- राकेश शर्मा अंतरिक्ष में जाने वाले पहले और एकमात्र भारतीय हैं। उन्होंने 3 अप्रैल 1984 को सोवियत रॉकेट सोयुज टी-11 से अंतरिक्ष की यात्रा की थी।
- ISRO ने 2 अगस्त 2024 को 'एक्सिओम-4' मिशन के लिए कैप्टन शुभांशु शुक्ला के साथ ग्रुप कैप्टन प्रशांत बालाकृष्णन नायर का चयन किया है।
- शुभांशु शुक्ला प्राथमिक अंतरिक्ष यात्री होंगे जबकि नायर को बैकअप के लिए चुना गया है।

| | |
|---|---|
| गगनयान मिशन | • गगनयान मिशन भारत का पहला मानव अंतरिक्ष उड़ान कार्यक्रम है।<br>• गगनयान मिशन को Launch Vehicle Mark-3 (LVM3) रॉकेट द्वारा लॉन्च किया जाएगा।<br>• गगनयान मिशन के लिए भारतीय वायुसेना के चार पायलटों का चयन किया गया है, जिसमें शुभांशु शुक्ला, बालाकृष्णन नायर, अजीत कृष्णन और अंगद प्रताप शामिल हैं।<br>• गगनयान मिशन के तहत अंतरिक्ष यात्रियों को 400 किलोमीटर की कक्षा में भेजा जाएगा जिसके तीन दिन बाद उन्हें वापस आना होगा।<br>• वर्तमान में, केवल तीन देश- रूस, चीन और संयुक्त राज्य अमेरिका के पास मानव अंतरिक्ष मिशन लॉन्च करने की क्षमता है।<br>• भारत का वर्तमान लक्ष्य 2040 तक चंद्रमा पर पहला भारतीय अंतरिक्ष यात्री भेजना और 2035 तक "भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन" स्थापित करना है। |
| अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (ISS) | • अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (International Space Station) एक प्रकार का अंतरिक्ष यान है जो अंतरिक्ष में पृथ्वी की परिक्रमा करता है और जहां अंतरिक्ष यात्री लंबे समय तक रह सकते हैं।<br>• अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन का उपयोग विभिन्न वैज्ञानिक अनुसंधान उद्देश्यों के लिए किया जाता है।<br>• यह पृथ्वी से लगभग 400 किमी ऊपर है।<br>• अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन को 1998 में लॉन्च किया गया था। यह यूरोप, अमेरिका, रूस, कनाडा और जापान की एक संयुक्त परियोजना है। |

## नेत्रा जंबो-1 और नेत्र गंगा

- प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा हाल ही में भारत कृषि अनुसंधान संस्थान, नई दिल्ली में अलग-अलग फसलों की उच्च उपज देने वाली 109 किस्मों को जारी किया।
- प्रधानमंत्री द्वारा जारी की गई 61 फसलों की 109 किस्मों में 34 कृषि फसलें और 27 बागवानी फसलें शामिल थीं।
- इसमें काजू अनुसंधान निदेशालय (DCR) Directorate of, पुत्तूर द्वारा विकसित काजू के दो हाइब्रिड- 'नेत्र जंबो-1' (Netra Jumbo-1) और 'नेत्रा गंगा' (Nethra Ganga) किस्में भी जारी की गईं।
- 'नेत्रा जंबो-1' हाइब्रिड को DCR निदेशक दिनाकरा अडिगा और उनकी टीम द्वारा विकसित किया गया है।

## कामिकेज़ ड्रोन

- नेशनल एयरोस्पेस लेबोरेटरीज (NAL) ने हाल ही में 1,000 किलोमीटर की रेंज वाले स्वदेशी कामिकेज़ ड्रोन का अनावरण किया।
- इन ड्रोन में लगा 30 HP वांकेल इंजन उन्हें 100-120 किलोग्राम वजन ले जाने में सक्षम बनाता है, जिसमें 30-40 किलोग्राम विस्फोटक शामिल हैं।
- इनका नियंत्रण एक कमांड सेंटर से किया जाता है। यह एक निश्चित ऊंचाई पर उड़ सकता है और लक्ष्य पर पहुंचते ही विस्फोट द्वारा नष्ट कर सकता है।
- यह इसरो द्वारा विकसित नेविगेशन सिस्टम का उपयोग करता है।
- NAL वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान परिषद (CSIR) का एक घटक है। इसकी स्थापना 1959 में हुई थी।

## USA ने भारत को सब-मरीन रोधी सोनोबुइ की बिक्री को मंजूरी दी

- संयुक्त राज्य अमेरिका ने 24 अगस्त 2024 को भारत को सब-मरीन रोधी युद्ध सोनोबुइ (warfare equipment sonobuoys) और संबंधित उपकरणों की बिक्री को मंजूरी दी है।
- यह उपकरण भारत की पनडुब्बी रोधी युद्ध क्षमताओं को बढ़ाने और विशेष रूप से इसके MH-60R हेलीकॉप्टरों से जुड़े ऑपरेशनों के लिए डिज़ाइन किया गया है।
- सोनोबॉय अत्याधुनिक पोर्टेबल सोनार सिस्टम है। इसे दुश्मन की पनडुब्बियों का पता लगाने के लिए विमान, हेलिकॉप्टर या युद्धपोत से पानी में डाला जाता है।
- सोनोबुइ नौसेना ASW (Anti submarine warfare) बलों को खुले समुद्र और तटीय क्षेत्रों में संचालित संभावित शत्रुतापूर्ण पनडुब्बियों को ट्रैक करने में सक्षम बनाता है।
- इन प्रणालियों से प्राप्त जानकारी हवा से लॉन्च किए गए टॉरपीडो के साथ सटीक हमलों की योजना में मदद कर सकती है।

## काकरापार परमाणु ऊर्जा स्टेशन में पूर्व क्षमता से बिजली उत्पादन

- गुजरात के काकरापार परमाणु ऊर्जा स्टेशन (Kakrapar Atomic Power Station: KAPS) में 700 मेगावाट क्षमता वाला भारत का दूसरा स्वदेश निर्मित परमाणु ऊर्जा रिएक्टर 21 अगस्त, 2024 को पूरी क्षमता से बिजली उत्पादन शुरू हो गया।
- यह प्रेसराइज़्ड हैवी वाटर रिएक्टर (PHWR) है।
- भारत इसी डिजाइन के 700 मेगावाट की क्षमता वाले 14 और परमाणु ऊर्जा रिएक्टर बना रहा है।
- इनके 2031-32 तक क्रमिक रूप से संचालन शुरू करने की उम्मीद है।
- NPCIL वर्तमान में 8180 मेगावाट की कुल क्षमता वाले 24 रिएक्टरों का बेड़ा संचालित करता है।
- इसके अलावा, 7000 मेगावाट की कुल क्षमता वाले 10 और रिएक्टर प्री-प्रोजेक्ट चरण में हैं।

### भारत में परमाणु ऊर्जा

- परमाणु ऊर्जा भारत में विद्युत का पाँचवाँ सबसे बड़ा स्रोत है, जो देश के कुल बिजली उत्पादन में लगभग 2% का योगदान देता है।
- भारत के पास वर्तमान में देश भर में 7 बिजली संयंत्रों में 22 से अधिक परमाणु रिएक्टर सक्रिय हैं।
- काकरापार परमाणु ऊर्जा परियोजना भारत की पहली 700 MWe की इकाई है और PHWR का सबसे बड़ा स्वदेशी रूप से विकसित संस्करण है।
- भारत के परमाणु कार्यक्रम को प्रोत्साहन हेतु न्यूक्लियर पावर कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (NPCIL) और सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (PSUs) के बीच संयुक्त उद्यम की अनुमति दी गई है।
- हरियाणा के गोरखपुर शहर में एक परमाणु ऊर्जा संयंत्र का निर्माण कार्य चल रहा है।
- भारत में पूर्ण रूप से स्वदेशी थोरियम आधारित परमाणु संयंत्र भवनी' (Bhavni) भी निर्माणधीन है जो यूरेनियम-233 का उपयोग करने वाला अपनी तरह का पहला संयंत्र होगा।
- इसके अलावा प्रायोगिक थोरियम संयंत्र 'कामिनी' कलपक्कम में स्थित है।

## नेपाल के मुनाल उपग्रह को NSIL लॉन्च करेगा

- भारत के विदेश मंत्रालय और इसरो की वाणिज्यिक शाखा न्यूस्पेस इंडिया लिमिटेड (NSIL) ने नेपाल निर्मित मुनाल उपग्रह (Munal Satellite) को लॉन्च करने हेतु समझौते पर हस्ताक्षर किए है।
- मुनाल नेपाल में विज्ञान और प्रौद्योगिकी अकादमी (NAST) के तत्वावधान में विकसित एक स्वदेशी उपग्रह है।
- नेपाली अंतरिक्ष स्टार्टअप, अन्तरिक्षीय प्रतिष्ठान नेपाल (APN) ने इस उपग्रह के डिजाइन और निर्माण में सहयोग किया है।
- इसका उद्देश्य पृथ्वी की सतह पर वनस्पति घनत्व डेटाबेस बनाना है।
- इस उपग्रह को जल्द ही NSIL के ध्रुवीय उपग्रह प्रक्षेपण यान (Polar Satellite Launch Vehicle) से लॉन्च किया जाएगा।

### चीन द्वारा पहला उपग्रह समूह (18 उपग्रह) नेटवर्क लॉन्च

- चीन ने अमेरिकी फर्म स्पेसएक्स के स्टारलिंक नेटवर्क के संस्करण का मुकाबला करने के लिए 18 उपग्रहों को सफलतापूर्वक कक्षा में स्थापित किया।
- शंघाई स्पेसकॉम सैटेलाइट टेक्नोलॉजी (SSST) द्वारा उत्तरी शांक्सी प्रांत में ताइयुआन सैटेलाइट लॉन्च सेंटर से लो अर्थ ऑर्बिट (LEO) उपग्रहों को लॉन्च किया गया है।
- उपग्रहों को लॉन्ग मार्च 6 रॉकेट के माध्यम से ले जाया गया।
- स्पेसएक्स के वाणिज्यिक ब्रॉडबैंड समूह में अंतरिक्ष में लगभग 5,500 LEO उपग्रह हैं।
- यह उपभोक्ताओं, कंपनियों और सरकारी एजेंसियों को इंटरनेट उपलब्ध कराएगा।
- लो अर्थ ऑर्बिट (LEO) पृथ्वी की सतह से 300 किमी से 2,000 किमी की ऊँचाई पर संचालित होता है।

### चंद्रयान के प्रज्ञान रोवर ने चंद्रमा पर मैग्मा के प्राचीन महासागर के साक्ष्य की खोज की

- चंद्रयान-3 के अल्फा पार्टिकल एक्स-रे स्पेक्ट्रोमीटर (APXS) उपकरण के द्वारा चन्द्रमा की मिट्टी में फेरोअन एनोर्थोसाइट नामक चट्टान के प्रकार की उपस्थिति का पता लगाया है।
- यह रिपोर्ट अमेरिकी अपोलो मिशन और तत्कालीन सोवियत संघ के लूना मिशन ने 1960 के दशक में चंद्रमा के भूमध्य रेखा से किए गए दावे की पुष्टि करता है।
- वैज्ञानिकों के अनुसार ये एनोर्थोसाइट चट्टानें मैग्मा के एक प्राचीन महासागर के अवशेष (ancient ocean of magma) हो सकते हैं, जो लगभग 4 अरब साल पहले चंद्रमा की सतह को ढके हुए था।

### भारत की पहली स्वदेशी रूप से विकसित मंकीपॉक्स RT-PCR किट लॉन्च

- आंध्र प्रदेश स्थित मेडटेक ज़ोन (AMTZ) ने भारत की पहली स्वदेशी रूप से विकसित 'एरबाएमडीएक्स (ErbaMDx) मंकीपॉक्स RT-PCR किट' लॉन्च की है।
- इसे ट्रांसएशिया डायग्नोस्टिक्स प्राइवेट लिमिटेड के साथ साझेदारी में विकसित किया गया था।
- इस किट को भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद से मान्यता प्राप्त है।
- यह किट संक्रमण का जल्द पता लगाने और बेहतर प्रबंधन में मदद करेगी।
- मंकीपॉक्स एक वायरल जूनोटिक बीमारी है जिसके लक्षण चेचक के समान होते हैं।
- यह बीमारी संक्रमित जानवरों के रक्त, शारीरिक तरल पदार्थ या त्वचा या म्यूकोसल घावों के सीधे संपर्क के माध्यम से जानवर से मनुष्य में फैल सकती है।

### ओरल हैजा वैक्सीन हिलकोल (BBV131) लॉन्च

- भारत बायोटेक इंटरनेशनल लिमिटेड ने 27 अगस्त, 2024 को हिलकोल (BBV 131) लॉन्च किया।
- हिलकोल (BBV131) एक नया सिंगल-स्ट्रेन ओरल हैजा वैक्सीन (OCV) है।
- भारत बायोटेक ने इसे हिलमैन लैबोरेटरीज (मर्क, यूएसए और वेलकम ट्रस्ट, यूके द्वारा वित्त पोषित) से लाइसेंस के तहत विकसित किया है।
- ओरल हिलकोल टीकाकरण 0 और 14वें दिन दो खुराक में दिया जाता है।
- एक वर्ष से अधिक उम्र के बच्चे इसका उपयोग कर सकते हैं। इसे एक खुराक के साथ रेस्प्यूल के रूप में पेश किया जाएगा।
- इसकी अनुशंसित भंडारण सीमा प्लस 2 से 8 डिग्री सेल्सियस है।
- हिलकोल को मोनो-मल्टीडोज प्रारूप में प्रस्तुत किया जाता है।

### भारत की पहली स्वदेशी डेंगू वैक्सीन

- भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (ICMR) और पैनेसिया बायोटेक ने भारत की पहली स्वदेशी डेंगू वैक्सीन (Dengue Vaccine) डेंगीऑल (DengiAll) के लिए फेज-3 क्लीनिकल ट्रायल का शुभारंभ किया है।
- यह ट्रायल पैनेसिया बायोटेक द्वारा विकसित भारत के स्वदेशी टेट्रावैलेंट डेंगू वैक्सीन, डेंगीऑल (DengiAll) के प्रभाव का मूल्यांकन करेगा।
- अभी तक भारत में डेंगू के खिलाफ कोई एंटीवायरल उपचार या लाइसेंस प्राप्त टीका नहीं है।
- भारत में, डेंगू वायरस के सभी चार सीरोटाइप कई क्षेत्रों में संक्रमण फैला सकते हैं।
- पहली टेट्रावैलेंट डेंगू वैक्सीन स्ट्रेन (TV003/TV005) को मूल रूप से अमेरिका के नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ हेल्थ द्वारा विकसित किया गया था।
- पैनेसिया बायोटेक, इस स्ट्रेन प्राप्त करने वाली तीन भारतीय कंपनियों में से एक है, जो विकास के सबसे एडवांस्ड चरण में है।

### तरंग शक्ति अभ्यास 2024

- भारत का पहला बहुराष्ट्रीय वायु अभ्यास, 'तरंग शक्ति 2024' (Tarang Shakti 2024) दो चरणों में आयोजित किया गया।
- इसका पहला चरण 6 अगस्त को सुलार, तमिलनाडु में और दूसरा चरण 29 अगस्त से 14 सितंबर तक जोधपुर, राजस्थान में आयोजित किया गया।
- इस अभ्यास में लगभग 30 देशों ने भाग लिया, इसमें अठारह अन्य देश पर्यवेक्षक के रूप में भाग लिया।
- यह अभ्यास भारत की रक्षा क्षमताओं को प्रदर्शित करने और भाग लेने वाली सेनाओं के बीच सहयोग बढ़ाने के लिए आयोजित किया गया।

### मित्र शक्ति अभ्यास 2024

- यह भारत और श्रीलंका के बीच एक संयुक्त सैन्य अभ्यास है।
- "मित्र शक्ति" अभ्यास का उद्देश्य कौशल, अनुभव और बेस्ट प्रैक्टिसेज के आदान-प्रदान की सुविधा प्रदान करके दोनों सेनाओं की ऑपरेशनल एफिसिएंसी में सुधार करना है।
- "मित्र शक्ति" का पिछला संस्करण भारत के पुणे में औंध सैन्य स्टेशन पर आयोजित हुआ था, जिसमें मराठा लाइट इन्फैंट्री रेजिमेंट के सैनिकों ने भाग लिया था।

### 'पर्वत प्रहार' सैन्य अभ्यास

- भारतीय सेना ने लद्दाख में रणनीतिक सैन्य अभ्यास 'पर्वत प्रहार' का आयोजन किया।
- यह अभ्यास अधिक ऊंचाई वाले युद्ध संचालन पर केंद्रित है।
- 'पर्वत प्रहार'/Parvat Prahaar (माउंटेन स्ट्राइक) अभ्यास पूर्वी लद्दाख जैसे पहाड़ी और ऊबड़-खाबड़ इलाकों में सैन्य अभियान की तैयारी पर आधारित था।
- यह क्षेत्र में सेना की तैयारी और प्रभावशीलता को बनाए रखने के लिए महत्वपूर्ण है, जो भारत-चीन सीमा के करीब है।

### उदार शक्ति अभ्यास 2024

- यह संयुक्त हवाई अभ्यास 5 से 9 अगस्त तक भारतीय वायुसेना और रॉयल मलेशियाई वायु सेना के बीच आयोजित किया गया।
- इसका आयोजन मलेशिया के कुआंतन में किया गया।
- इसमें भारतीय वायु सेना के Su-30MKI ने रॉयल मलेशियाई वायु सेना के Su-30MKM लड़ाकू विमानों के साथ भाग लिया।
- इसका प्राथमिक उद्देश्य ऑपरेशनल एफिशिएंसी को बढ़ावा देना और दोनों वायु सेनाओं की तकनीकी विशेषज्ञता को बढ़ाना था।

◆◆◆◆


# 6 खेल

## पेरिस ओलंपिक 2024

- यह ओलंपिक खेलों का 33वाँ संस्करण था।
- पेरिस ने ग्रीष्मकालीन ओलंपिक की तीसरी बार मेजबानी की।

### पेरिस ओलंपिक 2024 शुभंकर

- 2024 पेरिस ओलंपिक का आधिकारिक शुभंकर 'फ्रीज' है, जो फ्रीजियन टोपियों का प्रतिनिधित्व करता है।



### लोगो

- पेरिस ओलंपिक 2024 के लोगो में तीन प्रतीक अद्वितीय रूप से शामिल हैं। ये हैं स्वर्ण पदक, ओलंपिक लौ और मैरिएन, जो फ्रांस का एक व्यक्तित्व है।

PARiS 2024

- नोट: पेरिस ओलंपिक लोगो 2024 का उपयोग पहली बार ओलंपिक और पैरालंपिक दोनों खेलों के लिए किया गया।
- पेरिस ओलंपिक 2024 के शुभंकर का ध्येय वाक्य (Motto of the Mascot) है- 'अकेले हम तेजी से आगे बढ़ते हैं, लेकिन साथ मिलकर हम आगे बढ़ते हैं' (Alone we go faster, but together we go further) है।.
- पेरिस ओलंपिक में सबसे ज़्यादा 640 एथलीट अमेरिका के थे।
- इन खेलों में सबसे सफल पुरुष एथलीट फ्रांस के तैराक लियो मोचा रहे, जिन्होंने 4 स्वर्ण 4 कांस्य पदक जीते।
- इन खेलों में सबसे सफल महिला संयुक्त राज्य अमेरिका की तैराक टोरी हस्के रही, जिन्होंने 3 स्वर्ण और 2 रजत पदक जीते।
- अगला 34वाँ ओलंपिक वर्ष 2028 में लॉस एंजेलिस में किया जाएगा।
- पेरिस ओलंपिक 2024 के उद्घाटन समारोह के भारतीय ध्वजवाहक पुसरला वेंकट सिंधु और अचंता शरत कमल थे।
- समापन समारोह में ध्वजवाहक पीआर श्रीजेश और मनु भाकर थे।
- यह ओलंपिक खेलों में भारत का अब तक का सबसे बड़ा प्रतिनिधित्व था, जिसमें 117 एथलीट शामिल थे।

**पेरिस ओलंपिक 2024 की मुख्य बातें**

| | विवरण |
|---|---|
| संस्करण | 33वां ग्रीष्मकालीन ओलंपिक |
| आयोजन | 26 जुलाई से 11 अगस्त, 2024 |
| नारा (Slogan) | खेल व्यापक रूप से खुले (Games Wide Open) |
| स्पर्धा | 329 स्पर्धा |
| खेलों की संख्या | 32 खेल (4 नए खेल सहित) |
| कुल एथलीट | लगभग 10,500 |
| एथलीट्स | 204 एनओसी और आईओसी शरणार्थी ओलंपिक टीम |
| मेजबान शहर | पेरिस, फ्रांस |
| भारत की भागीदारी | 117 एथलीट |

## पेरिस ओलंपिक 2024 में भारत

- भारत ने पेरिस ओलंपिक 2024 में 6 पदक के साथ 71वें स्थान पर रहा।
- भारत ने 1 रजत और 5 कांस्य पदक सहित कुल 6 पदक जीते।
- यह ग्रीष्मकालीन ओलंपिक में भारत के लिए तीसरा सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है।

| क्रमांक | खिलाड़ी | स्पर्धा | पदक |
|---|---|---|---|
| 1 | मनु भाकर | महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल | कांस्य |
| 2 | मनु भाकर और सरबजोत सिंह | 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम शूटिंग | कांस्य |
| 3 | स्वप्निल कुसाले | पुरुषों की 50 मीटर राइफल 3 पोजीशन | कांस्य |
| 4 | भारतीय पुरुष हॉकी टीम | पुरुष हॉकी | कांस्य |
| 5 | नीरज चोपड़ा | भाला फेंक | रजत |
| 6 | अमन सेहरावत | पुरुषों की फ्रीस्टाइल 57 किग्रा कुश्ती | कांस्य |

- ओलंपिक में भारत का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 2020 टोक्यो ओलंपिक में था, जिसमें भारत पदक तालिका में 48वें स्थान पर था और उसे 1 स्वर्ण, 2 रजत और 4 कांस्य सहित कुल 7 पदक जीते थे।

- भारत का दूसरा सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 2012 लंदन ओलंपिक में था जब उसने 2 रजत और 4 कांस्य सहित कुल छह पदक जीते थे।
- हरियाणा की मनु भाकर ने भारत के लिए पहला पदक जीता।
- मनु भाकर ने 28 जुलाई को 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में कांस्य पदक जीता।
- वह ग्रीष्मकालीन ओलंपिक में निशानेबाजी स्पर्धा में पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला निशानेबाज बनी है।
- वह व्यक्तिगत और मिश्रित टीम स्पर्द्धाओं में पदक जीतकर एक ही खेल में दो पदक जीतने वाली स्वतंत्र भारत की पहली एथलीट बनीं।
- भारत ने निशानेबाजी में तीन पदक जीते इसमें मनु भाकर, सरबजोत सिंह और स्वप्निल कुसाले ने पदक जीते
- मनु भाकर का कांस्य पदक ओलंपिक में किसी भारतीय निशानेबाज द्वारा जीता गया पांचवां पदक था।
- नोट: निशानेबाजी में पदक जीतने वाले पहले भारतीय राज्यवर्धन सिंह राठौड़ है। (एथेंस ओलंपिक 2004 में डबल ट्रैप शूटिंग में रजत पदक)
- नीरज चोपड़ा ने भाला फेंक में 89.45 मीटर की दूरी तय करके रजत पदक जीता। यह उनका दूसरा ओलंपिक पदक था, जिससे वे भारत के 5वें दो बार ओलंपिक पदक विजेता बन गए।
- भारत की हॉकी टीम ने पेरिस ओलंपिक में कांस्य पदक जीता।
    - भारत ने स्पेन को 2-1 से हराकर ओलंपिक में लगातार दूसरी बार कांस्य पदक जीता।
- इससे पहले भारत ने हॉकी में लगातार दो बार 1968 में मैक्सिको ओलंपिक और 1972 में म्यूनिख ओलंपिक में कांस्य पदक जीते थे।
- अमन सेहरावत ओलंपिक पदक जीतने वाले सबसे कम उम्र के भारतीय बने है। (21 साल 24 दिन)
- लक्ष्य सेन ओलंपिक में पुरुष बैडमिंटन के सेमीफाइनल में पहुँचने वाले पहले भारतीय बने और चौथे स्थान पर रहे।
- पहलवान विनेश फोगाट महिलाओं के 50 किलोग्राम वर्ग के फाइनल में पहुँचने के बाद, 100 ग्राम अधिक वजन होने के कारण अयोग्य घोषित कर दी गई।
- भारतीय एथलीटों ने तीरंदाजी, एथलेटिक्स, बैडमिंटन, मुक्केबाजी, घुड़सवारी, गोल्फ, हॉकी, जूडो, नौकायन, निशानेबाजी, तैराकी, टेबल टेनिस और टेनिस जैसे 16 खेलों में 69 पदकों के लिए प्रतिस्पर्द्धा की।
- ओलंपिक के इतिहास में भारत के नाम अब तक कुल 41 पदक हैं. इनमें 10 स्वर्ण, 10 रजत और 21 कांस्य पदक शामिल हैं।
- भारत ने सबसे ज्यादा 8 स्वर्ण पदक सहित कुल 13 पदक हॉकी टीम ने जीते हैं, जबकि भारत ने कुश्ती में 7 पदक प्राप्त किये हैं।
- देश ने अब तक व्यक्तिगत स्पर्धा में दो स्वर्ण पदक जीते हैं
    - अभिनव बिंद्रा (बीजिंग ओलंपिक 2008) ( शूटिंग)
    - नीरज चोपड़ा (टोक्यो ओलंपिक 2020) (जैवलिन थ्रो)

### पेरिस ओलंपिक 2024 के शीर्ष 5 देश

| रैंक | देश | स्वर्ण | रजत | कांस्य | कुल |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | संयुक्त राज्य अमेरिका | 40 | 44 | 42 | 126 |
| 2 | चीन | 40 | 27 | 24 | 91 |
| 3 | जापान | 20 | 12 | 13 | 45 |
| 4 | ऑस्ट्रेलिया | 18 | 19 | 17 | 53 |
| 5 | फ्रांस | 16 | 26 | 22 | 64 |
| 71 | भारत | 0 | 1 | 5 | 6 |

- स्वतंत्रता के बाद भारत के लिए ओलंपिक में पहला व्यक्तिगत पदक के डी जाधव ने 1952 के हेलसिंकी ओलंपिक में कुश्ती में कांस्य पदक जीता था।
- साक्षी मलिक भारत के लिए ओलंपिक पदक (रियो डि जेनेरियो ओलम्पिक 2016) जीतने वाली एकमात्र महिला पहलवान हैं।
- सुशील कुमार ने कुश्ती में दो पदक (1 रजत 2012 लंदन ओलंपिक, और 1 कांस्य 2008 बीजिंग ओलंपिक) जीते।
- हैं. रवि कुमार दहिया ने 2020 टोक्यो ओलंपिक में रजत पदक जीता था. योगेश्वर दत्त (2012 लंदन ओलंपिक) और बजरंग पूनिया (2020 टोक्यो ओलंपिक) ने कांस्य पदक जीते हैं.
- ओलंपिक में अयोग्यता से पहले, विनेश फोगाट ओलंपिक के फाइनल में पहुंचने वाली पहली भारतीय महिला पहलवान बनी थी।

### लॉस एंजेलिस ओलंपिक 2028

- 2028 के ग्रीष्मकालीन ओलंपिक लॉस एंजिल्स में आयोजित किए जाएंगे।
- लॉस एंजिल्स ओलंपिक खेलों की मेजबानी तीसरी बार करेगा। इससे पहले 1932 और 1984 में भी लॉस एंजिल्स में ओलंपिक का आयोजन हुआ था।
- इन खेलों में बेसबॉल और सॉफ्टबॉल को पुनः शामिल किया गया है।
- इसमें नए खेल फ्लैग फुटबॉल, क्रिकेट, लैक्रोस और स्क्वैश भी शामिल किए जाएंगे।

### पेरिस पैरालंपिक 2024

- यह पेरिस का पहला ग्रीष्मकालीन पैरालंपिक है।
- इनका आयोजन पेरिस में 28 अगस्त से 8 सितंबर 2024 तक किया गया।
- इससे पहले, 1992 के शीतकालीन पैरालंपिक फ्रांस के टिग्नेस और अल्बर्टविले में आयोजित किए गए थे।
- इन खेलों में 84 भारतीय पैरा एथलीट भाग लिया। पैरालिंपिक इतिहास में यह भारत का सबसे बड़ा दल है।
- नोट: टोक्यो ओलंपिक में भारत के 54 पैरा एथलीट ने भाग लिया था।
- भारत पैरालंपिक खेलों के 2024 में 22 खेलों में से 12 में भाग ले रहा है।
- भारत ने पैरालंपिक खेल 2024 में पैरा साइक्लिंग, पैरा जूडो और पैरा रोइंग में पदार्पण किया है।

- भाला फेंक खिलाड़ी सुमित अंतिल और शॉटपुट एथलीट भाग्यश्री जाधव को उद्घाटन समारोह के दौरान भारत का ध्वजवाहक चुना गया।
- पहली बार, भारत पेरिस में पैरा साइक्लिंग, पैरा रोइंग और ब्लाइंड जूडो के खेलों में भी प्रतिस्पर्धा करेगा।
- भारतीय पैरालंपिक समिति के उपाध्यक्ष सत्य प्रकाश सांगवान को आगामी पेरिस पैरालंपिक में भारतीय दल का शेफ डे मिशन नियुक्त किया गया।

## लेफ्टिनेंट कर्नल कबीलन साई अशोक

- पेरिस ओलंपिक 2024 में, लेफ्टिनेंट कर्नल कबीलन साई अशोक मुक्केबाजी में भारत के सबसे कम उम्र के ओलंपिक रेफरी बने।

## अंडर-17 कुश्ती विश्व चैंपियनशिप 2024

- भारतीय महिलाओं ने जॉर्डन के अम्मान में चल रही अंडर-17 विश्व कुश्ती चैंपियनशिप में अपना दबदबा कायम रखते हुए 185 अंकों के साथ पहली बार टीम खिताब जीता।
- इसमें जापान 146 अंकों के साथ दूसरे और कजाकिस्तान 79 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रहा।
- इसमें काजल स्वर्ण पदक जीतने वाली देश की पांचवीं पहलवान बनीं है।
- श्रुतिका पाटिल ने 46 किग्रा भार वर्ग में रजत पदक जीता।
- राज बाला ने 40 किग्रा वर्ग में कांस्य पदक जीता।
- मुस्कान ने 53 किग्रा में प्ले-ऑफ में तकनीकी श्रेष्ठता के आधार पर कांस्य पदक जीता।
- भारतीय महिलाओं ने 5 स्वर्ण, 1 रजत और 2 कांस्य सहित कुल 8 पदक जीते।

## शिखर धवन ने क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास लिया

- भारत के क्रिकेटर शिखर धवन ने अंतरराष्ट्रीय और घरेलू क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास की घोषणा की है।
- बाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने टीम इंडिया के लिए 37 टेस्ट, 167 वनडे और 68 टी20 मैच खेले हैं।
- धवन को वनडे टूर्नामेंट में उनके प्रभावशाली बल्लेबाजी के कारण मिस्टर आईसीसी के रूप में भी जाना जाता है।
- उन्होंने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में कुल 10,867 रन बनाए हैं, जिसमें वनडे में 6793 रन शामिल हैं।
- धवन ने वनडे में 17 शतक और 39 अर्धशतक लगाए हैं।
- वह सनराइजर्स हैदराबाद के साथ एक बार चैंपियनशिप विजेता रहे हैं।

## नीरज चोपड़ा डायमंड लीग में दूसरे स्थान पर रहे

- नीरज चोपड़ा स्विट्जरलैंड के लुसाने में डायमंड लीग प्रतियोगिता में पुरुषों की भाला फेंक स्पर्धा में दूसरे स्थान पर रहे।
- नीरज ने अपने सीज़न का सर्वश्रेष्ठ 89.49 मीटर तक भाला फेंका।
- पीटर्स एंडरसन 90.61 मीटर के साथ पहले नम्बर पर रहे।
- जर्मनी के जूलियन वेबर 87.08 मीटर के साथ तीसरे स्थान पर रहे।

## तन्वी पत्री

- भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी तन्वी पत्री ने एशियाई अंडर-15 जूनियर चैंपियनशिप 2024 का महिला एकल खिताब जीता।
- यह प्रतियोगिता चेंगदू, चीन में आयोजित की गई।
- वह एशियाई अंडर-15 एकल खिताब जीतने वाली तीसरी भारतीय महिला खिलाड़ी हैं।

## डायना पुंडोले

- भारत की पहली महिला राष्ट्रीय रेसिंग चैंपियन बनीं।
- डायना पुंडोले ने चेन्नई में MRF इंडियन नेशनल कार रेसिंग चैंपियनशिप 2024 में सैलून श्रेणी में राष्ट्रीय चैंपियनशिप का खिताब जीता।
- वह राष्ट्रीय प्रतिभा खोज के हिस्से के रूप में परीक्षणों से गुजरने के लिए पूरे भारत से चुनी गई 200 महिलाओं में से एक थीं।
- वह प्रतिष्ठित भारतीय टूरिंग कार मिश्रित श्रेणी में पहली और एकमात्र महिला प्रतिभागी हैं।

## CAVA महिला वॉलीबॉल नेशंस लीग

- भारत ने काठमांडू में 7 अगस्त को, CAVA महिला वॉलीबॉल राष्ट्र लीग के फाइनल में मेजबान नेपाल को हराकर खिताब जीता।
- इस जीत के साथ, भारत ने CAVA महिला वॉलीबॉल राष्ट्र लीग में अपना दूसरा खिताब जीता।
- इस लीग में ईरान तीसरे स्थान पर रहा।

## एशियाई सर्फिंग चैंपियनशिप 2024 में भारत ने रजत पदक जीता।

- थुलुसधू में आयोजित एशियाई सर्फिंग चैंपियनशिप का तीसरा संस्करण 2026 एशियाई खेलों के लिए एक क्वालीफाइंग इवेंट है।
- भारत ने मालदीव के एशियाई सर्फिंग चैंपियनशिप 2024 के मरुहाबा कप में रजत पदक जीता।
- जापान ने एशियाई सर्फिंग चैंपियनशिप 2024 के मरुहाबा कप के फाइनल में स्वर्ण पदक जीता।
- ताइपे और चीन क्रमशः तीसरे और चौथे स्थान पर रहे।
- इसमें हरीश मुथु ने पुरुषों की ओपन स्पर्धा में एशियाई सर्फिंग चैंपियनशिप 2024 के क्वार्टर फाइनल के लिए क्वालीफाई करने वाले पहले भारतीय बने।
- भारत ने एशियाई खेलों के लिए सर्फिंग में अपना पहला कोटा जीतने के एक दिन बाद रजत पदक जीता।
- भारतीय पुरुष और महिला सर्फिंग टीमें अब एशियाई खेलों 2026 में भाग लेंगी।
- एशियाई खेल 2026 जापान के ऐची-नागोया में आयोजित किए जाएंगे।

### प्रमोद भगत

- विश्व बैडमिंटन महासंघ (BWF) ने पैरा शटलर प्रमोद भगत को निलंबित कर दिया।
- उन्हें डोपिंग रोधी नियमों के उल्लंघन के लिए 18 महीने की अवधि के लिए निलंबित कर दिया।
- वे 1 सितंबर, 2025 तक बैडमिंटन से संबंधित सभी गतिविधियों से निलंबित रहेंगे।
- प्रमोद भगत टोक्यो 2020 पैरालंपिक स्वर्ण पदक विजेता हैं।
- प्रमोद भगत SL3 श्रेणी के बैडमिंटन खिलाड़ी हैं। उन्होंने टोक्यो पैरालंपिक में पुरुष एकल SL 3 वर्ग में स्वर्ण पदक जीता।
- विश्व बैडमिंटन महासंघ के अनुसार प्रमोद को व्हेयर अबाउट फेलियर के कारण निलंबित किया गया है।

### 9वें महिला T20 विश्व कप आयोजन यूएई किया जाएगा

- अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने 9वें महिला टी20 विश्व कप को बांग्लादेश से संयुक्त अरब अमीरात में किया जाएगा।
- इस आयोजन की आधिकारिक मेजबानी बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड द्वारा की जायेगी।
- महिला टी20 विश्व कप 3 अक्टूबर से 20 अक्टूबर तक संयुक्त अरब अमीरात के दुबई और शारजाह में आयोजित किया जाएगा।
- बांग्लादेश की राजनीतिक अशांति के कारण, इस आयोजन को बांग्लादेश से संयुक्त अरब अमीरात में स्थानांतरित कर दिया गया है।
- 2023 आईसीसी महिला टी20 विश्व कप आईसीसी महिला टी20 विश्व कप टूर्नामेंट का आयोजन दक्षिण अफ्रीका में हुआ था।

### सिएट क्रिकेट रेटिंग अवार्ड्स 2023-24

- 'पुरुष अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेटर ऑफ द ईयर': रोहित शर्मा (भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान)।
- 'पुरुष वनडे बल्लेबाज ऑफ द ईयर': विराट कोहली।
- 'वनडे गेंदबाज ऑफ द ईयर': मोहम्मद शमी।
- 'लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड': राहुल द्रविड़।
- 'पुरुष टेस्ट बल्लेबाज ऑफ द ईयर': यशस्वी जायसवाल।
- 'पुरुष टेस्ट गेंदबाज ऑफ द ईयर': आर. अश्विन।
- 'घरेलू क्रिकेटर ऑफ द ईयर': आर साई किशोर (तमिलनाडु के कप्तान)।
- टी-20 प्रारूप में 'वर्ष का सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज़': टिम साउथी (न्यूजीलैंड)।
- टी-20 प्रारूप में 'वर्ष का सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज़': फिल साल्ट (इंग्लैंड)।

◆◆◆◆

# 7 पुरस्कार एवं सम्मान

## राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को फिजी का सर्वोच्च नागरिक नागरिक सम्मान

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को 6 अगस्त 2024 को फिजी के सर्वोच्च नागरिक नागरिक सम्मान 'कंपेनियन ऑफ द ऑर्डर ऑफ फिजी' (Companion of the Order of Fiji) से सम्मानित किया।
- इससे पहले वर्ष 2023 में यह सम्मान भारत के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी को दिया गया था।
- यह सम्मान राष्ट्रपति मुर्मू की फिजी की तीन दिवसीय राजकीय यात्रा के दौरान प्रदान किया गया।
- यह किसी भारतीय राष्ट्राध्यक्ष की दक्षिण प्रशांत राष्ट्र फ़िजी की पहली यात्रा थी।
- राष्ट्रपति मुर्मू की तीन देशों की यात्रा का पहला चरण फिजी की यह यात्रा था। इसके अलावा राष्ट्रपति ने न्यूजीलैंड और तिमोर-लेस्ते की भी यात्रा की थी।
- भारत और फिजी के बीच 75 वर्षों के राजनयिक संबंधों के उपलक्ष्य में राष्ट्रपति मुर्मू ने फिजी की संसद को संबोधित किया।
- कम्पैनियन ऑफ़ द ऑर्डर ऑफ़ फिजी फिजी का सर्वोच्च सम्मान है।
- फिजी मेलानेशिया (दक्षिण प्रशांत महासागर में ओशिनिया का हिस्सा) में एक द्वीप देश है।
- यह 300 से अधिक द्वीपों का एक द्वीपसमूह है। इसकी राजधानी सुवा है।

## राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को तिमोर-लेस्ते का सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को 10 अगस्त को तिमोर-लेस्ते के सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार "ग्रैंड कॉलर ऑफ़ द ऑर्डर ऑफ़ तिमोर-लेस्ते" से सम्मानित किया गया।
- भारत की राष्ट्रपति को यह पुरस्कार "सार्वजनिक सेवा में उनकी उपलब्धियों और शिक्षा, सामाजिक कल्याण और महिला सशक्तिकरण के प्रति समर्पण" के लिए दिया गया।
- किसी भारतीय राष्ट्रपति ने पहली बार तिमोर-लेस्ते का दौरा किया है।

## 70वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार 2024

- 70वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार (70th National Film Awards) के विजेताओं की घोषणा 16 अगस्त को की गई।
- वर्ष 2022 की सर्वश्रेष्ठ फिल्मों और सिनेमायी उपलब्धियों का सम्मान करते हुए, पुरस्कारों की घोषणा सूचना और प्रसारण मंत्रालय (I&B) द्वारा की गई।
- 70वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार के तहत 1 जनवरी से 31 दिसंबर, 2022 के बीच सेंसर बोर्ड द्वारा प्रमाणित फिल्मों को सम्मानित किया गया है।

## फीचर फिल्म केटेगरी

- बेस्ट फिल्म (स्वर्ण कमल)- आनंद एकर्षी की "आट्टम"
- बेस्ट डायरेक्टर – सूरज आर बड़जात्या (उंचाई)
- बेस्ट लोकप्रिय फिल्म जो संपूर्ण मनोरंजन प्रदान करती है- कंतारा (ऋषभ शेट्टी)
- बेस्ट एक्टर – ऋषभ शेट्टी, कंतारा
- बेस्ट एक्ट्रेस – नित्या मेनन (थिरुचित्रमभलम) और मानसी पारेख (कच्छ एक्सप्रेस)
- बेस्ट सपोर्टिंग एक्टर – पवन राज मल्होत्रा (फौजा)
- बेस्ट सपोर्टिंग एक्ट्रेस – नीना गुप्ता (उंचाई)
- सर्वश्रेष्ठ बाल कलाकार – श्रीपथ, मलिकप्पुरम
- हिंदी में सर्वश्रेष्ठ फीचर फिल्म – राहुल वी. चित्तेला की गुलमोहर,
- राष्ट्रीय, सामाजिक और पर्यावरणीय मूल्यों को बढ़ावा देने वाली सर्वश्रेष्ठ फीचर फिल्म – कच्छ एक्सप्रेस (वायरल शाह)
- सर्वश्रेष्ठ डाक्यूमेंट्री – मर्मर्स ऑफ द जंगल (साहिल वैद्य)

## RBI गवर्नर शक्तिकांत दास को टॉप केंद्रीय बैंकर का दर्जा

- RBI गवर्नर शक्तिकांत दास को अमेरिका स्थित ग्लोबल फाइनेंस पत्रिका ने लगातार दूसरे वर्ष वैश्विक स्तर पर टॉप केंद्रीय बैंकर का दर्जा दिया है।
- डेनमार्क के क्रिश्चियन केटल थॉमसन, भारत के शक्तिकांत दास और स्विट्जरलैंड के थॉमस जॉर्डन को केंद्रीय बैंकरों की 'A+' श्रेणी में स्थान दिया गया।
- ग्लोबल फाइनेंस पत्रिका के अनुसार, मुद्रास्फीति नियंत्रण, आर्थिक विकास लक्ष्यों, मुद्रा स्थिरता और ब्याज दर प्रबंधन में सफलता के लिए A से F तक के स्केल पर ग्रेड दिए जाते हैं।
- ' A' उत्कृष्ट प्रदर्शन को दर्शाता है जबकि 'F' का मतलब है पूरी तरह से असफलता।

## राष्ट्रीय विज्ञान पुरस्कार 2024

- केंद्र सरकार ने 7 अगस्त को राष्ट्रीय विज्ञान पुरस्कार (Rashtriya Vigyan Puraskar) 2024 की घोषणा की।
- वर्ष 2024 में 33 व्यक्तियों को राष्ट्रीय विज्ञान पुरस्कार से सम्मानित किए जाने की घोषणा की गई है।
- यह पुरस्कार विज्ञान प्रौद्योगिकी और नवाचार के क्षेत्र में उत्कृष्ट उपलब्धियां हासिल करने वाली विभूतियों को दिया जाता है।
- यह पुरस्कार चार श्रेणियों में दिया जाता है:
    - विज्ञान रत्न
    - विज्ञान श्री
    - विज्ञान युवा
    - विज्ञान टीम

| विज्ञान रत्न | विज्ञान टीम | विज्ञान श्री | विज्ञान युवा |
|---|---|---|---|
| • पूरे जीवनकाल में विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में उपलब्धियां हासिल करने वाले विशिष्ट व्यक्तियों के लिए यह पुरस्कार पहली बार शुरू किया गया है।<br>• इसमें अधिकतम 3 व्यक्तियों को पुरस्कार दिए जाते है।<br>• प्रख्यात बायोकेमिस्ट गोविंदराजन पद्मनाभन को पहला विज्ञान रत्न पुरस्कार 2024 से सम्मानित किया जाएगा। | • तीन या अधिक वैज्ञानिकों और शोधकर्ताओं की उस टीम को यह सम्मान दिया जाता है, जिसने विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में असाधारण योगदान दिया हो।<br>• इस श्रेणी में तीन पुरस्कार दिए जाते हैं।<br>• इस वर्ष चंद्रयान-3 के वैज्ञानिकों और इंजीनियरों को विज्ञान टीम 2024 सम्मान दिया जाएगा। | • विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में विशिष्ट योगदान देने वाले व्यक्तियों को यह सम्मान दिया जाता है।<br>• इस श्रेणी में अधिकतम 25 पुरस्कार प्रदान किए जाते हैं। | • विज्ञान युवा शांति स्वरूप भटनागर (VY-SSB) पुरस्कार: विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में असाधारण योगदान देने वाले युवा वैज्ञानिकों को यह सम्मान दिया जाता है।<br>• इस श्रेणी में अधिकतम 25 पुरस्कार प्रदान किए जाते हैं। |

- राष्ट्रपति ने 13 विज्ञान श्री पुरस्कार, 18 विज्ञान युवा-शांति स्वरूप भटनागर पुरस्कार और एक विज्ञान टीम पुरस्कार भी प्रदान किया।
- राष्ट्रीय विज्ञान पुरस्कार पुरस्कार भौतिकी, रसायन विज्ञान, जीव विज्ञान, गणित और कंप्यूटर विज्ञान, पृथ्वी विज्ञान, चिकित्सा विज्ञान, इंजीनियरिंग विज्ञान, कृषि विज्ञान, पर्यावरण विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार, परमाणु ऊर्जा, अंतरिक्ष विज्ञान और प्रौद्योगिकी जैसे क्षेत्रों में असाधारण उपलब्धियां हासिल करने वाली विभूतियों को दिए जाते हैं।
- विज्ञान रत्न पुरस्कार भारत का शीर्ष विज्ञान पुरस्कार है।

## राष्ट्रीय भू-विज्ञान पुरस्कार 2024

- ये पुरस्कार निम्नलिखित 3 श्रेणियों में प्रदान किए गए-
  - राष्ट्रीय भू-विज्ञान लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड
  - राष्ट्रीय युवा भू-वैज्ञानिक पुरस्कार
  - राष्ट्रीय भू-विज्ञान पुरस्कार
- राष्ट्रीय भू-विज्ञान लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड: प्रो. धीरज मोहन बनर्जी को फॉस्फोराइट्स, आइसोटोप भूविज्ञान और कार्बनिक भू-रसायन विज्ञान के क्षेत्र में उनके काम के लिए लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड मिला।
- राष्ट्रीय युवा भू-वैज्ञानिक पुरस्कार: डॉ. आशुतोष पांडे को पूर्वी धारवाड़ क्रेटन के भू-गतिकी विकास पर उनके अभूतपूर्व शोध के लिए राष्ट्रीय युवा भू-वैज्ञानिक पुरस्कार मिला।
- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने 21 भू-वैज्ञानिकों को 2023 के लिए राष्ट्रीय भू-विज्ञान पुरस्कार (NGA) प्रदान किए।
- भू-विज्ञान, खनिज अन्वेषण और प्राकृतिक जोखिम जांच में 12 पुरस्कार प्रदान किए गए।

◆◆◆◆

# 8 चर्चित व्यक्तित्व

### साधना सक्सेना नायर

- यह आर्मी मेडिकल सर्विस की पहली महिला DG का पद संभालने वाली पहली महिला बनी है।
- ले. जनरल साधना सक्सेना नायर ने 01 अगस्त, 2024 को मेडिकल सर्विस का डायरेक्टर जनरल (सेना) का पद संभाला।
- साधना वायुसेना की दूसरी महिला मेडिकल ऑफिसर हैं, जो एयर मार्शल रैंक तक पहुंची हैं।
- लेफ्टिनेंट जनरल नायर ने दिसंबर 1985 में सेना चिकित्सा कोर में कमीशन किया गया।
- लेफ्टिनेंट जनरल नायर को राष्ट्रीय शिक्षा नीति के चिकित्सा शिक्षा घटक के एक हिस्से का मसौदा तैयार करने के लिए डॉ कस्तूरीरंगन समिति के विशेषज्ञ सदस्य के रूप में नामित किया गया था।

### राहुल नवीन प्रवर्तन निदेशालय के नए निदेशक नियुक्त किए गए

- राहुल नवीन को प्रवर्तन निदेशालय का निदेशक नियुक्त किया गया है।
- मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति ने दो साल की अवधि के लिए नवीन की नियुक्ति को मंजूरी दी है।
- इन्होंने संजय कुमार मिश्रा का स्थान लिया।
- राहुल नवीन भारतीय राजस्व सेवा (आयकर) के 1993 बैच के अधिकारी हैं।
- प्रवर्तन निदेशालय मनी लॉन्ड्रिंग और विदेशी मुद्रा कानूनों के उल्लंघन के अपराधों की जाँच करता है।
- यह केंद्रीय वित्त मंत्रालय के अधीन काम करता है।
- इसका मुख्यालय नई दिल्ली में स्थित है।

### टी.वी. सोमनाथन

- टी.वी. सोमनाथन ने 30 अगस्त 2024 को मंत्रिमंडल सचिव का पदभार ग्रहण किया।
- वह प्रधानमंत्री कार्यालय (PMO) में संयुक्त सचिव और अतिरिक्त सचिव रह चुके है।
- उन्होंने राजीव गौबा का स्थान लिया।
- वे तमिलनाडु कैडर के भारतीय प्रशासनिक सेवा (IAS) अधिकारी हैं।
- नोट: मंत्रिमंडल सचिव या कैबिनेट सचिव भारत का सबसे बड़ा प्रशासनिक अधिकारी होता है।

### गोविंद मोहन

- भारतीय प्रशासनिक सेवा के वरिष्ठ अधिकारी गोविंद मोहन को नया केंद्रीय गृह सचिव नियुक्त किया गया है।
- इन्होंने अजय कुमार भल्ला का स्थान लिया।

### राजेश कुमार

- भारतीय प्रशासनिक सेवा के वरिष्ठ अधिकारी राजेश कुमार को नया रक्षा सचिव नियुक्त किया गया है।
- इन्होंने गिरिधर अरमाने का स्थान लिया।

### सतीश कुमार

- सतीश कुमार को रेलवे बोर्ड का अध्यक्ष और मुख्य कार्यकारी अधिकारी (CEO) नियुक्त किया गया।
- उन्होंने जया वर्मा सिन्हा का स्थान लिया। उनका कार्यकाल 1 सितंबर से शुरू हुआ।
- वह रेलवे बोर्ड के पहले दलित अध्यक्ष और CEO हैं।
- वे भारतीय रेलवे प्रबंधन सेवा के अधिकारी हैं।
- जया वर्मा सिन्हा रेलवे बोर्ड की अध्यक्ष और CEO बनने वाली पहली महिला हैं।

### जय शाह

- जय शाह को 27 अगस्त 2024 को अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (ICC) का निर्विरोध चैयरमेन चुना गया।
- जय शाह वर्तमान में भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (BCCI) के सचिव है।
- वह 1 दिसंबर 2024 को पद ग्रहण करेंगे।
- वह 35 वर्ष की आयु में इस पद पर आसीन होने वाले सबसे कम उम्र के व्यक्ति है।
- वह चैयरमेन ग्रेग बार्कले का स्थान लेंगे।
- अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद क्रिकेट की वैश्विक शासी संस्था है।(मुख्यालयः दुबई (UAE))

### बी श्रीनिवासन

- भारतीय पुलिस सेवा (IPS) अधिकारी बी श्रीनिवासन राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड (NSG) के नए महानिदेशक बने हैं।
- उन्होंने नलिन प्रभात का स्थान लिया है।
- नलिन प्रभात को जम्मू-कश्मीर के विशेष पुलिस महानिदेशक नियुक्त किया गया है।
- राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड (NSG) भारतीय गृह मंत्रालय (MHA) के तहत एक विशिष्ट आतंकवाद विरोधी इकाई है।
- इसकी स्थापना 22 सितंबर 1986 को राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड अधिनियम, 1986 के तहत की गई थी।

### पीआर श्रीजेश

- भारतीय हॉकी टीम के पूर्व गोल कीपर पीआर श्रीजेश भारत की जूनियर पुरुष टीम के नए मुख्य कोच बने है।
- पीआर श्रीजेश ने पेरिस ओलंपिक के बाद खेल से संन्यास की घोषणा की थी।

- श्रीजेश के शानदार प्रदर्शन की बदौलत भारत ने स्पेन को 2-1 से हराकर लगातार दूसरी बार कांस्य पदक जीता।
- वर्ष 2017 में उन्हें भारत का चौथा सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार पद्म श्री से सम्मानित किया गया था।
- वर्ष 2021 में उन्हें देश के सर्वोच्च खेल सम्मान खेल रत्न से सम्मानित किया गया।

### के. सिद्धारमैया

- हाल ही में कर्नाटक के राज्यपाल थावरचंद गहलोत ने मैसूर शहरी विकास प्राधिकरण (MUDA) साइट आवंटन घोटाले में मुख्यमंत्री के, सिद्धारमैया के खिलाफ मुकदमा चलाने की मंजूरी दे दी है।
- नोट: राज्यपाल को कार्यकाल के दौरान संविधान के अनुच्छेद 361 के तहत मुकदमों से छूट मिली हुई है लेकिन मुख्यमंत्री के संदर्भ में ऐसा कोई प्रावधान नहीं है।
- एमयूडीए (MUDA) घोटाले के तहत सिद्धारमैया की पत्नी को मैसूर में लगभग 14 भूखंडों की 'धोखाधड़ी' में शामिल होने का आरोप है।

### चल्ला श्रीनिवासुलु सेट्टी

- चल्ला श्रीनिवासुलु सेट्टी को भारतीय स्टेट बैंक (SBI) का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है।
- उनकी नियुक्ति उनके कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से तीन वर्ष की अवधि के लिए, 28 अगस्त को या उसके बाद, या अगले आदेशों तक, जो भी पहले हो, प्रभावी रहेगी।
- इससे पहले वे एसबीआई के प्रबंध निदेशक के रूप में कार्यरत थे।
- उन्होंने इस पद पर दिनेश कुमार खारा का स्थान लिया।

### फीफा ने भारत के रिओहलंग धर को सहायक रेफरी चुना

- विश्व फुटबॉल की नियामक संस्था फीफा ने डोमिनिकन गणराज्य में होने वाले आठवें अंडर-17 महिला विश्व कप के लिए सहायक रेफरी के रूप में मेघालय की रिओहलंग धर को चुना है।
- यह प्रतियोगिता 16 अक्टूबर से 3 नवंबर 2024 तक डोमिनिकन गणराज्य में आयोजित की जाएगी।

### राजेश नांबियार

- राजेश नांबियार को नेशनल एसोसिएशन ऑफ सॉफ्टवेयर सर्विसेज कंपनीज (नैसकॉम) ने 21 अगस्त को अपना मनोनीत-अध्यक्ष नियुक्त किया है।
- इससे पहले राजेश कॉग्निजेंट इंडिया के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक पद पर रह चुके है।
- यह देबजानी घोष का स्थान लेंगे, जिनका कार्यकाल नवंबर 2024 में पूरा होगा।

### संजय शुक्ला

- संजय शुक्ला 30 जुलाई, 2024 को आधिकारिक तौर पर राष्ट्रीय आवास बैंक में प्रबंध निदेशक (MD) बने।
- वह एक अनुभवी चार्टर्ड अकाउंटेंट हैं, जिन्हें हाउसिंग और रिटेल एसेट फाइनेंस में तीन दशकों से ज़्यादा का अनुभव है।
- इससे पहले वह अक्टूबर 2016 से सेंट्रम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड (CHFL) के संस्थापक प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी (CEO) थे।

### तेगबीर सिंह माउंट किलिमंजारो पर चढ़ने वाले सबसे कम उम्र के एशियाई बन गए हैं।

- तेगबीर सिंह माउंट किलिमंजारो पर चढ़ने वाले सबसे कम उम्र के एशियाई बने हैं।
- तेगबीर की उम्र सिर्फ 5 वर्ष है और यह रोपड़ के रहने वाले है।
- यह माउंट किलिमंजारो पर चढ़ने वाले एशिया के सबसे कम उम्र के व्यक्ति बन गए हैं।
- माउंट किलिमंजारो अफ्रीका की सबसे ऊंची चोटी है, जो तंजानिया में स्थित है।
- सर्बिया के ओग्जेन ज़िवकोविक 5 वर्ष की उम्र में माउंट किलिमंजारो पर चढ़ने वाले दुनिया के सबसे कम उम्र के लड़के बने थे।

### मोहम्मद यूनुस

- मोहम्मद यूनुस को बांग्लादेश में अंतरिम सरकार का प्रमुख नियुक्त किया गया।
- राष्ट्रपति शहाबुद्दीन ने यह निर्णय और भेदभाव विरोधी छात्र आंदोलन के समन्वयकों के बीच हुई बैठक के दौरान लिया गया।
- शेख हसीना के 5 अगस्त को अपने पद से इस्तीफा देने के बाद से बांग्लादेश में राजनीतिक अस्थिरता है।
- विद्रोह का कारण: सरकारी नौकरियों में कोटा प्रणाली को समाप्त करने की मांग को लेकर छात्रों के नेतृत्व में हुए विरोध प्रदर्शन सरकार विरोधी प्रदर्शनों में बदले और कट्टरपंथी संगठनों की भागीदारी से बांग्लादेश में तख्तापलट हुआ।

### शेख हसीना

- बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना ने देश में व्यापक पैमाने पर हिंसा और विरोध प्रदर्शनों के बाद इस्तीफा दे दिया।
- शेख हसीना जून 1996 से जुलाई 2001 तक और जनवरी 2009 से अगस्त 2024 तक बांग्लादेश की प्रधानमंत्री रहीं।
- वह बांग्लादेश के पहले राष्ट्रपति शेख मुजीबुर रहमान की बेटी हैं।

### सैयद रेफात अहमद

- सैयद रेफात अहमद बांग्लादेश के नए मुख्य न्यायाधीश नियुक्त किए गए है।
- बांग्लादेश के राष्ट्रपति मोहम्मद शहाबुद्दीन ने उन्हें शपथ दिलायी।
- प्रो. मुहम्मद यूनुस बांग्लादेश में अंतरिम सरकार के प्रमुख हैं।
- सैयद रेफात अहमद ने ओबैदुल हसन का स्थान लिया।

### पैतोंगतार्न शिनावात्रा

- पैतोंगतार्न शिनावात्रा थाईलैंड की सबसे युवा प्रधानमंत्री बनी है।
- पैतोंगतार्न सत्तारूढ़ फेउ थाई पार्टी की नेता हैं।

- पैतोंगतार्न ने श्रीथा थाविसिन का स्थान लिया जिन्हे 14 अगस्त, 2024 को बर्खास्त कर दिया गया था।
- थाईलैंड एक दक्षिण पूर्व एशियाई देश है। इसकी राजधानी बैंकॉक है।

## टिम वाल्ज़

- मिनेसोटा के गवर्नर टिम वाल्ज़ डेमोक्रेटिक पार्टी की ओर से उपराष्ट्रपति पद के लिए चुनाव लड़ेंगे।
- डेमोक्रेटिक पार्टी से वर्तमान अमेरिकी उपराष्ट्रपति कमला हैरिस राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार है।
- वाल्ज़ ने 12 साल तक अमेरिकी प्रतिनिधि सभा में काम किया।
- अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में टिम वाल्ज़ का मुकाबला रिपब्लिक पार्टी के जे.डी. वेंस से होगा।

## बुद्धदेव भट्टाचार्य

- पश्चिम बंगाल के पूर्व मुख्यमंत्री और कम्युनिस्ट पार्टी के वरिष्ठ नेता बुद्धदेव भट्टाचार्य का 8 अगस्त को निधन हो गया।
- उन्हें 2000 में ज्योति बसु के स्थान पर पश्चिम बंगाल का मुख्यमंत्री बनाया गया था।
- उन्होंने 2000 से 2011 तक पश्चिम बंगाल के 7वें मुख्यमंत्री के रूप में कार्य किया।
- इन्हें केंद्र सरकार द्वारा जनवरी 2022 में, भारत के तीसरे सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार पद्म भूषण से सम्मानित किया गया।

## यामिनी कृष्णमूर्ति

- भरतनाट्यम और कुचिपुड़ी की दिग्गज नृत्यांगना यामिनी कृष्णमूर्ति का 3 अगस्त को निधन हो गया।
- यामिनी आंध्र प्रदेश के चित्तूर जिले से थी।
- सुश्री कृष्णमूर्ति को 1968 में पद्म श्री, 2001 में पद्म भूषण और 2016 में पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया।
- उन्हें 1977 में संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार से भी सम्मानित किया गया था।

## 'राम नारायण अग्रवाल

- देश में अग्नि मिसाइल का जनक (father of Agni Missile) कहे जाने वाले राम नारायण अग्रवाल का 15 अगस्त, 2024 को निधन हो गया।
- भारत में वर्ष 1983 में एकीकृत निर्देशित मिसाइल विकास कार्यक्रम (IGMDP) शुरू करने के बाद डॉ. अग्रवाल ने पूर्व राष्ट्रपति ए.पी.जे अब्दुल कलाम के साथ काम किया था।
- वह हैदराबाद में एडवांस्ड सिस्टम लेबोरेटरी (ASL) के संस्थापक निदेशक थे।
- उन्होंने 22 मई, 1989 को अग्नि मिसाइल के पहले सफल प्रक्षेपण का नेतृत्व किया।
- उसके बाद, उन्होंने अंतरमहाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइल (ICBM) की विभिन्न सीरीज के विकास का संचालन किया।
- अग्रवाल की विशिष्ट सेवाओं के लिए उन्हें वर्ष 1990 में पद्मश्री और 2000 में पद्म भूषण से सम्मानित किया गया।

## कुंवर नटवर सिंह

- भारत के पूर्व विदेश मंत्री के. नटवर सिंह का 11 अगस्त 2024 को निधन हो गया।
- वह 2004-05 में पूर्व यूपीए (UPA) सरकार प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के मंत्रिमंडल में विदेश मंत्री रह चुके है।
- नटवर सिंह 1953 बैच के भारतीय विदेश सेवा अधिकारी रह चुके है।
- उन्होंने 1984 में भारतीय विदेश सेवा से समय से पहले सेवानिवृत्ति ले ली और राजस्थान के भरतपुर से लोकसभा सांसद बने।
- उन्हें 1983 में दूसरे सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया।

## जनरल सुंदरराजन पद्मनाभन

- पूर्व सेना प्रमुख जनरल सुंदरराजन पद्मनाभन का 83 वर्ष की आयु में निधन हो गया।
- वे प्रतिष्ठित राष्ट्रीय भारतीय सैन्य कॉलेज, देहरादून और राष्ट्रीय रक्षा अकादमी, खड़कवासला, पुणे के पूर्व छात्र थे।
- वह 30 सितंबर 2000 से 31 दिसंबर 2002 तक थल सेनाध्यक्ष थे।
- 15 कोर कमांडर के रूप में सेवाओं के लिए उन्हें अति विशिष्ट सेवा पदक से सम्मानित किया गया था।

## राकेश पाल

- भारतीय तटरक्षक बल के महानिदेशक राकेश पाल का 18 अगस्त को चेन्नई में निधन हो गया।
- भारतीय नौसेना अकादमी के पूर्व छात्र राकेश पाल जनवरी 1989 में भारतीय तटरक्षक बल में शामिल हुए थे।
- वह तोपखाना और हथियार प्रणालियों में अपनी विशेषज्ञता के लिए जाने जाते थे, और गनर के रूप में विशेषज्ञता हासिल करने वाले आईसीजी के पहले अधिकारी थे।

## अंशुमान गायकवाड़

- अंशुमान का हाल ही में वडोदरा में निधन हो गया।
- एक भारतीय क्रिकेटर और पूर्व कोच और चयनकर्ता थे।
- उन्होंने भारत के लिए 1975 से 1987 तक 40 टेस्ट मैच और 15 वनडे खेले।
- उन्हें अक्टूबर 1997 में भारत का कोच नियुक्त किया गया था। वह सितंबर 1999 तक इस पद पर बने रहे।
- उन्हें जून 2018 में बीसीसीआई द्वारा किसी पूर्व खिलाड़ी को दिए जाने वाले सर्वोच्च सम्मान "सीके नायडू लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड" से सम्मानित किया गया।

# 9 चर्चित स्थल

### भुवनेश्वर: भारत की पहली 24x7 'ग्रेन एटीएम' लॉन्च

- विश्व खाद्य कार्यक्रम (WFP) और ओडिशा सरकार ने राज्य की राजधानी भुवनेश्वर में भारत की पहली अनाज वितरण मशीन, 'ग्रेन एटीएम' लॉन्च की।
- इस ग्रेन ATM को 'अन्नपूर्ति' / Annapurti (भोजन की पूर्ति करने वाला) के रूप में जाना जाता है।
- 24x7 ग्रेन ATM लॉन्च करने वाला ओडिशा भारत का पहला राज्य बन गया है।
- अन्नपूर्ति अनाज तक सभी लाभार्थियों की यूनिवर्सल पहुंच सुनिश्चित करती है।
- इसके तहत वैध सार्वजनिक वितरण प्रणाली राशन कार्ड वाला कोई भी व्यक्ति, भले ही वे किसी भी राज्य और केंद्र शासित प्रदेश का हों, इस ATM से अपने हिस्से (मात्रा) का अनाज ले सकता है।
- यह ATM मशीन 24 घंटे कार्य करेगी और पांच मिनट में 50 किलोग्राम तक अनाज वितरित कर सकती है।
- यह एक बार बायोमेट्रिक ऑथेंटिफिकेशन पूरा हो जाने के बाद राशन प्रदान करती है।

### जगीरोड (असम): अत्याधुनिक, ग्रीनफील्ड सेमीकंडक्टर असेंबली और परीक्षण सुविधा

- टाटा समूह ने फरवरी 2024 में असम के जगीरोड में एक अत्याधुनिक, ग्रीनफील्ड सेमीकंडक्टर असेंबली और परीक्षण सुविधा के निर्माण की घोषणा की थी।
- इस परियोजना से क्षेत्र में लगभग ₹27,000 करोड़ का निवेश किया जाएगा।
- यहाँ सेमीकंडक्टर असेंबली और परीक्षण सुविधा 2025 के मध्य तक शुरू होगी।

### पुदीमदका (आंध्र प्रदेश): भारत की सबसे बड़ी ग्रीन हाइड्रोजन उत्पादन फैसिलिटी

- NTPC लिमिटेड ने भारत की सबसे बड़ी हरित हाइड्रोजन उत्पादन फैसिलिटी 'एकीकृत हरित हाइड्रोजन हब' स्थापित करने के लिए आंध्र प्रदेश औद्योगिक अवसंरचना निगम (APIIC) के साथ समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं।
- यह हब आंध्र प्रदेश के विशाखापत्तनम में अचुटापुरम मंडल के पुदीमदका गांव के पास 1,200 एकड़ भूमि पर बनेगा।
- इस परियोजना के तहत रिन्यूएबल एनर्जी और हाइड्रोजन प्रौद्योगिकी उपकरणों के निर्माण के साथ-साथ भारत में ग्रीन केमिकल उत्पादन सुविधाओं का विकास किया जाएगा।

### नुसंतारा: इंडोनेशिया की भविष्य की राजधानी

- इंडोनेशिया द्वारा 17 अगस्त, 2024 को भविष्य की अपनी राजधानी नुसंतारा (Nusantara) में स्वतंत्रता दिवस समारोह आयोजित किया गया।
- इंडोनेशिया की वर्तमान राजधानी जकार्ता है जो प्रायः बाढ़ की चपेट में रहता है।
- जकार्ता को दुनिया का सबसे तेजी से डूबता शहर बताया गया है।
- इस कारण बोर्नियो द्वीप पर स्थित नुसंतारा को नई राजधानी बनाने का निर्णय लिया गया।

### आईआईटी मद्रास: भारत और इज़राइल द्वारा जल प्रौद्योगिकी केंद्र स्थापित किया जाएगा

- भारत और इजराइल ने आईआईटी-मद्रास में एक नया जल प्रौद्योगिकी केंद्र स्थापित करने के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं।
- इस त्रिपक्षीय समझौते पर इजरायली दूतावास, आईआईटी मद्रास और आवास एवं शहरी मामलों मंत्रालय के अमृत मिशन ने हस्ताक्षर किए हैं।
- जल प्रौद्योगिकी केंद्र का उद्देश्य जल प्रौद्योगिकियों में नवाचार, अनुसंधान और क्षमता निर्माण का केंद्र बनना है।

### इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा (IGIA) नई दिल्ली: शुद्ध शून्य कार्बन उत्सर्जन का दर्जा पाने वाला भारत का पहला हवाई अड्डा

- इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा (IGIA) नई दिल्ली भारत का पहला हवाई अड्डा है जिसे शुद्ध शून्य कार्बन उत्सर्जन का दर्जा मिला है।
- इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे का संचालन GMR समूह के नेतृत्व वाली DIAL द्वारा किया जाता है।
- हवाई अड्डे का प्रारंभिक लक्ष्य 2030 तक शुद्ध शून्य कार्बन उत्सर्जन प्राप्त करना था, जो कि समय से पूर्व ही हासिल कर लिया गया।
- ACI दुनिया के हवाई अड्डों का प्रतिनिधित्व करने वाला एक वैश्विक व्यापार संघ है।

### नागालैंड: आपदा जोखिम प्रबंधन पर राज्य का बीमा कराने वाला पहला राज्य

- नागालैंड आपदा जोखिम प्रबंधन पर समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर करने वाला पहला राज्य बन गया है।
- इसने SBI जनरल इंश्योरेंस के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर करने के बाद आपदा जोखिम हस्तांतरण पैरामीट्रिक बीमा समाधान (DRTPS) को अपनाया है।
- इसका उद्देश्य चरम घटनाओं से होने वाले वित्तीय नुकसान को कम करना और महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे की सुरक्षा करना है।
- आपदा की स्थिति में, बीमाकर्ता 2024 से 2027 तक तीन साल के लिए सहायता प्रदान करेगा।

### गोबेकली टेपे: विश्व का सबसे पुराना चंद्र-सौर कैलेंडर मिला

- तुर्किए देश के दक्षिण में पुरातात्विक स्थल गोबेकली टेपे (Gobekli Tepe) के खंभों पर उकेरे गए V-आकार के प्रतीक विश्व का सबसे पुराना चंद्र-सौर कैलेंडर (world's oldest lunisolar calendar) मिला है।
- पुरातत्त्वविदों ने तुर्किए के अनातोलिया के पहाड़ों में गोबेकली टेपे में करीब 12,000 साल पुराने स्मारकों के स्तंभ पर तारीखों के चिह्नों की खोज की है।
- इसके अध्ययन से पता चला कि 150 ईसा पूर्व ग्रीस में लोग 10,000 साल पहले की तारीखों को सटीक रूप से रिकॉर्ड कर रहे थे।
- प्राचीन स्तंभों पर नक्काशी में 13,000 साल पहले एक धूमकेतु के हमले को दर्शाया गया है, जिसने उस काल के लोगों को लुप्त कर 1,200 साल चलने वाले छोटे हिमयुग की शुरुआत की थी।
- नोट: गोबेकली टेपे को 2018 में यूनेस्को वर्ल्ड हेरिटेज साइट में शामिल किया गया था।

# महत्त्वपूर्ण तथ्य

### मध्य प्रदेश में छात्राओं को सैनिटरी नैपकिन हेतु वित्तीय सहायता दी जाएगी

- मध्य प्रदेश छात्राओं को सैनिटरी नैपकिन खरीदने के लिए धनराशि देने वाला देश का पहला राज्य बन गया है।
- मध्य प्रदेश सरकार द्वारा प्रत्येक छात्रा को सैनिटरी नैपकिन खरीदने के लिए सालाना 300 रुपये दिए जाएंगे।
- राज्य की स्वच्छता एवं सफाई योजना के तहत प्रत्येक छात्रा के खाते में राशि ट्रांसफर की जाएगी।
- इस पहल से 7वीं से 12वीं कक्षा तक की लगभग 19 लाख छात्राएं लाभान्वित होंगी।
- कर्नाटक, राजस्थान और दिल्ली जैसे कुछ राज्य छात्राओं को निःशुल्क सैनिटरी नैपकिन देते हैं।

### ओडिशा कामकाजी महिलाओं के लिए मासिक धर्म अवकाश की घोषणा करने वाला तीसरा राज्य बना

- ओडिशा सार्वजनिक और निजी दोनों क्षेत्रों में कामकाजी महिलाओं के लिए मासिक धर्म अवकाश की घोषणा करने वाला तीसरा राज्य बना है।
- इसके तहत राज्य में महिला कर्मचारियों को एक दिन का मासिक धर्म अवकाश दिया जाएगा।
- इसे मासिक धर्म चक्र के पहले या दूसरे दिन लिया जा सकता है।
- ओडिशा के अलावा बिहार और केरल देश के ऐसे 2 राज्य हैं जो महिलाओं को मासिक धर्म अवकाश प्रदान करते हैं।
- बिहार में महिला कर्मचारियों के लिए दो दिन की छुट्टी का प्रावधान है।
- केरल में महिलाओं हेतु 3 दिन की छुट्टी प्रदान की जाती है।

### ओडिशा के मुख्यमंत्री ने सुभद्रा योजना के कार्यान्वयन की घोषणा की

- ओडिशा में सुभद्रा योजना (Subhadra scheme) शुरू की गई है।
- इसके तहत 21 से 60 वर्ष की आयु की एक करोड़ पात्र महिलाओं को 5 वर्षों में 50,000 रुपये प्रदान किए जाएंगे।
- इस योजना को वित्तीय वर्ष 2024-25 से वित्तीय वर्ष 2028-29 तक कार्यान्वयन के लिए मंजूरी दी गई है।
- इसमें रक्षाबंधन (पूर्णिमा दिवस) और अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस (8 मार्च) को 5000 रुपये की दो किस्तों में कुल 10,000 रुपये प्रति वर्ष भुगतान किया जाएगा।
- इसके अलावा डिजिटल लेनदेन को बढ़ावा देने के लिए प्रत्येक ग्राम पंचायत और शहरी स्थानीय निकाय में अधिकतम डिजिटल लेनदेन करने वाले 100 लाभार्थियों की पहचान की जाएगी और उनमें से प्रत्येक को 500 रुपये की अतिरिक्त प्रोत्साहन राशि दी जाएगी।
- ओडिशा राज्य के 4.74 करोड़ लोगों में से लगभग 1.14 करोड़ लोग 21 से 60 वर्ष की आयु के हैं।
- इनमें से सरकार उन परिवारों की महिलाओं को योजना दे दायर से बाहर रख रही है जो या तो केंद्र या राज्य सरकार के कर्मचारी हैं या पेंशनभोगी हैं या जिनके पास चार पहिया वाहन या 5 एकड़ से अधिक जमीन है या जो 12,000 रुपये प्रति वर्ष या उससे अधिक का भत्ता और छात्रवृत्ति प्राप्त कर रहे हैं।

### 15 अगस्त 2024 को भारत में 78वां स्वतंत्रता दिवस मनाया गया।

- 15 अगस्त 2024 को भारत में 78वां स्वतंत्रता दिवस मनाया गया।
- इस वर्ष के स्वतंत्रता दिवस की थीम 'विकसित भारत 2047' है।
- इसके विशेष अतिथियों में पेरिस ओलंपिक में शामिल भारतीय दल, अटल इनोवेशन मिशन के छात्र लाभार्थी, सीमासड़क संगठन के कार्यकर्ता और सरपंच सहित 6,000 लोग शामिल थे।
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लाल किले से देश को लगातार 11वीं बार संबोधित किया।
- प्रधानमंत्री मोदी ने "धर्मनिरपेक्ष नागरिक संहिता" के रूप में उल्लेख किया तथा सभी के लिए कानून के समक्ष समानता सुनिश्चित करने का एक तरीका बताया।
- प्रधानमंत्री मोदी ने 'अगले पांच वर्षों में भारत के मेडिकल कॉलेजों में 75,000 नई सीटों की घोषणा की।

### महाराष्ट्र कर्मचारियों के लिए एकीकृत पेंशन योजना (UPS) लागू करने वाला पहला राज्य बना

- महाराष्ट्र सरकार ने एकीकृत पेंशन योजना (UPS) को राज्य में लागू करने की घोषणा की है।

### वैनगंगा-नलगंगा नदियों को जोडने की परियोजना को स्वीकृति

- महाराष्ट्र सरकार ने वैनगंगा और नलगंगा नदियों को जोडने की परियोजना को स्वीकृति दी है।

- यह परियोजना विदर्भ क्षेत्र के इलाकों में सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराने में सहायक सिद्ध होगी।
- इस परियोजना में वैनगंगा से बुलढाणा जिले तक पानी लाने और इसे नलगंगा से जोड़ने की योजना है।
- वैनगंगा, गोदावरी नदी की सहायक नदी है। नलगंगा, तापी नदी की उप-सहायक नदी है।
- इसके लिए 426 किलोमीटर लंबी नहर का निर्माण किया जाएगा।
- इस परियोजना के तहत नागपुर, वर्धा, अमरावती, यवतमाल, अकोला और बुलढाणा के 15 तालुकाओं में सिंचाई की सुविधा उपलब्ध होगी।

## राज्यपालों का 52वाँ सम्मेलन

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु की अध्यक्षता में राष्ट्रपति भवन, नई दिल्ली में 2-3 अगस्त को राज्यपालों का 52वां सम्मेलन आयोजित किया गया।
- इस सम्मेलन में सभी राज्यों के राज्यपाल के अतिरिक्त उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सहित कई केन्द्रीय मंत्री ने भाग लिया।
- इसमें राज्यपालों की भूमिका और राज्य में विभिन्न केन्द्रीय एजेंसियों के बीच बेहतर समन्वय सहित कई अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर भी विचार-विमर्श हुआ.
- राज्यपालों का पहला सम्मेलन 1949 में राष्ट्रपति भवन जिसे उस समय गवर्नमेंट हाउस कहा जाता था, में आयोजित किया गया था।

## 32वाँ 'कृषि अर्थशास्त्रियों के अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन'

- प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने 3 अगस्त 2024 को राष्ट्रीय कृषि विज्ञान केंद्र (NASC) परिसर, नई दिल्ली में 32वें "कृषि अर्थशास्त्रियों के अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन" (International Conference of Agricultural Economists : ICAE) का उद्घाटन किया।
- इस वर्ष के सम्मेलन की थीम "संधारणीय कृषि-खाद्य प्रणालियों की ओर परिवर्तन (Transformation Towards Sustainable Agri-Food Systems)" है।
- इसका उद्देश्य जलवायु परिवर्तन, प्राकृतिक संसाधनों में गिरावट, बढ़ती उत्पादन लागत और संघर्ष जैसी वैश्विक चुनौतियों का सामना करते हुए संधारणीय कृषि की तत्काल आवश्यकता से निपटना है।
- यह त्रिवार्षिक सम्मेलन अंतर्राष्ट्रीय कृषि अर्थशास्त्री संघ (International Association of Agricultural Economists: IAAE) द्वारा आयोजित किया गया।
- इसका लक्ष्य कृषि और खाद्य प्रणाली के अर्थशास्त्र का अध्ययन करने वाले वैज्ञानिकों के साझा व्यावसायिक हितों को बढ़ावा देना है।

## मुख्यमंत्री माझी लड़की बहिन योजना

- महाराष्ट्र सरकार ने 17 अगस्त 2024 को आधिकारिक तौर पर 'मुख्यमंत्री माझी लड़की बहिन योजना' शुरू की।
- इसका उद्देश्य राज्य की एक करोड़ से अधिक महिलाओं को प्रति माह ₹1500 प्रदान करना है।
- यह योजना मध्य प्रदेश की 'लाडली बहना योजना' की तर्ज पर बनाई गई है।
- इस योजना के लिए पात्र होने के लिए, महिलाओं को महाराष्ट्र राज्य की स्थायी निवासी होना आवश्यक है।
- यह योजना केवल 21 से 65 वर्ष की आयु की महिलाओं के लिए लागू है।
- यह योजना केवल उन महिलाओं के लिए लागू होती है जिनके परिवार या घरेलू आय प्रति वर्ष 2.5 लाख रुपये से कम है।

### धनगर (Dhangars) समुदाय कौन हैं?

- धनगर (Dhangars) चरवाहों का एक समुदाय है जिसकी आबादी कई राज्यों में है। हाल ही में, उन्होंने महाराष्ट्र के बुलढाणा जिले में एक मार्च निकाला, जिसमें अपनी भेड़ और बकरियों के लिए "चारागाह गलियारे" (grazing corridors) की मांग की।
- "चारागाह गलियारे" के लिए समुदाय की मांग वास्तव में पारंपरिक मार्गों पर अपने जानवरों को चराने के उनके अधिकार की मान्यता की मांग है।
- धनगर प्राचीन काल से अपने जानवरों को विशेष मार्गों पर चराते रहे हैं। हालाँकि, वन विभाग द्वारा वनों को संरक्षित घोषित करने के साथ ही इस समुदाय के पारंपरिक कार्य को वन भूमि पर अतिक्रमण के रूप में देखा जाने लगा है।
- महाराष्ट्र के अलावा, वे गुजरात, कर्नाटक और आंध्र प्रदेश में भी रहते हैं, और अन्य जगहों पर गोल्ला और कुरुबा जैसे अन्य नामों से जाने जाते हैं।
- धनगर महाराष्ट्र की विमुक्त जाति और खानाबदोश जनजातियों (Vimukta Jati and Nomadic Tribes: VJNT) की सूची में हैं, लेकिन वे दशकों से अनुसूचित जनजाति (एसटी) का दर्जा मांग रहे हैं।

## चौथा राष्ट्रीय हिंदी विज्ञान सम्मेलन

- यह सम्मेलन 30-31 जुलाई 2024 को भोपाल में आयोजित किया गया।
- इसका आयोजन वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान परिषद-प्रगत पदार्थ तथा प्रक्रम अनुसंधान संस्थान (CSIR-AMPRI) भोपाल ने किया।
- इसका मुख्य उद्देश्य शोधकर्ताओं को हिंदी में अपने काम को प्रस्तुत करने और चर्चा करने के लिए एक मंच प्रदान करना है।
- इस सम्मेलन में विज्ञान, प्रौद्योगिकी, आयुर्वेद, इंजीनियरिंग और विज्ञान संचार के विविध विषयों पर छह सत्र आयोजित किए गए।
- चौथे राष्ट्रीय हिंदी विज्ञान सम्मेलन 2024 का विषय 'अमृतकाल में राष्ट्रीय वैज्ञानिक चेतना का उन्नयन' था।

## 5वाँ ग्लोबल फिनटेक फेस्ट 2024

- यह 28-30 अगस्त 2024 तक मुंबई में आयोजित किया गया।
- इसका विषय 'वित्त के अगले दशक का ब्लूप्रिंट' (Blueprint for the next decade of Finance) था।
- इसका आयोजन नेशनल पेमेंट कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (NPCI), पेमेंट काउंसिल ऑफ इंडिया और फिनटेक कन्वर्जेंस काउंसिल द्वारा किया जाता है।

## डिजिटल शक्ति केंद्र

- महिलाओं के खिलाफ साइबर अपराधों से लड़ने के लिए नई दिल्ली में राष्ट्रीय महिला आयोग द्वारा डिजिटल शक्ति केंद्र का उद्घाटन किया गया।
- इसका उद्देश्य साइबर अपराधों के बारे में लोगों में जागरूकता बढ़ाना है।
- यह शिकायत दर्ज करने और निपटाने के लिए महत्वपूर्ण तकनीकी सहायता प्रदान करेगा।
- यह सुविधा साइबर अपराध संबंधी चिंताओं के त्वरित और कुशल समाधान की गारंटी देने के लिए पेशेवर सलाह प्रदान करेगी।
- भारत में डिजिटल शक्ति कार्यक्रम 2018 में शुरू किया गया था।

## डॉक्टरों की सुरक्षा हेतु सुप्रीम कोर्ट ने 10 सदस्यीय राष्ट्रीय टास्क फोर्स का गठन किया

- डॉक्टरों की सुरक्षा सुनिश्चित करने और प्रोटोकॉल तैयार करने के लिए सुप्रीम कोर्ट ने 10 सदस्यीय राष्ट्रीय टास्क फोर्स (NTF) का गठन किया।
- यह टास्क फोर्स कार्यस्थल पर स्वास्थ्य कर्मियों की सुरक्षा और सुविधाओं को सुनिश्चित करने के लिए एक राष्ट्रीय प्रोटोकॉल विकसित करेगी।
- कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में 31 वर्षीय रेजिडेंट डॉक्टर के बलात्कार और हत्या को लेकर डॉक्टरों द्वारा देशव्यापी विरोध प्रदर्शन के बाद सुप्रीम कोर्ट ने इस टास्क फोर्स का गठन किया।
- इस टास्क फोर्स में विभिन्न पृष्ठभूमि के कई वरिष्ठ डॉक्टर शामिल हैं। टास्क फोर्स में चार पदेन सदस्य भी शामिल होंगे: कैबिनेट सचिव, स्वास्थ्य सचिव, राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग के अध्यक्ष और राष्ट्रीय परीक्षक बोर्ड के अध्यक्ष।
- सुप्रीम कोर्ट ने लैंगिक हिंसा को रोकने के लिए एक राष्ट्रीय कार्य योजना बनाने का भी आदेश दिया है।

## 17वें अंतर्राष्ट्रीय पृथ्वी विज्ञान ओलंपियाड (IESO)

- इसका 8 से 16 अगस्त, 2024 तक बीजिंग, चीन में आयोजन किया गया।
- गुजरात, केरल, छत्तीसगढ़ और राजस्थान के छात्रों वाली 4 सदस्यीय भारतीय टीम ने 3 स्वर्ण पदक, 2 रजत पदक और 3 कांस्य पदक जीते।
- अंतर्राष्ट्रीय पृथ्वी विज्ञान ओलंपियाड पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय की रीचआउट (अनुसंधान, शिक्षा, प्रशिक्षण और आउटरीच) योजना के तहत सबसे सफल छात्र-केंद्रित पहलों में से एक है।
- IESO माध्यमिक विद्यालय के छात्रों के लिए एक वैश्विक प्रतियोगिता है।
- इसका उद्देश्य टीमवर्क, सहयोग, विचारों के आदान-प्रदान और प्रतिस्पर्धा के माध्यम से पृथ्वी विज्ञान के बारे में जागरूकता बढ़ाना है।

## ई-सेहत टेली-परामर्श

- भारतीय सेना द्वारा ई-सेहत टेली-परामर्श शुरू किया गया है।
- यह भूतपूर्व सैनिक अंशदायी स्वास्थ्य योजना (ECHS) के तहत इलेक्ट्रॉनिक सेवा ई-स्वास्थ्य सहायता और टेली-परामर्श के लिए शुरू किया गया है।
- इससे ECHS लाभार्थी को ECHS पॉलीक्लिनिक में जाने की बजाय घर से ही चिकित्सा उपचार के लिए ऑनलाइन परामर्श मिल सकेगा।
- इसका मुख्य उद्देश्य सुरक्षित और संरचित वीडियो-आधारित नैदानिक परामर्श के माध्यम से स्वास्थ्य सेवा प्रदान करना है।
- इस पायलट परियोजना को 12 ECHS पॉलीक्लिनिकों में शुरू किया गया है, जिसमें बारामुल्ला, इंफाल, चुराचांदपुर, दीमापुर और आइजोल के दूरस्थ स्थान शामिल हैं।
- ई-सेहत पहल भारत सरकार के डिजिटल इंडिया विजन के अनुरूप है।

## ई-साक्ष्य, न्याय सेतु, न्याय श्रुति और ई-समन ऐप लॉन्च

- केंद्रीय गृह मंत्री ने चंडीगढ़ में तीन नए आपराधिक कानूनों के लिए ई-साक्ष्य, न्याय सेतु, न्याय श्रुति और ई-समन ऐप लॉन्च किए।
- ई-साक्ष्य के तहत सभी वीडियोग्राफी, फोटोग्राफी और गवाही ई-एविडेंस सर्वर पर सेव की जाएगी।
- न्याय सेतु डैशबोर्ड पर पुलिस, मेडिकल, फोरेंसिक, अभियोजन और जेल आपस में जुड़े होंगे।
- न्याय श्रुति के माध्यम से न्यायालय वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से गवाहों की सुनवाई कर सकेगा।
- ई-समन के तहत सभी साक्ष्य इलेक्ट्रॉनिक रूप से कोर्ट से पुलिस स्टेशन और उस व्यक्ति को भेजे जाएंगे, जिसे समन भेजा जाना है।
- चंडीगढ़ नए आपराधिक कानूनों के 100% कार्यान्वयन करने वाला पहला केन्द्र शासित प्रदेश बना है।

## जियो पारसी योजना पोर्टल

- केंद्रीय अल्पसंख्यक मंत्रालय द्वारा 13 अगस्त, 2024 को जियो पारसी योजना पोर्टल (Jiyo Parsi Scheme portal) लॉन्च किया गया।
- यह भारत में पारसी समुदाय की जनसंख्या में गिरावट को रोकने के लिए केन्द्रीय क्षेत्र की योजना है।
- यह पोर्टल पारसी दम्पतियों को इस योजना के तहत ऑनलाइन आवेदन करने में सक्षम बनाएगा।
- इसका उद्देश्य वैज्ञानिक प्रोटोकॉल और योजनाबद्ध उपायों को अपनाकर पारसी आबादी की कम होते ट्रेंड को रोकना और उनकी आबादी को बढ़ाना है।
- यह योजना पारसी दम्पतियों को मानक चिकित्सा प्रोटोकॉल के तहत चिकित्सा उपचार और बच्चों की देखभाल तथा आश्रित बुजुर्गों को सहायता के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करती है।

### फ्लडवॉच इंडिया 2.0 मोबाइल एप्लिकेशन

- केंद्रीय जल शक्ति मंत्री श्री सी.आर. पाटिल ने केंद्रीय जल आयोग (CWC) द्वारा विकसित 'फ्लडवॉच इंडिया' (FloodWatch India) मोबाइल एप्लिकेशन का संस्करण 2.0 लॉन्च किया।
- इसका पहला संस्करण 17 अगस्त, 2023 को लॉन्च किया था।
- उद्देश्य: देश में बाढ़ की स्थिति से संबंधित जानकारी और जनता को रियल टाइम के आधार पर 7 दिनों तक के बाढ़ पूर्वानुमानों का प्रसार करने के लिए मोबाइल फोन का उपयोग करना।

### कृषि-डीएसएस (Krishi-DSS) का शुभारंभ

- केंद्रीय कृषि और किसान कल्याण राज्य मंत्री ने डिजिटल भू-स्थानिक प्लेटफार्म (Geospatial Platform), कृषि-निर्णय सहायता प्रणाली (Krishi-Decision Support System) यानी कृषि-डीएसएस (Krishi-DSS) का शुभारंभ किया।
- कृषि-DSS अपनी तरह का पहला भू-स्थानिक प्लेटफार्म है जिसे विशेष रूप से भारतीय कृषि के लिए डिज़ाइन किया गया है।
- यह प्लेटफ़ॉर्म उपग्रह चित्रों, मौसम की जानकारी, जलाशय भंडारण, भूजल स्तर और मृदा की स्वास्थ्य जानकारी सहित व्यापक डेटा तक सहज पहुँच प्रदान करता है, जिसे कभी भी कहीं से भी आसानी से एक्सेस किया जा सकता है।
- यह क्रॉप मैपिंग और निगरानी, सूखा निगरानी, भूखंड विभाजन, एक राष्ट्र-एक मृदा सूचना, बाढ़ प्रभाव आकलन, फसल बीमा समाधान जैसी सेवाएं प्रदान करेगा।

### "परियोजनाओं की ऑनलाइन निगरानी के लिए पोर्टल-थर्मल (PROMPT)" लॉन्च

- केंद्रीय विद्युत मंत्रालय द्वारा "परियोजनाओं की ऑनलाइन निगरानी के लिए पोर्टल-थर्मल (PROMPT: Portal for Online monitoring of Projects – Thermal)" लॉन्च किया गया।
- यह पोर्टल थर्मल पावर परियोजनाओं की रियल टाइम ट्रैकिंग और विश्लेषण की सुविधा के लिए बनाया गया है।
- यह ऑनलाइन प्लेटफ़ॉर्म परियोजना प्रबंधकों और हितधारकों को मुद्दों की जल्द पहचान और उनके तुरंत समाधान हेतु निर्णय लेने में सक्षम बनाता है।

### हिंद महासागर में तीन संरचनाओं को अशोक, चंद्रगुप्त और कल्पतरु का नाम दिया गया

- हिंद महासागर में जल की गहराई में स्थित भौगोलिक संरचनाओं को भारत द्वारा प्रस्तावित नाम दिए गए हैं।
- मौर्य वंश के शासकों के नाम पर अशोक सीमाउंट और चंद्रगुप्त रिज नाम दिया गया हैं। तीसरे का नाम कल्पतरु रिज है।
- हाल ही में नामित तीनों संरचनाओं की खोज राष्ट्रीय ध्रुवीय और समुद्री अनुसंधान केंद्र (NCPOR), गोवा के समुद्र विज्ञानियों ने की थी।
- ये हिंद महासागर के दक्षिण-पश्चिम भारतीय रिज क्षेत्र में स्थित हैं।
- अंतर्राष्ट्रीय हाइड्रोग्राफिक संगठन (IHO) और यूनेस्को के अंतर-सरकारी महासागरीय आयोग (IOC) ने हाल ही में भारत द्वारा मूल रूप से प्रस्तावित नामों को मंजूरी दी है।

◆◆◆◆

# पर्यावरण

## 'सकल पर्यावरण उत्पाद (GEP) सूचकांक' लॉन्च

- हाल ही में, उत्तराखंड राज्य में सकल पर्यावरण उत्पाद-जीईपी सूचकांक (Gross Environmental Product-GEP index) लॉन्च किया।
- यह इंडेक्स राज्य में पारिस्थितिकी तंत्र के विकास का आकलन करेगा।
- उत्तराखंड भारत का पहला राज्य है जहाँ पारिस्थितिकी तंत्र के विकास का आकलन सूचकांक द्वारा किया जाएगा।
- इसके तहत अब राज्य में GDP के साथ GEP भी जारी किया जा सकेगा।
- यह सूचकांक राज्य के चार प्राकृतिक संसाधनों; ; वायु, जल, वन और मृदा को मौद्रिक मूल्य प्रदान करेगा।
- GEP सूचकांक = (वायु-GEP सूचकांक + जल-GEP सूचकांक + मृदा-GEP सूचकांक + वन-GEP सूचकांक)।
- इस सूचकांक द्वारा पर्यावरण से मिलने वाली सेवाएं तथा पर्यावरण को बचाने के प्रयासों की भी आकलन किया जा सकेगा।

## भारत के 3 स्थल रामसर साइट्स में शामिल

- भारत से तीन और आर्द्रभूमि को 'रामसर साइट' (Ramsar sites) नामित किया गया है।
- वर्तमान में भारत में रामसर वेटलैंड साइट्स की कुल संख्या 85 हो गई है।
- ये तीन नए रामसर साइट्स हैं –
  1. नंजरायण पक्षी अभयारण्य (Nanjarayan lake) (तमिलनाडु)
  2. काज़ुवेली पक्षी अभयारण्य (Kazhuveli Bird Sanctuary) (तमिलनाडु)
  3. तवा जलाशय (Tawa Reservoir) (मध्य प्रदेश)

| नंजरायण झील | काज़ुवेली पक्षी अभयारण्य | तवा जलाशय |
|---|---|---|
| • तमिलनाडु में तिरुपुर जिले के उथुकुली तालुक के उत्तर-पूर्वी क्षेत्र में स्थित।<br>• यह उथली आर्द्रभूमि है।<br>• इस क्षेत्र पर शासन करने वाले राजा नंजरायण ने इसकी मरम्मत और जीर्णोद्धार करवाया था। | • 5151.6 हेक्टेयर क्षेत्र में विस्तृत<br>• यह पांडिचेरी के उत्तर में तमिलनाडु के विल्लुपुरम जिले में कोरोमंडल तट पर स्थित एक खारी उथली झील पर स्थित है।<br>• यह झील खारे उप्पुकल्ली खाड़ी और एडयंथिटु मुहाने द्वारा बंगाल की खाड़ी से जुड़ी हुई है। | • तवा और देनवा नदियों के संगम पर स्थित।<br>• प्रमुख सहायक नदियाँ: मालानी, सोनभद्र और नागद्वारी नदियाँ।<br>• यह नर्मदा नदी की सबसे लंबी सहायक नदी (172 किमी) है। तवा जलाशय इटारसी शहर के पास स्थित है। |

**भारत और रामसर स्थल**

- भारत ने 1982 में रामसर कन्वेंशन पर हस्ताक्षर किए।
- भारत में तमिलनाडु में रामसर स्थलों की अधिकतम संख्या (18) है। इसके पश्चात् उत्तर प्रदेश में 10 रामसर स्थल हैं।
- 1982 से 2013 के बीच रामसर स्थलों की सूची में कुल 26 स्थल जोजोड़े गएड़े गए जबकि 2014 से 2024 के बीच 59 नई आर्द्रभूमि जोड़ी गई।
- भारत के रामसर वेटलैंड्स 18 राज्यों में देश के कुल वेटलैंड क्षेत्र का लगभग 10% हिस्सा बनाते हैं।
- वर्तमान में राजस्थान में 2 रामसर साइट्स है।
  1. केवलादेव राष्ट्रीय उद्यान (1981)
  2. सांभर झील (1990)
- पश्चिम बंगाल में स्थित सुंदरबन वेटलैंड भारत का सबसे बड़ा रामसर स्थल है। यह लगभग 4230 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में फैला हुआ है।
- हिमाचल प्रदेश में स्थित रेणुका वेटलैंड क्षेत्र भारत का सबसे छोटा रामसर स्थल है। यह लगभग 0.2 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में फैला हुआ है।
- विश्व में सर्वाधिक रामसर स्थल यूनाइटेड किंगडम (175 रामसर स्थल) में है।
- विश्व का पहला रामसर स्थल वर्ष 1974 में ऑस्ट्रेलिया में कोबोर्ग प्रायद्वीप पर नामित किया गया।
- विश्व में सबसे बड़ा रामसर स्थल ब्राजील में रियो नीग्रो (1,20,000 वर्ग किमी) है।
- बोलीविया में रामसर कन्वेंशन के तहत संरक्षित क्षेत्र 1,48,000 वर्ग किमी में फैला है जो विश्व में सर्वाधिक है।

## चूलन्नुआर और आदिचुंचनगिरी मोर अभयारण्य घोषित

- केंद्र सरकार ने 5 अगस्त 2024 को कर्नाटक के आदिचुंचनगिरी (Adichunchanagiri) और केरल के चूलन्नुआर (Choolannuar) को मोर अभयारण्य (Peacock Sanctuaries) घोषित किया है।
- राष्ट्रीय पक्षी के संरक्षण के लिए ब्रीडिंग और संरक्षण केंद्र भी स्थापित किए हैं।
- भारतीय मोर तीतर (pheasants) नामक पक्षियों के समूह की एक प्रजाति है।
- नर को पीकॉक कहा जाता है, जबकि मादा को पेहेन्स (peahens) कहा जाता है। दोनों साथ में, वे पीफॉल (Peafowl) हैं।
- मोर उड़ने वाले सभी पक्षियों में सबसे बड़े होते हैं। (शुतुरमुर्ग, इमू और ऐसे अन्य पक्षी बड़े होते हैं, लेकिन उड़ नहीं सकते।)
- भारतीय मोर दक्षिण एशिया में भारत और श्रीलंका की मूल प्रजाति हैं।

## गुरु घासीदास-तमोर पिंगला टाइगर रिजर्व बनाने के प्रस्ताव को मंजूरी

- छत्तीसगढ़ सरकार ने 7 अगस्त 2024 को गुरु घासीदास-तमोर पिंगला टाइगर रिजर्व को एक नए टाइगर रिजर्व के रूप में अधिसूचित करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी।
- यह देश का तीसरा सबसे बड़ा टाइगर रिजर्व होगा तथा यह छत्तीसगढ़ का चौथा टाइगर रिजर्व है।
- यह राज्य के चार उत्तरी जिलों में 2,829 वर्ग किलोमीटर में फैला है।
- इस टाइगर रिजर्व को मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर, कोरिया, सूरजपुर और बलरामपुर जिलों में स्थित गुरु घासीदास नेशनल पार्क और तमोर पिंगला अभयारण्य के क्षेत्रों को मिलाकर बनाया गया है।

## ग्रीन टग ट्रांजिशन प्रोग्राम (GTTP) के लिए SOP

- केंद्रीय पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्री श्री सर्बानंद सोनोवाल ने नई दिल्ली में ग्रीन टग ट्रांजिशन प्रोग्राम (Green Tug Transition Program: GTTP) के लिए आधिकारिक तौर पर SOP लॉन्च किया।
- यह पहल पारंपरिक ईंधन आधारित हार्बर टग से ग्रीन और अधिक सस्टेनेबल विकल्पों को अपनाने को बढ़ावा देने के लिए निर्धारित है।
- यह पर्यावरणीय सस्टेनेबिलिटी और इसके समुद्री क्षेत्र की उन्नति के लिए भारत की प्रतिबद्धता की दिशा में एक बड़ा कदम है।
- हार्बर टग एक प्रकार का जहाज होता है जिसे विशेष रूप से बंदरगाह के भीतर अन्य जहाजों या फ्लोटिंग उपकरणों द्वारा किए जाने वाले विभिन्न प्रैक्टिसेज के दौरान आवश्यक सहायता प्रदान करने के लिए डिज़ाइन किया गया है।
- ग्रीन टग ट्रांजिशन प्रोग्राम (GTTP) 'पंच कर्म संकल्प' के तहत एक प्रमुख पहल है। इस कार्यक्रम की घोषणा 22 मई, 2023 को की गई थी।

## दुनिया का पहला कार्बन रिमूवल बॉन्ड जारी

- विश्व बैंक ने अमेज़न पुनर्वनीकरण के लिए धन जुटाने हेतु दुनिया का पहला कार्बन रिमूवल बॉन्ड जारी किया है।
- इस बॉन्ड का लक्ष्य निवेशकों के वित्तीय रिटर्न को वायुमंडल से हटाए गए कार्बन की मात्रा से जोड़कर अमेज़न वर्षावन को बचाने का प्रयास करना है।
- यह अमेज़न में पुनर्वनीकरण के लिए धन जुटाने में मदद करेगा।
- यह बॉन्ड खरीदारों का रिटर्न वनों की कटाई पर अंकुश लगाने के माध्यम से बचाए गए उत्सर्जन के बजाय नए पेड़ों के जलवायु प्रभाव से जुड़ा होगा।

## क्लाइमेट क्लब (Climate Club)

- हाल ही में, ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड ने क्षेत्र में स्वच्छ ऊर्जा ट्रांजीशन का समर्थन करने के लिए संयुक्त आर्थिक और ऊर्जा प्रतिबद्धताओं की घोषणा की।
- ऑस्ट्रेलिया ने एक संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस में घोषणा की कि न्यूजीलैंड, क्लाइमेट क्लब (Climate Club) में ऑस्ट्रेलिया के साथ शामिल होगा।
- यह 2022 में स्थापित एक पहल है जो औद्योगिक डीकार्बोनाइजेशन और नेट जीरो उत्सर्जन को आगे बढ़ाने पर केंद्रित है।
- क्लाइमेट क्लब को COP28 में जलवायु कार्रवाई और उद्योग डीकार्बोनाइजेशन में तेजी लाने के लिए एक अग्रणी हाई एम्बिशन इंटर-गवर्नमेंटल फोरम के रूप में लॉन्च किया गया था।
- इसका उद्देश्य पेरिस समझौते और उसके तहत लिए गए निर्णयों के प्रभावी रूप से लागू करने का समर्थन करना है।
- क्लाइमेट क्लब के सदस्य महत्वाकांक्षी और पारदर्शी मिटिगेशन नीतियों पर अपने आकलन और अनुभव को साझा करेंगे।
- वर्तमान में इसमें 41 सदस्य शामिल हैं।
- नोट: भारत इसका सदस्य देश नहीं है।

◆◆◆◆

# 10 इंडेक्स एवं रिपोर्ट्स

## नेशनल इंस्टीट्यूशनल रैंकिंग फ्रेमवर्क (NIRF) 2024

- इसे केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय द्वारा 12 अगस्त 2024 को जारी किया गया।
- इस वर्ष 16 श्रेणियों (तीन नए वर्गों- राज्य सार्वजनिक विश्वविद्यालयों, मुक्त विश्वविद्यालयों और कौशल विश्वविद्यालयों) में रैंकिंग जारी की गई।

| श्रेणी | संस्थान |
|---|---|
| उच्चतर शिक्षा संस्थानों के लिए समग्र श्रेणी | आईआईटी मद्रास |
| विश्वविद्यालय | भारतीय विज्ञान संस्थान (IISC) बेंगलुरु |
| प्रबंधन | भारतीय प्रबंधन संस्थान (IIM), अहमदाबाद |
| मेडिकल | एम्स, दिल्ली |
| कॉलेज | हिंदू कॉलेज, दिल्ली |
| ओपन यूनिवर्सिटी | इग्नू |
| राज्य सार्वजनिक विश्वविद्यालय | अन्ना विश्वविद्यालय, चेन्नई |

- NIRF पांच प्रमुख मापदंडों के अनुसार संस्थानों का मूल्यांकन करता है: शिक्षण, सीखना और संसाधन; अनुसंधान और पेशेवर अभ्यास; स्नातक परिणाम; आउटरीच और समावेशिता; और धारणा।

## विश्व विकास रिपोर्ट 2024

- यह रिपोर्ट विश्व बैंक द्वारा 1 अगस्त 2024 को जारी की गई।
- इस रिपोर्ट के अनुसार भारत और चीन सहित 100 से अधिक देशों को तथाकथित मध्यम आय के जाल में फंसने की बढ़ती आशंकाओं के बीच उच्च आय वाली विकसित अर्थव्यवस्थाओं में अपग्रेड होने में "गंभीर बाधाओं" का सामना करना पड़ रहा है।
- रिपोर्ट में कहा गया है, यदि मध्यम आय वाले देश अपने आर्थिक मॉडल में बदलाव नहीं करते हैं, तो चीन को प्रति व्यक्ति अमेरिकी आय का एक-चौथाई तक पहुंचने में 10 साल से अधिक, इंडोनेशिया को 70 साल और भारत को 75 साल लगेंगे।
- इस रिपोर्ट ने भारत के 2047 तक विकसित राष्ट्र बनने के लक्ष्य को सराहनीय बताया गया है।
- इसके तहत 1990 के बाद से, केवल 34 मध्यम आय वाले देश उच्च आय श्रेणी में छलांग लगा चुके हैं।

## QCI सुराज्य मान्यता और रैंकिंग फ्रेमवर्क

- इसकी शुरुआत भारतीय गुणवत्ता परिषद (QCI) द्वारा की गई है।
- इसे भारत के लिए नागरिकों के जीवन की गुणवत्ता में सुधार लाने हेतु राज्यों के बीच उत्कृष्टता को बढ़ावा देने के लिए डिज़ाइन किया गया है।
- इस फ्रेमवर्क को चार स्तंभों के अंतर्गत वर्गीकृत किया गया है: शिक्षा, स्वास्थ्य, समृद्धि, और सुशासन।
- अगस्त 2024 की रैंकिंग शिक्षा, स्वास्थ्य और समृद्धि पर केंद्रित है, जिसमें सुशासन भविष्य के संस्करणों में शामिल होगा।
- शिक्षा श्रेणी में, उत्तर प्रदेश सबसे अधिक मान्यता, मूल्यांकन और रेटिंग के साथ सबसे आगे है।
- स्वास्थ्य श्रेणी में छत्तीसगढ़, कर्नाटक, केरल, राजस्थान, मिजोरम और मणिपुर आयुष्मान आरोग्य योजना में पूर्ण प्रमाणन के साथ अग्रणी हैं।
- समृद्धि श्रेणी में, गुजरात, कर्नाटक और राजस्थान ZED प्रमाणन की सबसे अधिक संख्या के साथ अग्रणी हैं (विशेष रूप से माइक्रो श्रेणी में)।
- केंद्र शासित प्रदेशों में चंडीगढ़ आयुष्मान आरोग्य योजना में अग्रणी है।

## यात्रा और पर्यटन विकास सूचकांक 2024

- यह रिपोर्ट विश्व आर्थिक मंच द्वारा प्रकाशित की जाती है।
- इसमें भारत 119 देशों में 39वें स्थान पर है।
- भारत में 14.3 मिलियन अंतर्राष्ट्रीय पर्यटक आए। यह अंतर्राष्ट्रीय इनबाउंड पर्यटन बाजार हिस्सेदारी का 1.47% है।
- एशिया और प्रशांत क्षेत्र में भारत के अंतर्राष्ट्रीय पर्यटकों के आगमन की हिस्सेदारी 2022 में 15.66% रही है।
- भारत के स्कोर में तीन क्षेत्रों में सुधार हुआ है। ये क्षेत्र यात्रा एवं पर्यटन, सुरक्षा एवं संरक्षा तथा स्वास्थ्य एवं स्वच्छता है।

## भारत की रेन्युबल एनर्जी क्षमता में एक दशक में 165% की वृद्धि

- केंद्रीय मंत्री प्रल्हाद जोशी ने राज्यसभा में कहा कि भारत में रेन्युबल एनर्जी की इन्सटाल्ड क्षमता में पिछले एक दशक में 165% की वृद्धि हुई है।
- यह 2014 में 76.38 गीगावाट (GW) से बढ़कर 2024 में 203.1 गीगावाट (GW) हो गई है।
- भारत अक्षय ऊर्जा/रेन्युबल एनर्जी क्षमता के मामले में वैश्विक स्तर पर चौथे स्थान पर है।
- भारत पवन ऊर्जा क्षमता में चौथे और सोलर पीवी क्षमता में पांचवें स्थान पर रहा।
- भारत ने पहली बार गैर-जीवाश्म ईंधन स्रोतों से ऊर्जा उत्पादन की 200 गीगावाट क्षमता को पार कर लिया है, जिसमें निम्नलिखित घटक शामिल है-
  - सौर ऊर्जा: 85.47 गीगावाट
  - बड़ी जलविद्युत परियोजना: 46.93 गीगावाट

- पवन ऊर्जा: 46.66 गीगावाट
- जैव ऊर्जा: 10.95 गीगावाट
- छोटी जलविद्युत परियोजना: 5.00 गीगावाट

- सौर ऊर्जा क्षमता मार्च 2014 की 2.82 गीगावाट से बढ़कर जून 2024 तक 85.47 गीगावाट हो गई है। (लगभग 30 गुना वृद्धि)
- भारत ने 2030 तक गैर-जीवाश्म स्रोतों से 500 गीगावाट स्थापित बिजली क्षमता उत्पादन का लक्ष्य रखा है।
- कुल स्थापित ऊर्जा क्षमता में थर्मल स्रोतों की हिस्सेदारी 2013-14 की 67.69% से घटकर 2024-25 (जून 2024 तक) में 54.46% हो गई है।
- भारत में कुल स्थापित क्षमता में गैर-जीवाश्म ईंधन की हिस्सेदारी 32.30% से बढ़कर 45.54% हो गई है।

## व्यापार सांख्यिकी रिपोर्ट 2023

- यह रिपोर्ट विश्व व्यापार संगठन द्वारा जारी की गई।
- भारत ने 2022 में अपने कृषि निर्यात में 55 बिलियन डॉलर से 2023 में 51 बिलियन डॉलर की गिरावट के बावजूद वैश्विक कृषि निर्यात में 8वें स्थान पर है।
- यूरोपीय संघ (836 बिलियन डॉलर के निर्यात के साथ) इस रिपोर्ट में पहले स्थान पर है।
- शीर्ष 10 में अन्य सात अर्थव्यवस्थाओं ने कृषि उत्पादों के अपने निर्यात में कमी हुई है।
- शीर्ष दस निर्यातकों की वर्ष 2023 में विश्व निर्यात में 71.9% हिस्सेदारी है।
- लाल सागर संकट और रूस-यूक्रेन युद्ध जैसे भू-राजनीतिक कारकों के कारण भारत में कृषि निर्यात में कमी आई है।
- इसके अलावा कनाडा, मैक्सिको, इंडोनेशिया और ऑस्ट्रेलिया शीर्ष दस कृषि निर्यातकों में शामिल हैं।

## 'भारत में महिलाएँ और पुरुष 2023' रिपोर्ट

- यह रिपोर्ट केंद्रीय सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय (MoSPI) द्वारा जारी की गई।
- यह रिपोर्ट भारत में महिलाओं और पुरुषों की स्थिति के बारे में समग्र दृष्टिकोण प्रस्तुत करती है और जनसंख्या, शिक्षा, स्वास्थ्य, अर्थव्यवस्था में भागीदारी, निर्णय लेने में भागीदारी जैसे विषयों की एक विस्तृत सीरीज पर डेटा प्रदान करती है।
- इसके अनुसार 2036 तक भारत की जनसंख्या 152.2 करोड़ तक पहुँचने की उम्मीद है, जिसमें 48.8% महिलाएं होंगी।
- वर्ष 2011 में महिलाओं का अनुपात 48.5 प्रतिशत था।
- वर्ष 2011 से 2036 की अवधि में 15 वर्ष से कम आयु के व्यक्तियों का अनुपात घटने का अनुमान है (प्रजनन दर में गिरावट के कारण) और 60 वर्ष और उससे अधिक आयु की आबादी के अनुपात में वृद्धि होने का अनुमान है।
- लिंग अनुपात 2011 के 943 से बढ़कर 2036 तक 952 होने का अनुमान है।

## बहुआयामी भेद्यता सूचकांक (MVI)

- इसे संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा लॉन्च किया गया।
- यह लघु द्वीपीय देशों और विकासशील देशों को कम ब्याज दर पर वित्तपोषण प्राप्त करने में मदद करेगा।
- यह सूचकांक सकल घरेलू उत्पाद (GDP) और अन्य विकास के मेट्रिक्स के पूरक के रूप में कार्य करेगा।
- यह सूचकांक अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय संस्थानों को एक अन्य वित्तीय इंस्ट्रूमेंट तक पहुँच प्रदान करता है जो आर्थिक, जलवायु और स्वास्थ्य संबंधी व्यवधानों सहित बाहरी झटकों के प्रति आकलन करता है।
- यह वित्तीय सहायता के लिए किसी देश की पात्रता निर्धारित करने में ऋणदाता संस्थाओं को बेहतर मार्गदर्शन प्रदान करने में सकल घरेलू उत्पाद के पूरक के रूप में कार्य करेगा।

## फॉर्च्यून की ग्लोबल 500 सूची 2024

- रिलायंस इंडस्ट्रीज 2024 के लिए फॉर्च्यून की ग्लोबल 500 सूची में 86वें स्थान पर है। (वर्ष 2023 में 88वाँ स्थान)
- 2021 में 155वें स्थान से, कंपनी पिछले तीन वर्षों में 69 पायदान ऊपर चढ़ी है।
- इस साल की फॉर्च्यून ग्लोबल 500 सूची में 9 भारतीय कंपनियां शामिल हैं।
- इसमें से 5 सार्वजनिक क्षेत्र (आईओसीएल, एलआईसी, ओएनजीसी, बीपीसीएल और एसबीआई) से हैं और चार निजी क्षेत्र से हैं।
- इस सूची में कंपनियों को उनके संबंधित वित्तीय वर्षों के लिए कुल राजस्व के आधार पर रैंक किया गया है जो 31 मार्च, 2024 को या उससे पहले समाप्त हुए हैं।

| फॉर्च्यून ग्लोबल 500 सूची की शीर्ष 5 कंपनियाँ |
|---|
| 1. वॉलमार्ट (अमेरिका) |
| 2. अमेज़न.कॉम (अमेरिका) |
| 3. स्टेट ग्रिड (चीन) |
| 4. सऊदी अरामको (सऊदी अरब) |
| 5. सिनोपेक (चीन) |

## इंडिया मोस्ट वैल्यूएबल फैमिली बिजनेस लिस्ट 2024

- यह लिस्ट बार्कलेज-हुरून इंडिया द्वारा जारी की गई।
- इसके अनुसार देश में सबसे वैल्यूएबल फैमिली बिजनेस की लिस्ट में अंबानी फैमिली पहले स्थान पर है।
- अंबानी फैमिली की वैल्यूएशन ₹25.75 ट्रिलियन है, यह भारत की GDP का लगभग 10% है।
- इस वैल्यूएशन में प्राइवेट इन्वेस्टमेंट और लिक्विड एसेट्स को शामिल नहीं किया गया है।
- नाडार फैमिली की रोशनी नाडार मल्होत्रा टॉप-10 फैमिली बिजनेसेस की लिस्ट में एकमात्र महिला हैं।

## भारत की टॉप-5 वैल्यूएबल फैमिली बिजनेस

| रैंक | फैमिली | कंपनी | वैल्यू (₹ ट्रिलियन) |
|---|---|---|---|
| 1. | अंबानी फैमिली | रिलायंस इंडस्ट्रीज | 25.75 |
| 2. | बजाज फैमिली | बजाज ग्रुप | 7.12 |
| 3. | बिरला फैमिली | आदित्य बिरला ग्रुप | 5.38 |
| 4. | जिंदल फैमिली | JSW स्टील | 4.71 |
| 5. | नाडार फैमिली | HCL टेक | 4.3 |

- 2024 बार्कलेज प्राइवेट क्लाइंट्स हुरुन इंडिया मोस्ट वैल्यूएबल फैमिली बिजनेस की लिस्ट में फर्स्ट जनरेशन की फैमिलीज शामिल नहीं हैं।
- अडाणी फैमिली 15.44 ट्रिलियन रुपए की वैल्यू के साथ सबसे वैल्यूएबल फर्स्ट जनरेशन फैमिली बिजनेस की लिस्ट में पहले स्थान पर है।
- भारत की सबसे वैल्यूएबल नॉन-लिस्टेड कंपनी है हल्दीराम स्नैक्स (वैल्यू 63,000 करोड़ रुपए)
- रियल एस्टेट की मेजर कंपनियां DLF लिमिटेड (2,04,500 करोड़ रुपए) सबसे वैल्यूएबल रियल एस्टेट फैमिली बिजनेस हैं।

## नवीनतम खाद्य और पेय रिपोर्ट 2024

- यह रिपोर्ट ब्रांड फाइनेंस द्वारा जारी की गई।
- इसमें सबसे मूल्यवान और सबसे मजबूत खाद्य, डेयरी और गैर-अल्कोहल पेय ब्रांडों की सूची जारी की गई।
- इसके अनुसार, अमूल को दुनिया में सबसे मजबूत खाद्य ब्रांड का दर्जा दिया गया है। (वर्ष 2023: दूसरा स्थान)
- नोट: अमूल को पहले से ही दुनिया में नंबर एक डेयरी ब्रांड का दर्जा प्राप्त है।
- अमूल का ब्रांड स्ट्रेंथ इंडेक्स 100 में से 91 है और इसकी AAA+ रेटिंग है।
- अमूल का ब्रांड मूल्य 11% बढ़कर $3.3 बिलियन हो गया।
- अमूल का ब्रांड मूल्य 2023 में 11% बढ़ा। अब यह 2024 की रैंकिंग में $3.3 बिलियन है।
- नेस्ले (20.8 बिलियन डॉलर) दुनिया का सबसे मूल्यवान खाद्य ब्रांड है।
- गैर-अल्कोहल पेय पदार्थों के बाजार में कोका-कोला पहले स्थान पर है।

## सार्वजनिक इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग स्टेशन (PEVCS) संबंधी रिपोर्ट

- यह रिपोर्ट ब्यूरो ऑफ़ एनर्जी एफ़िशिएंसी (BEE) द्वारा जारी की गई।
- इसके अनुसार कर्नाटक में भारत में सबसे ज़्यादा सार्वजनिक इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग स्टेशन (PEVCS) हैं।
- कर्नाटक में 5,765 PEVCS हैं, जिनमें से 4,462 बेंगलुरु शहर में हैं।
- कर्नाटक वर्ष 2017 में इलेक्ट्रिक वाहन नीति जारी करने वाला देश का पहला राज्य था।

◆◆◆◆

# 11 महत्त्वपूर्ण दिवस

## विश्व स्तनपान सप्ताह

- प्रतिवर्ष 1 से 7 अगस्त तक 120 से अधिक देशों में विश्व स्तनपान सप्ताह मनाया जाता है।
- यह माँ और बच्चे दोनों के लिए स्तनपान के लाभों को प्रोत्साहन देने के लिए मनाया जाता है।
- वर्ष 2024 मे इसका विषय "अंतर को कम करना: सभी के लिए स्तनपान समर्थन" है।
- स्तनपान से कोलोस्ट्रम प्राप्त होता है। कोलोस्ट्रम नवजात और बच्चों को बीमारी से बचाता है। यह उन्हें प्रतिरक्षा प्रदान करता है।

## राष्ट्रीय तरबूज दिवस

- यह प्रतिवर्ष 3 अगस्त को मनाया जाता है।
- तरबूज की खेती 2000 ईसा पूर्व से की जा रही है। तरबूज की पहली फसल लगभग 5,000 वर्ष पहले मिस्र में उगाई गई थी।
- तरबूज में 92% पानी होता है।

## भारतीय अंगदान दिवस

- यह प्रतिवर्ष 3 अगस्त को मनाया जाता है।
- यह दिवस अंग दान के बारे में जागरूकता फैलाने और अंग दान के क्षेत्र में काम करने वाले चिकित्सा पेशेवरों के योगदान का सम्मान करने के लिए मनाया जाता है।
- इस दिवस को मनाने हेतु स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के द्वारा अंगदान जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है।
- नोट: एक व्यक्ति मृत्यु के बाद अपने अंगदान करके आठ लोगों को जीवन दे सकता है।

## राष्ट्रीय हथकरघा दिवस

- यह प्रतिवर्ष 7 अगस्त को मनाया जाता है।
- यह 1905 में स्वदेशी आंदोलन की शुरुआत की याद में मनाया जाता है।
- यह सामाजिक-आर्थिक विकास में हथकरघा उद्योग के योगदान को मान्यता देने और उद्योग के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए भी मनाया जाता है।
- राष्ट्रीय हथकरघा दिवस कपड़ा मंत्रालय के तत्वावधान में मनाया जाता है।

## राष्ट्रीय भाला फेंक दिवस

- यह प्रतिवर्ष 7 अगस्त को मनाया जाता है।
- यह दिवस नीरज चोपड़ा के स्वर्ण पदक जीतने के उपलक्ष्य में मनाया जाता है।
- नीरज चोपड़ा ने टोक्यो ओलम्पिक 2020 की पुरुषों की भाला फेंक स्पर्धा के फाइनल में 87.58 मीटर की दूरी तक भाला फेंककर स्वर्ण पदक जीता था।
- यह ओलंपिक में ट्रैक और फील्ड स्पर्धाओं में भारत का पहला स्वर्ण पदक था।

## अंतर्राष्ट्रीय आदिवासी दिवस (International Day of the World's Indigenous Peoples)

- यह प्रतिवर्ष 9 अगस्त को मनाया जाता है।
- यह दिवस आदिवासी आबादी के अधिकारों को बढ़ावा देने और उनकी सुरक्षा के उद्देश्य से मनाया जाता है।
- संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 23 दिसंबर 1994 को एक प्रस्ताव पारित कर 9 अगस्त को यह दिवस मनाने का निर्णय लिया था।
- पहला अंतर्राष्ट्रीय आदिवासी दिवस 9 अगस्त 1995 को मनाया गया था।
- वर्ष 2024 का विषय (थीम) 'स्वैच्छिक अलगाव और प्रारंभिक संपर्क में आदिवासी लोगों के अधिकारों की रक्षा' (Protecting the Rights of Indigenous Peoples in Voluntary Isolation and Initial Contact) है।

## विश्व जैव ईंधन दिवस

- यह प्रतिवर्ष 10 अगस्त को मनाया जाता है।
- इसका उद्देश्य पारंपरिक जीवाश्म ईंधनों के विकल्प के रूप में गैर-जीवाश्म ईंधनों के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाना है।
- वर्ष 2024 का विषय (थीम) 'टिकाऊ जैव ईंधन: हरित भविष्य को बढ़ावा देना' (Sustainable Biofuels: Fueling a Greener Future) है।

## विश्व शेर दिवस

- यह प्रतिवर्ष 10 अगस्त को मनाया जाता है।
- इसे शेरों के संरक्षण के महत्व के बारे में लोगों में जागरूकता बढ़ाने के लिए मनाया जाता है।
- पहला विश्व शेर दिवस 2013 में मनाया गया था।
- इसकी सह-स्थापना बिग कैट इनिशिएटिव और नेशनल जियोग्राफ़िक के डेरेक और बेवर्ली जौबर्ट ने साझेदारी में की थी।
- प्रोजेक्ट लायन की घोषणा 15 अगस्त, 2020 को की गई थी। इसका उद्देश्य एशियाई शेरों के भविष्य को सुरक्षित करना है।

## विश्व हाथी दिवस

- यह प्रतिवर्ष 12 अगस्त को मनाया जाता है।
- एशियाई और अफ्रीकी हाथियों की घटती संख्या की ओर तत्काल ध्यान आकृष्ट करने के लिए यह दिवस 2012 से मनाया जा रहा है।
- वर्ष 2024 का विषय (theme) 'प्रागैतिहासिक सौंदर्य, धार्मिक प्रासंगिकता और पर्यावरणीय महत्व को व्यक्त करना' (Personifying Prehistoric Beauty, Theological Relevance, and Environmental Importance) है।

## अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस

- यह प्रतिवर्ष 12 अगस्त को मनाया जाता है।
- इस दिवस को मनाने का उद्देश्य युवाओं के मुद्दों और उनकी बातों पर सरकार का ध्यान आकर्षित करना है।
- वर्ष 2024 का विषय (थीम) "क्लिक्स से प्रगति तक: सतत विकास के लिए युवा डिजिटल रास्ते." (From Clicks to Progress: Youth Digital Pathways for Sustainable Development.) है।
- संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 1999 में यह दिवस मनाये जाने का फैसला किया था।
- यह दिवस पहली बार वर्ष 2000 में मनाया गया।

## विश्व अंगदान दिवस

- यह प्रतिवर्ष 13 अगस्त को मनाया जाता है।
- यह अंग दाताओं की महत्वपूर्ण आवश्यकता के बारे में जागरूकता बढ़ाता है और दाता पंजीकरण को बढ़ावा देता है।
- प्रत्येक दानकर्ता 8 लोगों का जीवन बचा सकता है तथा 75 से अधिक लोगों के स्वास्थ्य में सुधार ला सकता है।
- वर्ष 2024 की विषय "आज किसी की मुस्कान का कारण बनें!" है।

## विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस 2024

- यह प्रतिवर्ष 14 अगस्त को मनाया जाता है।
- पीएम मोदी ने 2021 में 14 अगस्त को विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस' के रूप में मनाये जाने की घोषणा की थी।
- यह दिन विभाजन के दौरान भारत के लोगों द्वारा झेले गए दर्द और पीड़ा की याद दिलाता है।

## विश्व मानवतावादी दिवस

- यह प्रतिवर्ष 19 अगस्त को मनाया जाता है।
- इस दिवस को मनाने का उद्देश्य मानव मात्र की सेवा में अपना पूरा जीवन लगाने वाले कार्मिकों को उचित सम्मान देना है।
- वर्ष 2024 का विषय (थीम) 'एक्ट फॉर ह्यूमैनिटी' (Act For Humanity) है।
- संयुक्त राष्ट्र महासभा ने वर्ष 2008 में यह दिवस मनाए जाने की शुरूआत की थी।

## विश्व मच्छर दिवस 2024

- यह प्रतिवर्ष 20 अगस्त को मनाया जाता है।
- वर्ष 2024 का विषय (थीम) "अधिक न्यायसंगत दुनिया के लिए मलेरिया के खिलाफ लड़ाई को तेज करना" है।
- वर्ष 1897 में, सर रोनाल्ड रॉस ने पाया कि मलेरिया परजीवी एनाफिलीज मच्छरों द्वारा मनुष्यों में फैलता है।
- विश्व मच्छर दिवस का आयोजन लंदन स्कूल ऑफ हाइजीन एंड ट्रॉपिकल मेडिसिन द्वारा प्रतिवर्ष किया जाता है।

## सद्भावना दिवस 2024

- यह प्रतिवर्ष 20 अगस्त को राजीव गांधी की जयंती को हर साल सद्भावना दिवस के रूप में मनाया जाता है।
- यह एक समृद्ध, एकजुट और शांतिपूर्ण भारत के दृष्टिकोण की याद दिलाता है।
- सद्भावना दिवस पहली बार 20 अगस्त 1992 को मनाया गया था।
- अंतर्राष्ट्रीय, आतंकवाद पीड़ित स्मृति एवं श्रद्धांजली दिवस (International Day of Remembrance and Tribute to the Victims of Terrorism)
- यह प्रतिवर्ष 21 अगस्त को मनाया जाता है।
- यह दिवस आतंकवाद के शिकार हो गए और जीवित बचे लोगों की आवाज़ें सुनने और उन्हें अपनी आवाज़ बुलंद करने में सहयोग देने के उद्देश्य से मनाया जाता है।
- संयुक्त राष्ट्र ने इस दिवस को मनाये जाने की घोषणा 2017 में की थी।
- वर्ष 2018 में पहला 'अंतर्राष्ट्रीय, आतंकवाद पीड़ित स्मृति एवं श्रद्धांजली दिवस' मनाया गया।

## विश्व वरिष्ठ नागरिक दिवस

- यह प्रतिवर्ष वर्ष 21 अगस्त को मनाया जाता है।
- यह दिवस बुजुर्गों को सम्मान देने के उद्देश्य से मनाया जाता है।
- संयुक्त राष्ट्र महासभा ने विश्व वरिष्ठ नागरिक दिवस के रूप में मनाने की घोषणा दिसंबर 1990 में की थी।

## राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस

- भारत ने 23 अगस्त, 2024 को अपना पहला राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस (National Space Day) मनाया।
- इसकी थीम "चंद्र के स्पर्श से जीवन की अनुभूति: भारत की अंतरिक्ष गाथा (Touching Lives while Touching the Moon: India's Space Saga)" है।
- भारत 23 अगस्त, 2023 को चंद्रमा पर सॉफ्ट लैन्डिंग करने वाला चौथा देश बना और दक्षिणी ध्रुवीय क्षेत्र तक पहुंचने वाला पहला देश बन गया।
- चंद्रमा पर लैंडिंग स्थल का नाम 'शिव शक्ति' पॉइंट (स्टैटियो शिव शक्ति) रखा गया है।
- इस ऐतिहासिक उपलब्धि के उपलक्ष्य में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने वर्ष 2023 में 23 अगस्त को "राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस" के रूप में घोषणा की।

## विश्व जल सप्ताह 2024

- इसका आयोजन 25 से 29 अगस्त तक किया जा रहा है।
- वर्ष 2024 का विषय (थीम) 'सीमाओं को पाटना: शांतिपूर्ण और सतत भविष्य के लिए जल' है।
- स्टॉकहोम इंटरनेशनल वाटर इंस्टीट्यूट (SIWI) हर साल विश्व जल सप्ताह का आयोजन करता है।

650+ Selection RAS 2021

सम्यक् मार्गदर्शन=सर्वश्रेष्ठ परिणाम

**Samyak**
An Institute For Civil Services

## राजस्थान में पहली बार TOP 10 में 9 TOPPERS



1st RANK VIKRANT SHARMA

RANK 2 PRIYA BAJAJ | RANK 4 VISHWAJEET | RANK 5 BHARTI GUPTA | RANK 6 AKANSHA DUBEY | RANK 7 KANCHAN CHOUDHARY | RANK 8 SHUBHAM SHARMA | RANK 9 NIDHI UDSARIA | RANK 10 SATYA NARAYAN

## सिविल सेवा की तैयारी को समर्पित संस्थान

# RAS FOUNDATION | PSI Paper: 1st & 2nd

Online | Offline | Live From Classroom | Separate Batches For Hindi & English Medium

**Kaizen** After Class 12th

# IAS & RAS

**3 Years Integrated Course Along with Graduation**

• Library Facility • Online Course Free with Offline Course
• Classes By Subject Experts • Study Materials
• Printed Booklets • Regular Test Papers Pre & Mains

**ONLINE COURSES AVAILABLE ON SAMYAK APP**

- Live & Recorded Classes
- Personal Mentorship
- Test Series & Solution
- Toppers' Strategic Sessions

Download & Join
GET IT ON Google Play

## ADMISSION OPEN

## राजस्थान में पहली बार IAS/RAS की तैयारी के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ आवासीय कोचिंग

**Samyak® Gurukul**
A Residential Coaching For Civil Services



GIT CAMPUS: SITAPURA INDUSTRIAL AREA, JAIPUR

Scan QR Code
Know More About Gurukul

*From Today's Aspirants to Tomorrow's Administrators*

## Optional Batches For IAS MAINS

**PSIR** By Abhishek Jain | **SOCIOLOGY** By Shrey Mishra | **GEOGRAPHY** By Digvijay Singh

**Exclusive Features** ▶ Full Syllabus Coverage Through Dialectical Approach | Interlinking Techniques Of Syllabus
Personal Mentorship | Pyqs & Test Paper Discussion | Weekly Sectional & Full Length Test

**Batch Starts With 3 Days Free Demo Class**

OFFLINE & LIVE FROM CLASSROOM

# IAS FOUNDATION

Hindi & English Medium
**Duration: 11 Month**
Limited Size of Batch

**Samyak**
An Institute For Civil Services

NEAR RIDDHI SIDDHI GOPALPURA, JAIPUR
**9875170111**